सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:22

आज का तापमान

शिमला 8.0 न्यू 17.0 अधि
धर्मशाला 9.5 न्यू 25.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स 84,482
निफ्टी 25,816
सोना 1,32,454 चांदी 2,01,250

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025 | 4 पौष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 353, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज़ शॉर्ट्स

### सुकमा में मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

**एजेंसी, रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के गोलापल्ली क्षेत्र के जंगलों में वीरवार सुबह से नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में महिला नक्सली सहित तीन नक्सली मारे गए हैं, जबकि कई अन्य के घायल हैं। सुकमा पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने मुठभेड़ और तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। सुकमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार मारे गए नक्सली किस्टाराम एरिया कमेटी के सदस्य हैं, जिनमें माड़वी जोगा उर्फ मुन्ना उर्फ जगत-एसीएम, सोढ़ी बंडी-एसीएम तथा महिला नक्सली तुप्पो बजनी-एसीएम शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों की डीआरजी की टीम ने जंगल को घेरकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। मुठभेड़ के दौरान दोनों ओर से रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि ऑपरेशन अभी जारी है और क्षेत्र में स्थिति पर नजर रखी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### दो बांग्लादेशी नौकाएं व 35 मछुआरे अरेस्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल के जहाज 'अनमोल' ने बंगाल की खाड़ी में दो बांग्लादेशी नावें पकड़कर 35 मछुआरों को गिरफ्तार किया है। ये बांग्लादेशी मछुआरे भारतीय एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन (ईईजेड) में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे थे। इनके पास से 500 किलो मछलियां भी बरामद की गई हैं। आईसीजी ने पिछले तीन महीनों में ऐसी 8 नावें पकड़ी हैं। आईसीजी के कमांडेंट अमित उनियाल ने बताया कि जहाज 'अनमोल' ने 16 दिसंबर को बंगाल की उत्तरी खाड़ी में नियमित निगरानी के दौरान ऑपरेशन करते हुए भारतीय क्षेत्र के अंदर अवैध रूप से मछली पकड़ते हुए दो बांग्लादेशी नावों को पकड़ा। इन नावों पर सवार 35 मछुआरों को मैरीटाइम जोन ऑफ इंडिया एक्ट, 1981 के उल्लंघन में गिरफ्तार किया गया। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली में सिर्फ बीएस-6 गाड़ियों को ही एंट्री

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए बुधवार-वीरवार रात 12 बजे से ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान का चौथा फेज लागू हो गया है। इसके तहत कई सख्त नियम लगाए गए हैं। दिल्ली में सिर्फ बीएस-6 इंजन वाली गाड़ियों को एंट्री मिल रही है। इससे कम मानक वाले, दिल्ली के बाहर की गाड़ियों को शहर में आने नहीं दिया जा रहा है। इस फैसले से दिल्ली में बाहर से रोजाना आने-जाने वाली 12 लाख गाडियों पर असर पड़ा है। नोएडा से 4 लाख से ज्यादा, गुरुग्राम से 2 लाख और गाजियाबाद से 5.5 लाख वाहनों को दिल्ली में आने से बैन कर दिया गया है। दिल्ली में 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' नियम भी लागू हो गया है। पॉल्युशन अंडर कंट्रोल (पीयूसी) सर्टिफिकेट के बिना गाड़ियों को पेट्रोल, डीजल नहीं दिया जा रहा है। गाड़ियों की पहचान के लिए पेट्रोल पंपों पर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रीडर कैमरे लगाए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

कंडक्टर ने नहीं काटा टिकट पूछने पर इंस्पेक्टर से हाथापाई -पेज 2
बदले की राजनीति से काम कर रही कांग्रेस सरकार : जयराम -पेज 3
धर्माणी ने काठगढ़ मंदिर में किया 'इंदौरा उत्सव' का शुभारंभ -पेज 4
चिट्टे के खिलाफ अब बिलासपुर में 26 को निकाला जाएगा वॉकथॉन -पेज 6
क्रिसमस से पहले मनाली व लाहौल में बढ़ी पर्यटकों की तादाद -पेज 11

# लोकसभा में हंगामे के बीच 'जी राम जी' विधेयक पास

## मनरेगा की लेगा जगह, हर साल 125 दिन के रोजगार की गारंटी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लोकसभा में वीरवार को हंगामे के बीच 'विकसित भारत- रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) के लिए गारंटी' (वीबी-जी राम जी) विधेयक-2025 को ध्वनिमत से पारित किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार और उत्पाद की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। विधेयक को पारित करने के बाद लोकसभा की कार्यवाही को दिनभर तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

यह विधेयक मौजूदा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह लेने के लिए लाया गया है। यह नया प्रस्तावित ग्रामीण रोजगार कानून गांवों में प्रति परिवार साल में 125 दिन का रोजगार प्रदान करेगा। इसके खर्च में केंद्र का 60 प्रतिशत और राज्यों का 40 प्रतिशत योगदान रहेगा। वहीं पहाड़ी राज्यों में यह अनुपात 90-10 का होगा।

बिल पर चर्चा का उत्तर देते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मनरेगा की खामियां बताईं और कहा कि राज्यों ने श्रम पर अधिक और सामग्री की खरीद पर कम खर्च किया है। उन्होंने कहा कि नई योजना के तहत विशाल धनराशि का प्रावधान किया गया है। इस विशाल धनराशि के आवंटन के माध्यम से हम न केवल बेहतर रोजगार के अवसर पैदा करेंगे व अधिक नौकरियां सृजित करेंगे, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेंगे कि इन संसाधनों का प्रभावी उपयोग विकसित भारत मॉडल गांवों के विकास के लिए किया जाए।

वहीं मनरेगा के स्थान पर 'वीबी-जी राम जी' विधेयक लाने के विरोध में विपक्षी दलों के सांसदों ने संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने पत्रकारों से कहा कि यह केवल मनरेगा का नाम बदलने का मामला नहीं है, बल्कि काम के अधिकार को छीने जाने का प्रयास है।

उन्होंने कहा कि सरकार अपनी मनमर्जी से काम देगी और बाद में कहकर काम देने से मना कर देगी कि अभी डिमांड नहीं है। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार ने भारत के गांवों में सामाजिक और आर्थिक बदलाव लाने वाले काम के अधिकार को कुचलने का प्रयास किया है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस ने 2009 में चुनावी फायदे के लिए नरेगा में जोड़ा था महात्मा गांधी का नाम : शिवराज चौहान



**विधयक** के नाम को लेकर हो रहे विवाद पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि नरेगा से पहले भी लगातार सरकारों ने रोजगार गारंटी योजनाएं शुरू की थीं। वर्ष 2009 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए महात्मा गांधी का नाम नरेगा में जोड़ा गया था। उन्होंने प्रियंका गांधी के आरोपों के जवाब में उन योजनाओं को गिनाया जिसमें नेहरू और गांधी का नाम था। चौहान ने कांग्रेस पर गांधी के आदर्शों का अनादर करने का आरोप लगाया। चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने भारत विभाजन को स्वीकार किया। कांग्रेस ने पार्टी भंग करने के गांधीजी के आह्वान को अस्वीकार कर दिया था।

### विधेयक गरीब-मजदूरों के खिलाफ : प्रियंका



**कांग्रेस** की राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा से पारित वीबी-जी राम जी विधेयक को गरीब विरोधी बताया है। प्रियंका ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि इस विधेयक से मनरेगा खत्म होने जा रहा है। हम इसका पूरी तरह विरोध करेंगे। इसमें लोगों की मजदूरी के दिन 100 से बढ़कर 125 दिन कर देना सिर्फ एक चालाकी है। जैसे ही इस विधेयक के खर्च का बोझ राज्य सरकारों पर पड़ेगा, धीरे-धीरे मनरेगा बंद होने लगेगी। मनरेगा योजना देश के सबसे गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा रही है और कोरोना जैसी मुश्किल परिस्थितियों में भी यह उनके साथ खड़ी रही। यह विधेयक गरीब-मजदूरों के खिलाफ है और कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करेगी।

### प्रधानमंत्री मोदी को 'ऑर्डर ऑफ ओमान' सम्मान

# भारत और ओमान ने ट्रेड एग्रीमेंट पर किए साइन

**एजेंसी, ओमान**



भारत के पीएम मोदी वीरवार को ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक से मिले। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान भारत और ओमान के बीच व्यापार समझौते पर साइन हुए। समझौते से भारत के टेक्सटाइल, फुटवियर, ऑटोमोबाइल, जेम्स एंड ज्वैलरी, रिन्युएबल एनर्जी और ऑटो कंपोनेंट्स जैसे सेक्टर्स को सीधा फायदा होगा। इस पर नवंबर, 2023 में बातचीत शुरू हुई थी। पीएम ने बताया कि भारत और ओमान के बीच होने वाला व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता यानी सीईपीए आने वाले कई दशकों तक दोनों देशों के रिश्तों की दिशा तय करेगा। उन्होंने इसे दोनों देशों के साझा भविष्य का खाका बताया। पीएम मोदी को ओमान का दूसरा सर्वोच्च सम्मान भी दिया गया। उन्हें सुल्तान हैथम बिन तारिक ने 'ऑर्डर ऑफ ओमान' से सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

### भारत और ओमान की दोस्ती हर मौसम में मजबूत: प्रधानमंत्री मोदी

**पीएम** मोदी ने भारत-ओमान बिजनेस फोरम के कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि भारत-ओमान साझेदारी को ये सम्मेलन नई दिशा, नई गति देगा और दोनों देशों के संबंध नई बुलंदियों पर पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, सभ्यता के आरंभ से ही हमारे पूर्वज एक दूसरे के साथ समुद्र के जरिए व्यापार करते रहे हैं। मांडवी और मस्कट के बीच अरब सागर एक मजबूत पुल बना। इस पुल ने हमारे रिश्तों को मजबूत किया और संस्कृति और अर्थव्यवस्था को ताकत दी। आज हम कह सकते हैं कि समुद्र की लहरें बदलती हैं, मौसम बदलते हैं, लेकिन भारत और ओमान की दोस्ती हर मौसम में मजबूत होती है।

# हिमाचल मंत्रिमंडल की 30 दिसंबर को होगी अहम बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार की आगामी मंत्रिमंडल बैठक 30 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। यह बैठक प्रातः 11 बजे हिमाचल प्रदेश सचिवालय स्थित शिखर सम्मेलन हॉल में होगी। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग (मंत्रिमंडल) की ओर से आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। सरकारी आदेश के अनुसार मंत्रिमंडल की यह बैठक निर्धारित समय और स्थान पर सुनिश्चित रूप से आयोजित की जाएगी, जबकि बैठक की विस्तृत कार्यसूची (एजेंडा) बाद में पृथक रूप से जारी की जाएगी। माना जा रहा है कि वर्ष के अंत में होने वाली इस बैठक में प्रदेश से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक, विकासात्मक और नीतिगत मामलों पर चर्चा हो सकती है। मंत्रिमंडल बैठक को लेकर सचिवालय स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आदेश की प्रतिलिपि समस्त प्रशासनिक सचिवों, राज्यपाल सचिवालय, हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सूचना एवं कार्रवाई के लिए भेज दी गई है।

# संजौली मस्जिद : ऊपरी मंजिल गिराने का काम फिर शुरू

## एक माह में हटेंगी तीनों अवैध मंजिलें, मस्जिद कमेटी कर रही सहयोग

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** संजौली मस्जिद की ऊपरी मंजिल को गिराने का कार्य एक बार फिर शुरू कर दिया गया है। इससे पहले मस्जिद की दो मंजिलों को हटाया जा चुका था, जबकि एक मंजिल का ध्वस्तीकरण शेष था। आवश्यक बजट को लेकर लंबे समय से लंबित प्रक्रिया अब पूरी हो गई है, जिसके बाद संबंधित विभाग ने कार्य को आगे बढ़ाने की अनुमति दे दी है।

अधिकारियों के अनुसार, कागजी औपचारिकताओं और बजट की अनुपलब्धता के कारण यह कार्य कुछ समय के लिए रोक दिया गया था। अब वक्फ बोर्ड की ओर से बजट को स्वीकृति मिलने के बाद ऊपरी मंजिल को गिराने की प्रक्रिया दोबारा शुरू हो गई है। ध्वस्तीकरण का यह कार्य संजौली मस्जिद कमेटी के सहयोग से किया जा रहा है। वक्फ बोर्ड का कहना है कि अवैध घोषित की गई तीनों मंजिलों को एक महीने के भीतर पूरी तरह हटा दिया जाएगा। इसके लिए तकनीकी टीम और श्रमिकों को तैनात किया गया है, ताकि कार्य सुरक्षित और नियमानुसार पूरा किया जा सके। प्रदेश वक्फ बोर्ड के राज्य संपदा अधिकारी केडी मान ने बताया कि नगर निगम आयुक्त को पहले ही निर्देश दिए जा चुके थे कि कोर्ट के आदेशों के अनुसार अवैध मंजिलों को हटाया जाए।

### निचली दो मंजिलों पर यथास्थिति बरकरार

**मस्जिद** की निचली दो मंजिलों–ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर को लेकर प्रदेश हाईकोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। इन मंजिलों पर फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। केवल ऊपरी तीन मंजिलें, जिन्हें अवैध घोषित किया गया है, उन्हें हटाने का कार्य अपने स्तर पर किया जा रहा है।

# एक लाख से ज्यादा लाभार्थियों की रुकेगी सामाजिक सुरक्षा पेंशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन पर निर्भर एक लाख से अधिक लाभार्थियों के लिए यह खबर अहम है। राज्य सरकार ने ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी न करने वाले पेंशनर्स की पेंशन अस्थायी रूप से रोकने का फैसला लिया है। निदेशालय अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम सशक्तिकरण विभाग ने सभी जिला कल्याण अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि जिन लाभार्थियों ने तय समय तक ई-केवाईसी नहीं करवाई, उनकी पेंशन इस माह जारी नहीं की जाएगी। जानकारी के अनुसार प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के कुल सक्रिय लाभार्थियों की संख्या 8 लाख 24 हजार से अधिक है। इनमें से करीब एक लाख सत्रह हजार लाभार्थियों ने अब तक ई-केवाईसी नहीं करवाई। ऐसे गैर-जनजातीय क्षेत्रों के पेंशनरों की तीन महीने की पेंशन और जनजातीय क्षेत्रों के लाभार्थियों की अग्रिम पेंशन रोकी जाएगी। जिन लाभार्थियों ने ई-केवाईसी पूरी कर ली है, उनकी पेंशन इसी माह के अंत तक उनके खातों में डाल दी जाएगी।

**ई-केवाईसी न कराने वालों पर पड़ेगा असर**

# लोअर बाजार में अतिक्रमणकारियों पर कड़ी कार्रवाई करे नगर निगम शिमला : हाईकोर्ट

## पुलिस प्रशासन को नगर निगम की कार्रवाई में मदद करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल हाईकोर्ट ने शिमला के लोअर बाजार में रास्तों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए नगर निगम शिमला को उचित कार्रवाई की पूरी छूट दे दी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई केवल तहबाजारी लगाने वालों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उन दुकानदारों पर भी होगी, जिन्होंने अपनी दुकानों के सामने सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। चीफ जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया और जस्टिस जिया लाल भारद्वाज की खंडपीठ ने पुलिस को भी निर्देश दिए हैं कि वह अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में नगर निगम को पूरी मदद करे।

हाईकोर्ट को अवगत कराया गया कि जुलाई से सितंबर के बीच दमकल विभाग और जल आपूर्ति दल ने सीटीओ चौक से लोअर बाजार होते हुए शेर-ए-पंजाब तक मॉक ड्रिल की थी। इस दौरान सामने आया कि दुकानदारों ने जल निकासी नालियों पर सामान रख रखा था। सड़क विक्रेताओं ने नालियों और सड़क किनारे सामान फैला रखा था। कोर्ट ने कहा कि लोअर बाजार अत्यधिक भीड़-भाड़ वाला इलाका है, जहां फुटपाथ तक नहीं हैं। ऐसे में आपातकालीन वाहनों के लिए रास्ता न होना बेहद गंभीर स्थिति है।

### दुकानदारों की मिलीभगत पर की टिप्पणी




**हाईकोर्ट** को बताया गया कि लोअर बाजार में अतिक्रमण केवल रेहड़ी-फड़ी वालों तक सीमित नहीं है, बल्कि कई दुकानदार भी इसमें शामिल हैं, जो अपनी दुकानों के सामने लोगों को बैठने की अनुमति देते हैं और अनौपचारिक रूप से उनसे पैसा वसूल रहे हैं। बेंच ने इस व्यवस्था को अस्वीकार्य करार दिया।

# तलाक के लिए एक साल अलग रहना कोई जरूरी नहीं : हाईकोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक केस की सुनवाई करते हुए कहा कि आपसी सहमति से तलाक लेने वाले पति पत्नी के लिए एक साल तक अलग रहने की शर्त अनिवार्य नहीं है। कोर्ट ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम-1955 के तहत बनाए गए इस शर्त को सही मामलों में माफ किया जा सकता है। ऐसी परिस्थितियों में, पति-पत्नी को शादी के बंधन से मुक्त करने के बजाय, उन्हें एक अनचाहे रिश्ते में उलझाए रखना गलत होगा। इससे दोनों पर अनावश्यक मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक तनाव पड़ेगा। यह स्पष्टीकरण एक डिवीजन बेंच द्वारा किए गए रेफरेंस के जवाब में आया, जिसमें अधिनियम के तहत आपसी सहमति से तलाक के लिए याचिका पेश करने की समय सीमा पर मार्गदर्शन मांगा गया था। (अनंत ज्ञान)

**अनचाहे रिश्ते में पति व पत्नी को उलझाए रखना सही नहीं**

# रिटायरमेंट से पहले जजों का ताबड़तोड़ फैसले सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण : सुप्रीम कोर्ट

## कहा-ऐसा लगता है कि जज लास्ट ओवर में छक्के मार रहे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका में भ्रष्ट आचरण को लेकर अप्रत्यक्ष रूप से अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने भ्रष्टाचार का जिक्र किए बिना कहा कि रिटायरमेंट से ठीक पहले जजों का बाहरी कारणों से प्रभावित होकर ताबड़तोड़ फैसला सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि कुछ जजों में रिटायरमेंट से चंद दिनों पहले बहुत ज्यादा आदेश पारित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। वे आदेश ऐसे सुनाते हैं, जैसे मैच के अंतिम ओवर में छक्के मार रहे हों। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी मध्य प्रदेश के एक प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज की याचिका पर सुनवाई के दौरान की।

जज ने हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसके तहत रिटायरमेंट से 10 दिन पहले उन्हें सस्पेंड कर दिया गया था। आरोप है कि जज ने कुछ संदिग्ध आदेश पारित किए थे। याचिकाकर्ता जज का रिटायरमेंट 30 नवंबर को होना था। उन्हें 19 नवंबर को दो न्यायिक आदेशों के आधार पर निलंबित किया गया। उनकी ओर से पेश सीनियर एडवोकेट विपिन सांघी ने कहा कि जज का करियर बेदाग रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जिन आदेशों पर आपत्ति है, उसे हाईकोर्ट में अपील के जरिए सुधारा जा सकता है। इस पर सीजेआई ने कहा कि जब उन्होंने छक्के लगाने शुरू किए, तब उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाई जाएगी। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृत्ति है। इस पर मैं और कुछ नहीं कहना चाहता। (अनंत ज्ञान)

# स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के शिल्पकार 100 वर्षीय राम सुतार का निधन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के शिल्पकार राम सुतार का बुधवार देररात नोएडा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। 100 वर्षीय सुतार उम्रजनित समस्याओं से जूझ रहे थे। शिल्पकार सुतार के पुत्र अनिल ने आज मीडिया के साथ साझा किए एक संदेश में कहा, 'अत्यंत दुख के साथ हम आपको सूचित करते हैं कि मेरे पिता श्री राम वनजी सुतार का 17 दिसंबर की मध्यरात्रि को हमारे निवास पर निधन हो गया।'



राम सुतार का जन्म 19 फरवरी, 1925 को महाराष्ट्र के धुले जिले के गोंडूर गांव के एक साधारण परिवार में हुआ था। बचपन से ही उनका झुकाव मूर्तिकला की ओर था। उन्होंने मुंबई के जेजे स्कूल ऑफ आर्ट ऐंड आर्किटेक्चर से स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। राष्ट्रपति ने कहा कि उनके असाधारण योगदान ने भारत की कलात्मक और सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया है। वहीं, पीएम ने राम सुतार को एक असाधारण कलाकार बताते हुए कहा कि उनकी कलात्मक निपुणता ने देश को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी सहित कई ऐतिहासिक स्मारक दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

**राजनीतिक उठापटक** | भाजपा विधायक आशीष शर्मा के बाद इंद्रदत्त लखनपाल भी निशाने पर

# खनन और चिट्टे के मामलों से गर्माई हमीरपुर की राजनीति

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**


**हमीरपुर।** सीएम के इस गृह जिले में खनन और चिट्टे के मामलों को लेकर राजनीति ठंड के इस मौसम में खूब गर्माने लगी है। पिछले कुछ दिनों से हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा की रोजाना पुलिस स्टेशन में मौजूदगी तो पहले से ही चर्चा में है। उनके करीबियों की हाईकोर्ट में जमानत याचिका रद्द होने को लेकर तीन दिनों से राजनीति अजीबोगरीब मरहले में दिख रही थी, मगर अब सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल जाने के कारण जिले की राजनीति में फिर से नया माहौल तैयार हुआ है। दिलचस्प बात यह है कि सदर के विधायक आशीष शर्मा तो पिछले लंबे समय से सत्ता के निशाने पर चल ही रहे हैं, लेकिन उनके खिलाफ दर्ज हुआ नया मामला भाजपा राजनीति में भी नया माहौल तैयार किए हुए है।

**करीबियों को सुप्रीम कोर्ट से जमानत से आशीष को राहत**

बता दें कि सुजानपुर पुलिस स्टेशन के तहत खाद में स्थित महावीर स्टोन क्रशर में अवैध खनन के मामले में आरोपित चार लोगों की जमानत याचिका 3 दिन पहले हाईकोर्ट ने रद्द कर दी थी। उसके बाद विधायक के चाचा प्रवीण शर्मा, भाई उमेश शर्मा और क्रशर पर कार्य करने वाले दो मुलाजिमों सतीश कुमार और संजय कुमार पर मामला बना था। आशीष शर्मा ने कहा कि पुलिस राज्य सरकार के दबाव में आकर काम कर रही है, लेकिन वे इससे घबराने वाले नहीं है।



विधायक आशीष शर्मा।



विधायक इंद्रदत्त लखनपाल।

उधर, बड़सर विधानसभा हलके के भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल भी बीते रोज से चर्चा में हैं। उनके एक नजदीकी रिश्तेदार का चिट्टे में गिरफ्तार होना सुर्खियां बटोर रहा है। हालांकि, लखनपाल इस मामले में साफ और स्पष्ट तरीके से कह रहे हैं कि कोई भी हो पुलिस उसके खिलाफ जांच करें और उसे सजा दे। ऐसे में इन मामलों को लेकर राजनीति तो गर्म हुई ही है।

### दोनों ऑपरेशन लोटस के बाद जीते थे चुनाव

**हमीरपुर** जिले की भाजपा राजनीति में विधायक इंद्रदत्त लखनपाल और आशीष शर्मा की स्थिति अलग तरह की है। ये दोनों ऑपरेशन लोटस के बाद भाजपा के टिकट पर चुनाव जीते हैं, लेकिन यहां पार्टी के भीतर कई तरह की चर्चाएं होती रहती है। चर्चा तो इस बात की भी रहती है कि भाजपा के भीतर इनका प्रभाव अलग-थलग रहे, इसके लिए पार्टी का एक वर्ग अपने हिसाब से राजनीति का झंडा बुलंद किए हुए हैं। कांग्रेस की सत्ता में इस तरह के पड़ाव आने पर भाजपा का एक वर्ग भीतर ही भीतर खुश भी हो रहा है। लगता है उसे भविष्य की राजनीति में कुछ नया सूझने लगा है।

### मामलों का विधायकों पर क्या पड़ेगा असर?

**हमीरपुर** मुख्यमंत्री सुक्खू का गृह जिला है। इसलिए यहां की राजनीति का असर दोनों ही दलों पर पड़ता है। अब मौजूदा परिदृश्य में जो कुछ चल रहा है, उसका प्रभाव राजनीतिक रूप में किसे फायदा पहुंचाएगा? इसका इंतजार तो रहेगा। क्योंकि कांग्रेस की सत्ता अभी दो साल और है। देखने वाली बात यह है कि क्या इन मामलों से विधायकों के तेवर ढीले पड़ेंगे या फिर सत्ता के खिलाफ और मुखर होंगे? मामले किस करवट बैठेंगे? क्या अगले चुनावों तक इन मामलों के जरिए विधायकों की राजनीति पर नुक्सान का असर पड़ेगा? यह सारी चीजें कांग्रेस की इस सत्ता के समय चर्चा में निश्चित रूप में रहने वाली हैं।

# ट्रंप बोले-टैरिफ मेरा फेवरेट शब्द, इससे 8 जंगें रुकवाईं

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वीरवार को कहा कि टैरिफ अंग्रेजी का उनका फेवरेट शब्द है। ट्रंप ने दावा किया कि इसकी मदद से उन्होंने अपने कार्यकाल के पहले 10 महीनों में दुनिया भर में 8 युद्धों को रोका। ट्रंप ने अपने कार्यकाल के 11 महीने पूरे होने पर व्हाइट हाउस से राष्ट्र को संबोधित किया। ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने सत्ता छोड़ते समय उन्हें एक बड़ा संकट सौंपा था। ट्रंप ने अमेरिका में महंगाई के मुद्दे को नजरअंदाज करते हुए जोर दिया कि कनाडा, मैक्सिको, ब्राजील और भारत सहित कई देशों पर लगाए गए टैरिफ से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि टैरिफ की वजह से अमेरिका ने उम्मीद से ज्यादा पैसा कमाया है।



वहीं, डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने ट्रंप के भाषण की आलोचना की है। सांसद क्रिस वैन होलेन ने कहा कि आज रात ट्रंप ने कितने झूठ बोले, इसका हिसाब रखना तो मुश्किल है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज राष्ट्रपति के भाषण में सिर्फ एक शब्द सुनाई दिया, 'मैं मैं मैं मैं मैं मैं।' (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस का 'बापू प्रेम' बस दिखावा, गांधी का नाम सिर्फ राजनीति के लिए किया इस्तेमाल : अनुराग

अनंत ज्ञान, हमीरपुर



पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने विकसित भारत, गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण), यानी 'जी राम जी' पर लोकसभा में कहा कि कांग्रेस का 'बापू प्रेम' बस दिखावा है और इन्होंने गांधी जी का नाम सिर्फ राजनीति के लिए इस्तेमाल किया है।

अनुराग सिंह ने लोकसभा में विकसित भारत जी राम जी बिल पारित होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए गरीबों के लिए इस कल्याणकारी योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार प्रकट किया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा रोजगार गारंटी जैसी योजना तो 80 के दशक से चल रही है। कांग्रेस ने पहले 1989 में इसका नाम जवाहर रोजगार योजना रखा, फिर 1999 में इसका नाम जवाहर रोजगार समृद्धि योजना रखा, 2001 में संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना तो 2005 में नरेगा रखा। इन्हें तब गांधी जी याद नहीं आए। 2009 का चुनाव आते-आते कांग्रेस को बापू याद आए और योजना का नाम मनरेगा किया। मनरेगा का नाम पहले पहले महात्मा गांधी के नाम पर नहीं रखा गया। वो तो पहले नरेगा थी। बाद में जब 2009 के चुनाव आए तब चुनाव और वोट के कारण महात्मा गांधी याद आए। बापू याद आए। तब उसमें जोड़ा गया महात्मा गांधी। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा 'जी-राम-जी का उद्देश्य लंबे समय से चली आ रही बिखरी हुई व्यवस्था और नीतिगत गतिरोध को समाप्त करना है। यह बिल पुराने बिखरे हुए नियमों को निरस्त कर उनकी जगह लाइसेंसिंग, सुरक्षा एप्रूवल, जवाबदेही और मुआवजे को कवर करने वाला एक फ्रेमवर्क लागू करता है। उन्होंने कहा कि हमने मनरेगा में 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का खर्च मनरेगा में किया था, जो कांग्रेस कभी सोच भी नहीं सकती थी। कांग्रेस के समय लोगों को पैसा नहीं मिलता था, बिचौलिए खा जाते थे।

# कंडक्टर ने नहीं काटा टिकट पूछने पर इंस्पेक्टर से हाथापाई

**सब इंस्पेक्टर ने पुलिस थाना हमीरपुर में दर्ज करवाई एफआईआर**

**हाथापाई करने के बाद बस छोड़कर भाग गया कंडक्टर रूट भी हुआ रद्द**

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान

हमीरपुर। हिमाचल पथ परिवहन निगम बस के कंडक्टर ने डिवीजनल फ्लाइंग स्क्वायड के सब इंस्पेक्टर के साथ टिकट न बनाने को लेकर हाथापाई कर डाली।

यह मामला वीरवार सुबह का है, जब बिलासपुर डिपो की बस एचपी 69 3840 बिलासपुर से धर्मशाला जा रही थी। 8.30 बजे दोसड़का के पास 8.30 बजे डिवीजनल फ्लाइंग स्क्वायड के इंस्पेक्टर सुरेश कुमार भी बस में चढ़ गए। बस में चढ़ने के बाद उन्होंने सवारियों से टिकट दिखाने को कहा। सभी सवारियों ने टिकट दिखाई सिवाय एक के पास टिकट नहीं थी। सवारी के पास टिकट न होने पर कंडक्टर से पूछा, तो सब इंस्पेक्टर से उलझ गया। इस पर सब इंस्पेक्टर ने कंडक्टर को वे बुक दिखाने को कहा। कंडक्टर ने वे बुक दिखाने से मना कर दिया। इस दौरान बस 9.05 बजे हमीरपुर शहर के साथ पेट्रोल पंप के पास पहुंच गई। पेट्रोल पंप के पास कंडक्टर ने सब इंस्पेक्टर के साथ हाथापाई शुरू कर दी। हाथापाई करने के बाद कंडक्टर बस को छोड़ कर वहां से भाग गया। सब इंस्पेक्टर ने बस के ड्राइवर से लॉग बुक लेकर उसमें नोट डाल दिया कि कंडक्टर ने सवारी को टिकट नहीं दिया और वे बुक मांगने पर उसके साथ हाथापाई पर उतर आया। इसकी सूचना सब इंस्पेक्टर ने मंडलीय प्रबंधक को दी, उन्होंने शिकायत पुलिस थाना में करने की सलाह दी। इसके बाद सब इंस्पेक्टर ने सदर थाना हमीरपुर में पहुंचकर बस कंडक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। हिमाचल पथ परिवहन निगम बसों में कंडक्टरों द्वारा की जा रही हेरा फेरी को लेकर लगातार चैकिंग कर रहा है, ऐसे में फलाइंग स्कवायड ऐसे कंडक्टरों को पकड़ रहा है, लेकिन कुछ कंडक्टर फलाइंग स्कवायड से ही उलझ रहे हैं और अपनी चोरी को छिपाने के लिए वहां से भाग जाते हैं। फिलहाल कंडक्टर के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर पर भी कार्रवाई की जाएगी। मंडलीय प्रबंधक राज कुमार पाठक ने बताया कि इस तरह की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि कंडक्टर के भाग जाने से रूट भी रद्द हो गया, जिससे यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि बस में सवार यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए दूसरी बसों में बिठाया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस थाना हमीरपुर में कंडक्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी है। वहीं, कंडक्टर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

# 21 को 283 बूथों पर पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान को संपन्न करने के लिए जिला टास्क फोर्स फार इम्यूनाइजेशन कमेटी की बैठक उपायुक्त अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 21 दिसंबर रविवार को होने वाले इस अभियान के दौरान कोई भी बच्चा पोलियो दवा से वंचित न रहे और सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। विशेष रूप से बाहरी क्षेत्रों से आने वाले 5 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को दवा पिलाने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रवीण चौधरी ने कहा कि हमीरपुर जिला में 283 बूथ स्थापित किए गए हैं और सभी संबंधित विभागों से पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करने का आवाहन किया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय अत्री ने कहा कि 21 तारीख को बूथ में दवा पिलाई जाएगी और 22 व 23 तारीख को मोबाइल टीमें घर घर विजिट करके सुनिश्चित करेगी कि कोई बच्चा दवा के बिना न रहे। इस मौके पर एमसी कमिशनर राकेश शर्मा, उपनिदेशक स्कूल शिक्षा, सभी ब्लाकों से आए खंड चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# आम लोगों तक पहुंचाएं बैंकों की ऋण योजनाएं : अमरजीत सिंह

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं बैंक सलाहकार समिति की बैठक वीरवार को हमीर भवन में उपायुक्त अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस बैठक में 30 सितंबर को समाप्त हुई चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही की उपलब्धियों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान जिला में कुल 2282.16 करोड़ रुपए के ऋण आवंटन का लक्ष्य रखा गया है और दूसरी तिमाही की समाप्ति यानि 30 सितंबर तक जिला में 1027 करोड़ रुपए के ऋण आवंटित किए जा चुके हैं। 2025-26 की वार्षिक ऋण योजना का 45 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया है। उन्होंने बताया कि दूसरी तिमाही में सभी बैंकों की जमा राशि 17200.26 करोड़ रुपए रही। दूसरी तिमाही के अंत तक जिला के बैंकों के 3985.66 करोड़ के ऋण थे। सभी बैंकों का ऋण एवं जमा राशि का अनुपात यानी सीडी रेशो 23.17 प्रतिशत रहा। उपायुक्त ने कहा कि सीडी रेशो में अभी भी काफी सुधार की आवश्यकता है। इसके लिए सभी बैंकों के अधिकारी विशेष प्रयास करें तथा लोगों को अधिक से अधिक ऋण आवंटित करें। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न सब्सिडी योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण आवंटन में देरी नहीं होनी चाहिए। आम लोगों को विभिन्न बीमा और पेंशन योजनाओं से भी अवगत करवाया जाना चाहिए, ताकि वे इनका लाभ उठा सकें। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ आशीष सांगड़ा ने सभी बैंकों के अधिकारियों से कहा कि वे विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करें। उन्होंने 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान में बैंकों की भागीदारी बढ़ाने पर भी बल दिया। इस अवसर पर मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक धर्मेंद्र स्याल ने दूसरी तिमाही की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। जबकि, पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के निदेशक अजय कतना ने संस्थान की गतिविधियों के बारे में बताया।

## न्यूज ब्रीफ

### भोंरज में पागल कुत्ते के हमले से दहशत

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोंरज उपमंडल के ग्राम पंचायत खरवाड़ और झरलोग में एक पागल कुत्ते ने चार लोगों को काट लिया। घायलों में सुरेश कुमार (65), लक्ष्मी (12), जुगल किशोर (24) और निर्मला देवी (65) शामिल हैं। सभी को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। पंचायत ने लोगों से सतर्क रहने, बच्चों को अकेले बाहर न भेजने और संदिग्ध जानवरों की सूचना प्रशासन को देने की अपील की। उपप्रधान मदन लाल कौशल ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। आवारा कुत्तों की समस्या पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया गया।

### 24 तक बंद रहेगी थलोटू-लदरौर सड़क

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल में थलोटू-खुथड़ीं-लदरौर सड़क के मरम्मत कार्य के चलते इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 24 दिसंबर तक बंद कर दी गई है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए एसडीएम शशिपाल शर्मा ने बताया कि थलोटू-खुथड़ीं-लदरौर सड़क के मरम्मत कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे जल्द पूर्ण करवाने के लिए उक्त सड़क पर यातायात 24 दिसंबर तक बंद किया गया है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक जज्जर-लठवाण सड़क से आवाजाही कर सकते हैं।

### अंडर-14 ब्वॉयज क्रिकेट टीम का ट्रायल रविवार को

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम अमतर में अंडर-14 ब्वॉयज के क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल रविवार को आयोजित होंगे। इसमें जिला हमीरपुर के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। खिलाड़ियों का ट्रायल सुबह 9 बजे से आरंभ होगा। यह जानकारी देते हुए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया ने बताया कि इस ट्रायल में 1 सितंबर, 2011 से जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों का किट में आना अनिवार्य है।

### 25 दिसंबर तक बंद रहेगी भरेड़ी-हनोह सड़क

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल में भरेड़ी-हनोह सड़क के मरम्मत कार्य के चलते इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 25 दिसंबर तक बंद कर दी गई है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए एसडीएम शशिपाल शर्मा ने बताया कि भरेड़ी-हनोह सड़क के मरम्मत कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे जल्द पूर्ण करवाने के लिए उक्त सड़क पर यातायात 25 दिसंबर तक बंद किया गया है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक वन विभाग के विश्राम गृह की सड़क से आवाजाही कर सकते हैं।

### एकीकृत नशा निवारण व पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम लोगों का सशक्तिकरण निदेशालय के निदेशक सुमित खिमटा ने वीरवार को हमीरपुर में गुंजन संस्था द्वारा संचालित एकीकृत नशा निवारण व पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में भर्ती नशे से पीड़ित व्यक्तियों को प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया और इनमें आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए। सुमित खिमटा ने केंद्र के संचालकों को निर्धारित मानकों व नियमों के अनुसार केंद्र में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र का प्रथम तल काफी ठंडा है। इससे यहां भर्ती व्यक्तियों को दिक्कत हो सकती है। इसके लिए आवश्यक प्रबंध होने चाहिए। निदेशक ने अन्य सुविधाओं के संबंध में भी संचालकों के साथ व्यापक चर्चा की तथा नशे के आदी लोगों के उपचार एवं पुनर्वास के बारे में फीडबैक भी लिया।

### कोट, कलंझड़ी व अन्य गांवों में 20 को बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बिजली उपमंडल टौणी देवी के अंतर्गत कोट फीडर की आवश्यक मरम्मत व लाइनों के आसपास पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते 20 दिसंबर को गांव ठाणा, दरोगण, कोट, कलंझड़ी, सराहकड़, मोहीं, ढनवान, कुनाणा, करयाली, भरेटा, भरनांग, बलौंगणी, पन्याला, ख्याह, लोहारी, दंगोटा, भड्डू, रोपा, मनियाणा, कोठी, बणी, गरने दा गलू व आसपास के गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता दीपक चौहान ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### पुराने ढांचे पर ही चल रहे शिक्षा उपनिदेशालय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश विज्ञान अध्यापक संघ ने राज्य सरकार से कहा है कि शिक्षा निदेशालय के पुराने ढांचे में किए गए फेरबदल के बाद जिलों में डिप्टी डायरेक्टरों के ढांचे में भी फेरबदल किया जाए। क्योंकि यह अभी भी पुरानी व्यवस्था में चल रहे है। जिससे कई तरह की परेशानियां हैं। संघ ने कहा है कि मुख्यमंत्री ने अप्रैल, 2025 से शिक्षा निदेशालय का एकत्रिकरण कर दिया गया है। स्कूल स्तर पर भी प्री-प्रारकरी से 10+2 तक कलस्टर के अंतर्गत चल रहे हैं। लेकिन इतना समय होने पर भी आजतक प्रत्येक जिला में उप शिक्षा निदेशालय कार्यालय पुराने ढांचे पर चले हुए हैं। जिला स्तर पर उप शिक्षा निदेशालय (प्रारंभिक, उच्चतर व क्वालिटी) पहले की तरह ही काम कर हैं। जिनका एकीकरण तुरंत प्रभाव से करना बहुत जरूरी है। वर्तमान में इस व्यवस्था से एक ही पत्र तीन-तीन जगह से आ रहा है। इससे पाठशालाओं में असंमजस की स्थिति बनी रहती है। इस तरह तीनों कार्यालयों से पत्राचार करने पर कार्यालय स्टेशनरी की प्रत्येक माह फिजूल खर्ची हो रही है तथा सरकारी ट्रेजरी पर बड़ा बोझ पड़ रहा है। अध्यापकों को एक ही काम करवाने के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। संघ ने है सरकार से अनुरोध है कि जिला स्तर पर उपशिक्षा निर्देशक कार्यालयों का एकत्रिकरण जल्द से जल्द किया जाए।

### विजय अग्निहोत्री ओछी राजनीति बंद करें : संजय

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत धनेटा जिला परिषद सदस्य संजय कुमार ने पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री द्वारा लगाए गए आरोपों पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने विजय अग्निहोत्री के बयानों को 'ओछी राजनीति' करार देते हुए कहा कि जनहित के संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है। संजय कुमार ने स्पष्ट किया कि सुमना देवी के घर बिजली और पानी का कनेक्शन पहुंचाने की राह में सरकार या विभाग नहीं, बल्कि तकनीकी और कानूनी बाधाएं आड़े आ रही हैं। संजय ने आरोप लगाया कि विजय अग्निहोत्री तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं और जनता के बीच भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक पूर्व जनप्रतिनिधि होने के नाते अग्निहोत्री को नियमों की जानकारी होनी चाहिए।

# रिश्तेदार तो दूर, चिट्टे में बेटा भी शामिल हो तो नहीं बख्शा जाना चाहिए: लखनपाल

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने चिट्टा तस्करी को समाज के लिए सबसे घातक अपराध बताते हुए कहा कि इस जघन्य कृत्य में शामिल व्यक्ति चाहे रिश्तेदार हो या स्वयं उनका बेटा ही क्यों न हो, उसे कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। नशा न केवल युवाओं को बर्बाद कर रहा है, बल्कि पूरे समाज की नींव को खोखला कर रहा है और इसमें किसी भी प्रकार की नरमी या संरक्षण अक्षम्य है। विधायक ने कड़े शब्दों में सवाल उठाया कि जब आरोपी को चिट्टे के साथ पकड़ा गया, तो उसे इतनी जल्दी क्यों छोड़ा गया। उन्होंने कहा कि आरोपी की रिहाई किन परिस्थितियों और किस आधार पर हुई, इसका स्पष्ट, तथ्यात्मक और सार्वजनिक जवाब पुलिस-प्रशासन को मीडिया और जनता के सामने देना चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार के संदेह की गुंजाइश न रहे।

# पुलिस ने चिट्टे में गिरफ्तार मामले में तेज की छानबीन

एसके ठाकुर अनंत ज्ञान

**बड़सर।** हमीरपुर जिले में बड़सर पुलिस ने 27 वर्षीय एक युवक को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक छोटी वेइंग मशीन भी बरामद की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, गश्त के दौरान समलेहड़ा जंगल के पास आकाश शर्मा गांव नेरी, डाकघर जौड़े अंब) से 1.17 ग्राम चिट्टा/हेरोइन और एक छोटी वेइंग मशीन मिली। सोशल मीडिया पर यह चर्चा है कि गिरफ्तार युवक किसी बड़े नेता का रिश्तेदार है। इस खबर के फैलने के बाद बड़सर की राजनीति में भी गर्माहट आ गई है। हालांकि, बड़सर में चिट्टे की बरामदगी का यह पहला मामला नहीं है। नशीले पदार्थ की बरामदगी के बाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसपी बलवीर सिंह ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि युवक को चिट्टे के साथ पकड़ा गया है और पुलिस एनडीपीएस एक्ट के तहत हर एंगल से गहन जांच कर रही है। इस मामले पर भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि अगर कोई गलत काम करता है, तो पुलिस उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है, 'चाहे मेरा बेटा ही क्यों न होता।' उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाकर उन्हें राजनीतिक ठेस पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। एसपी का कहना है पुलिस इस मामले को लेकर गहनता से छानबीन कर रही है कई जगह छापेमारी भी की जा रही है। बहुत जल्दी बड़ी परतें खोली जाएगी।

# 'चिट्टा मुक्त हिमाचल' अभियान न केवल एक प्रशासनिक पहल, एक सामाजिक जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिमाचल प्रदेश में नशे के खिलाफ अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड ने महत्वपूर्ण पहल की है।

बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने वीरवार को बोर्ड मुख्यालय में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ प्रदेश भर के कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चिट्टा (हेरोइन) का विरोध करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने नशे से बचने और समाज में इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि मुख्यमंत्री सिंह सुक्खू का लक्ष्य हिमाचल प्रदेश को चिट्टे और अन्य नशे से पूरी तरह मुक्त करना है। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आरंभ



किए गए 'चिट्टा मुक्त हिमाचल' अभियान की सराहना की और कहा कि यह अभियान केवल प्रशासनिक पहल नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि इस मुहिम में बोर्ड पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता से शामिल रहेगा।

बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि भवन और अन्य निर्माण श्रमिकों में नशे के खतरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही, सभी जिलों में बोर्ड के 26 अन्य कार्यालयों में भी अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि नशे की तस्करी और सेवन में संलिप्त लोगों की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 जारी किया गया है। इसके अलावा, चिट्टे के तस्करों को पकड़ने में मदद करने वालों के लिए मुख्यमंत्री ने विशेष पुरस्कार की घोषणा की है। नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि बोर्ड के अधिकारी और कर्मचारी इस संदेश को सभी श्रमिकों तक पहुंचाएंगे। इस तरह यह संदेश घर-घर तक जाएगा और चिट्टा विरोधी अभियान एक जन आंदोलन के रूप में विकसित होगा। उन्होंने सभी श्रमिकों और नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय योगदान देने और युवाओं को नशे से बचाने का आह्वान किया। बोर्ड की यह पहल हिमाचल प्रदेश में नशे से मुक्ति और सुरक्षित समाज की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है।

# छह साल से वरिष्ठता क्रमांक को तरस रहे टीजीटी शिक्षक

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

टीजीटी शिक्षक विगत 6 साल से वरिष्ठता सूची फाइनल होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रदेश में वर्ष 2019 से 2025 के बीच टीजीटी बने हजारों शिक्षकों को शिक्षा विभाग अब तक वरिष्ठता क्रमांक जारी नहीं कर सका है। वरिष्ठता के लिउ आवेदन भेज चुके शिक्षक 6 साल से विभाग के एक्शन का इंतजार कर रहे हैं। बैचवाइज, कमीशन आधार पर तथा जेबीटी-सी एंड वी प्रमोशन से नियुक्त टीजीटी शिक्षक पिछले छह वर्षों से वरिष्ठता सूची में नाम शामिल होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वरिष्ठता क्रमांक न होने से ये शिक्षक हेडमास्टर व प्रवक्ता दोनों ही पदों पर पदोन्नति के लिए आवेदन तक नहीं कर सकते हैं।

इस समय कॉमर्स व अर्थशास्त्र विषयों में प्रमोशन के लिए उनका नंबर आना तय है, क्योंकि इन विषयों में 2019 तक वरिष्ठता क्रमांक प्राप्त शिक्षक प्रमोट हो चुके हैं। अगले वर्ष होने वाली टीजीटी से प्रवक्ता पदोन्नतियों में वरिष्ठता नंबर उपलब्ध न होने के कारण इनको दिक्कत आएगी, क्योंकि प्रमोशन आवेदन के लिए वरिष्ठता क्रमांक अनिवार्य है। कोविड महामारी से पहले नियुक्त शिक्षक आज तक वरिष्ठता क्रमांक से वंचित हैं। राजकीय टीजीटी कला संघ ने इस मामले में स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली से अविलंब हस्तक्षेप की मांग की है और निदेशालय स्टाफ को टीजीटी वरिष्ठता सूची जारी करने के आदेश देने का आग्रह किया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय बरवाल, महिला विंग अध्यक्ष रीता बाल्याणी, प्रदेश महासचिव विजय हीर, जोन उपाध्यक्ष खुशहाल पठानिया, देश राज कालिया, रोशन लाल, विजेश अत्री, कैशियर सुभाष भारती, संयुक्त सचिव रामपाल सौंखला, जिलाध्यक्ष संजय वर्मा, नरेंद्र पूनर, कुलवीर सिंह, राकेश चौधरी, यशवंत ठाकुर, कपिल शंकवान, सुरेश वर्मा, अजीत सिंह, अमित छाबड़ा, महासचिव अजय कुमार, दिनेश कुमार, सुरेश कौंडल, पवन शर्मा, नवांग छेरिंग, सुभाष चंद, दिनेश, ज्ञान चंद आदि ने कहा कि टीजीटी शिक्षक 6 वर्षों से वरिष्ठता सूची की प्रतीक्षा में हैं और निदेशालय में पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध है, ऐसे में नियुक्त शिक्षकों को वरिष्ठता क्रमांक जारी करने में और विलंब नहीं होना चाहिए।

# हिमाचल में कानून नहीं, बदले की सरकार चल रही : राणा

अनंत ज्ञान सुजानपुर

हिमाचल भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर एक बार फिर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि यह कैसा मुख्यमंत्री है, जो जनता द्वारा चुने गए विधायकों को ही हर हाल में परेशान करने पर उतारू है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार के सत्ता में आते ही प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, अपराध बेलगाम हो चुके हैं, गैंगवार, हत्या, फायरिंग और नशा कारोबार तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री का सारा ध्यान सिर्फ राजनीतिक बदले की कार्रवाई पर केंद्रित है।

राणा ने कहा कि ताजा मामला हमीरपुर सदर के युवा विधायक आशीष शर्मा का है, जिन्हें बिना नियम-कानून अपनाए झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश की जा रही है। अवैध खनन का झूठा मुकदमा दर्ज करने से पहले ही उनका क्रेशर बंद करवा दिया गया, जिससे कई लोगों का रोजगार छिन गया और कई परिवारों के चूल्हे बुझ गए। यदि कोई अनियमितता थी तो उसका परीक्षण संबंधित माइनिंग विभाग



हिमाचल भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा व अन्य।

द्वारा नोटिस देकर किया जाना चाहिए था, लेकिन यहां पुलिस विभाग को ही राजनीतिक हथियार बना दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक आशीष को पिछले कई दिनों से रोज घंटों पुलिस थाने में बैठाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, न कोई ठोस पूछताछ और न ही कोई वैधानिक प्रक्रिया, सिर्फ दबाव और डर का माहौल बनाया जा रहा है। यह सब मुख्यमंत्री के इशारे पर हो रहा है और मुख्यमंत्री स्वयं इस उत्पीड़न की निगरानी कर रहे हैं। राजेंद्र राणा ने चेतावनी देते हुए कहा कि सत्ता हमेशा स्थायी नहीं होती। जो अधिकारी आज राजनीतिक दबाव में आकर कानून को ताक पर रख रहे हैं, उन्हें यह याद रखना चाहिए कि सत्ता परिवर्तन दूर नहीं है और कानून तोड़ने वालों को जवाब देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए विधायकों ने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि सुक्खू सरकार में लोकतंत्र नहीं, बल्कि तानाशाही मानसिकता हावी है। राणा ने कहा कि आज कर्मचारी, पेंशनर, युवा, महिलाएं हर वर्ग इस सरकार से त्रस्त है और हिमाचल की जनता आने वाले समय में इस बदले की राजनीति करने वाली सरकार को ऐसा जवाब देगी, जो प्रदेश के राजनीतिक इतिहास में याद रखा जाएगा।

# पेंशनर महासंघ की बैठक 24 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ, हिमाचल प्रदेश इकाई, जिला हमीरपुर के बैनर तले 17 विभिन्न विभागों के पेंशनर्स संगठनों की संयुक्त संघर्ष समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला सह-संयोजक प्रकाश ठाकुर की अध्यक्षता में हमीरपुर में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व जिला संयोजक पुरुषोत्तम ठाकुर द्वारा स्वास्थ्य कारणों से दिए गए त्यागपत्र के कारण उत्पन्न रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचन अधिकारी डीएस ढटवालिया की देखरेख में जनरल हाउस ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से उप-सचिव पद से सेवानिवृत्त मनोहर ठाकुर को सर्वसम्मति से नए जिला संयोजक के रूप में निर्वाचित किया। जनरल हाउस ने नवनिर्वाचित जिला संयोजक मनोहर को जिला कार्यकारिणी के विस्तार के लिए पूर्ण रूप से अधिकृत किया है। इस संबंध में आगामी 24 दिसंबर को प्रात: 11 बजे हिमाचल पथ परिवहन निगम के बस स्टैंड हमीरपुर स्थित मीटिंग हॉल में एक बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में एचआरटीसी पेंशनर्स संगठन हिमाचल प्रदेश के राज्य अध्यक्ष अजमेर, बीआरपीएम के रमेश रनौत, भगवंत पठानिया, कुलतार शर्मा, पृथ्वीराज सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हमीरपुर में पेंशनर्स की समस्याओं पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर में हिमाचल बिजली बोर्ड पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन ने धूमधाम से पेंशनर दिवस मनाया। इस अवसर पर जिला प्रधान ई. केके कपिल, उपप्रधान देश राज शर्मा, राम आसरा शर्मा, उप महासचिव केके शर्मा, वित सचिव अशोक, उप वित सचिव सुनील शर्मा, मुख्य संगठन सचिव एके कतना, संगठन सचिव मुकेश मढिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 17 दिसंबर] 1982 के सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक पेंशनर निर्णय और स्व. डीएस द्वारा लड़ी गई लंबी लड़ाई पर प्रकाश डाला गया। वरिष्ठ पेंशनरों ई. केडी डोगरा, ई. आरएस चौहान, ई. देव राज शर्मा, ई. एएस धलारिया व ई. राम लाल भारद्वाज को सम्मानित किया गया। बैठक में पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा हुई, जिसमें लंबित पे-स्केल, पेंशन एरियर, ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट, कम्युटेशन राशि और 16 प्रतिशत महंगाई भत्ते की अदायगी शामिल थी। पेंशनरों ने बकाया राशि ब्याज सहित तुरंत देने की मांग की और चेताया कि यदि भुगतान नहीं हुआ तो वे सचिवालय घेराव करने को मजबूर होंगे।

# तीन साल से पेयजल कनेक्शन नहीं, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

अनंत ज्ञान, नादौन



नादौन उपमंडल के पनसाई गांव में एक परिवार को तीन वर्षों से पेयजल कनेक्शन न मिलने पर ग्रामीणों का आक्रोश वीरवार को फूट पड़ा। पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री के नेतृत्व में प्रधान दिनेश शर्मा, उपप्रधान अरुण शर्मा, उधम ओम प्रकाश, जगदीप शर्मा के साथ ग्रामीणों ने धनेटा स्थित जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय का घेराव किया और विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा से किसी परिवार को वर्षों तक वंचित रखना विभागीय लापरवाही व संवेदनहीनता को दर्शाता है। उन्होंने जल शक्ति विभाग को दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय में पीड़ित परिवार को पेयजल कनेक्शन नहीं दिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। पीड़िता वीना देवी ने बताया कि वह पिछले तीन वर्षों से जल शक्ति विभाग के कार्यालयों के चक्कर काट रही हैं, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान के लिए वह दो बार मुख्यमंत्री से भी मुलाकात कर चुकी हैं, बावजूद इसके संबंधित अधिकारियों पर कोई असर नहीं पड़ा और आज तक कनेक्शन नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि विभाग ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो वे सड़क पर उतरकर बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जल शक्ति विभाग और प्रशासन की होगी। उधर, जल शक्ति विभाग के एसडीओ नीरज सिंह वैद्य ने दो दिन के अंदर उस घर को पीने के पानी की समस्या का हल करने का आश्वासन दिया है।

# प्रभावित परिवारों ने जनसुनवाई में अपना पक्ष रखा

**अनंत ज्ञान, नादौन।** तहसील नादौन के मौजा कोहला के गांव डोली घराना में खेल परिसर के निर्माण के लिए होने वाले भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के लिए एसडीएम कार्यालय में जनसुनवाई की गई। इस अवसर पर एडीसी हमीरपुर और डोली घराना गांव के भूमि अधिग्रहण प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन कार्य के प्रशासक अभिषेक गर्ग ने प्रभावित परिवारों के लिए प्रस्तावित मुआवजा राशि और अन्य सुविधाओं का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। अभिषेक गर्ग ने बताया कि खेल परिसर के निर्माण के लिए गांव डोली घराना में 7561 वर्गमीटर से अधिक जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। इस अधिग्रहण से प्रभावित होने वाले परिवारों के लिए वीरवार को जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें इन लोगों को प्रस्तावित मुआवजा राशि और अन्य सुविधाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रभावित लोगों को अपना पक्ष रखने का अवसर भी दिया गया।

# चिट्टे के खिलाफ चलाया गया अभियान हिमाचल को नशा मुक्त बनाने में निभाएगा मुख्य भूमिका



वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान

**बड़ा।** प्रदेश की सुक्खू सरकार द्वारा प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए जिस तरह से वर्तमान समय में अभियान चलाया गया है। इस अभियान का नेतृत्व जिस तरह से मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा स्वयं किया जा रहा हैं उससे बच्चों के अभिभावकों द्वारा भरपूर प्रशंसा की जा रही है।

अनंत ज्ञान द्वारा इस विषय पर क्षेत्र के कुछ गणमान्य व्यक्तियों से बातचीत की। प्रतिष्ठित उधमी सुरिंद्र ठाकुर ने कहा कि देश में पहली ऐसी सरकार है एवं मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने बच्चों के भविष्य की चिंता करते हुए उनके जीवन को. नशे के दलदल से सुरक्षित रखने के लिए इस तरह का अभियान चलाया है। हम सभी को मुख्यमंत्री सुक्खू के इस अभियान को सफल बनाने के लिए बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। प्रवीण का कहना है कि प्रदेश सरकार द्वारा नशे के कारोबारियों के खिलाफ जिस तरह से निर्णायक लड़ाई शुरू की है, उसमें सभी सामाजिक संगठनों को भी बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दर्ज करनी चाहिए। ग्राम पंचायत बड़ा के उपप्रधान अशोक कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नशे के खिलाफ ऐतिहासिक अभियान चलाया गया है, बहुत ही सराहनीय पहल है एवं प्रदेश सरकार को इसे पंचायत स्तर पर शुरू करके लोगों को इस अभियान को ओर अधिक सफल बनाने के लिए अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। समाज सेवी मनोहर लाल कौंडल ने भी प्रदेश सरकार की भरपूर प्रशंसा की। ग्राम पंचायत फस्टे के पूर्व उपप्रधान राजेश कुमार ने कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियों को इस अभियान में भाग लेना चाहिए।

न्यूज ब्रीफ

## 21 को शिमला में 57 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो ड्राप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिला में राष्ट्रीय पोलियो टीकाकरण दिवस के तहत 21 दिसंबर रविवार को 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 57 हजार से अधिक बच्चों को ओरल पोलियो वैक्सीन की दो बूंदें पिलाई जाएंगी। इसके लिए जिलाभर में 743 बूथ स्थापित किए जाएंगे। 21 दिसंबर को बूथ-डे के बाद 22 से 24 दिसंबर तक मॉप-अप राउंड चलाया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को कवर करेंगे। झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों, निर्माण स्थलों, बस स्टैंड व अन्य संवेदनशील स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। अभियान की तैयारियों को लेकर जिला टीकाकरण टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी विभागों को आपसी समन्वय से 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए गए।

## कुसुम्पटी को मिलेगा नया आधार सेवा केंद्र मंत्री अनिरुद्ध सिंह आज करेंगे शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यरो, शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह 19 दिसंबर, को कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे क्षेत्रवासियों को एक महत्वपूर्ण सुविधा की सौगात देते हुए एसडीए कॉम्प्लेक्स कुसुम्पटी में नए आधार सेवा केंद्र का शुभारम्भ करेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। प्रवक्ता ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह 19 दिसंबर को प्रातः 11.30 बजे आधार सेवा केंद्र का विधिवत उद्घाटन करेंगे। इस केंद्र के शुरू होने से कुसुम्पटी क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोगों को आधार से संबंधित सेवाओं के लिए अब शिमला शहर या अन्य दूरस्थ कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

## नौणी विश्वविद्यालय ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 25.66 लाख का किया योगदान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी सोलन ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 25 लाख 66 हजार 606 रुपए का योगदान दिया है। यह राशि विश्वविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा अपने एक दिन के वेतन से एकत्र की गई। विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. आरएस चंदेल ने यह चेक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे योगदान आपदा के समय जरूरतमंदों के लिए बड़ा सहारा बनते हैं।

## स्कूलों के वार्षिक समारोह पर पहले रोक फिर अनुमति देना हास्यस्पद : जितेंद्र भोटका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रवक्ता जितेन्द्र भोटका ने शिक्षा विभाग के विरोधाभासी आदेशों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि 16 दिसंबर को वार्षिक समारोहों पर प्रतिबंध लगाया गया और 17 दिसंबर को वही आदेश रद्द कर 31 दिसंबर तक अनुमति दे दी गई, जो हास्यास्पद और विभागीय अस्थिरता को उजागर करता है। भोटका ने शिक्षकों की हाजिरी स्विफ्ट चैट से लगाने के निर्णय पर भी सवाल उठाए और कहा कि या तो इसे सभी विभागों में लागू किया जाए या स्कूलों में इसे समाप्त किया जाए। उनका कहना है कि ऐसे तुगलकी फरमान बच्चों की पढ़ाई प्रभावित कर रहे हैं।

## शिमला विंटर कार्निवल 24 से, इस बार रिज के टैंक पर नहीं बनेगा स्टेज

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला में 24 से 31 दिसंबर तक विंटर कार्निवल का आयोजन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शिमला नगर निगम निभाएगा। इस बार कार्निवल में बड़ा बदलाव करते हुए मंच रिज टैंक पर न लगाकर आशियाना की ओर बनाया जाएगा। नगर निगम ने टैंक की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है। महापौर सुरेंद्र चौहान ने बताया कि कार्निवल का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। आयोजन में नामी गायकों के साथ स्थानीय कलाकारों को भी मंच मिलेगा। बच्चों के लिए लेडीज पार्क में झूले, म्यूजिक शो और नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने वाले वॉरियर्स को सम्मानित कर सामाजिक सरोकारों को भी विशेष महत्व दिया जाएगा।

## जुब्बल में चिट्टा तस्करी का भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिले के जुब्बल थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को चिट्टा बेचते हुए गिरफ्तार किया है। डिटेक्शन सेल रोहडू ने भगोली नाला के पास दबिश देकर आरोपियों के कब्जे से 13.025 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से जुब्बल, कुद्दू और सवाड़ा क्षेत्रों में चिट्टे की सप्लाई कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में पारस और मोहम्मद साकिब देहरादून (उत्तराखंड) जबकि दीपक कुमार नेपाल का निवासी है। तीनों जुब्बल क्षेत्र में किराये पर रह रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई कर पुलिस ने मौके पर उन्हें पकड़ लिया। इस संबंध में थाना जुब्बल में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस चिट्टे के स्रोत और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जांच में जुटी है।

# ...तो क्या बचे रहेंगे अतिक्रमणकारी?

## फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने अवैध सेब बागानों के कटान पर लगाई है रोक

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



फाइल फोटो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में वन भूमि पर लगे सेब के बागों को काटने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक से जहां हजारों बागवानों को राहत मिली है, वहीं बडे अवैध अतिक्रमण, रसूखदारों की भूमिका और पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई बुनियादी सवाल और गहरे हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल हाईकोर्ट के उस आदेश पर पूरी तरह रोक लगा दी है, जिसमें वन भूमि पर लगाए गए फलदार सेब के बागों को हटाने और पेड़ काटने के निर्देश दिए गए थे। शीर्ष अदालत ने इसे गंभीर परिणाम वाला बताते हुए कहा कि ऐसे आदेश समाज के हाशिए पर खड़े वर्ग और भूमिहीन किसानों को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। यह फैसला सैकड़ों नहीं, बल्कि हजारों सेब बागवानों के लिए सुकून का पैगाम है। लेकिन इसी राहत के साथ यह विरोधाभास भी सामने आया है कि वर्षों से चले आ रहे अवैध अतिक्रमण के मामलों में आखिर जिम्मेदारी तय कब होगी?

इस पूरे विवाद में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या यह राहत हर किसी के लिए समान है? हकीकत यह है कि छोटे किसान और सीमांत बागवान अक्सर कानून की जद में जल्दी आ जाते हैं, जबकि बड़े रसूखदार, प्रभावशाली और राजनीतिक संरक्षण वाले लोग हर बार किसी न किसी कानूनी ढाल के पीछे छिप जाते हैं। जिन इलाकों में छोटे कब्जाधारियों के सेब के पेड़ काटे गए, वहां 18 जुलाई तक 3,800 से अधिक पेड़ गिर चुके थे और 50 हजार पेड़ों को हटाने की योजना थी, लेकिन बड़े नामों पर आते ही आदेश, अपील और फिर स्टे, यही सिलसिला हिमाचल की जनता को खटक रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने पेड़ काटने को पर्यावरणीय संतुलन के लिए घातक बताया। मानसून के दौरान बड़े पैमाने पर कटान से भूस्खलन और मिट्टी कटाव का खतरा बढ़ने की बात कही गई। यह तर्क अपनी जगह वाजिब है, लेकिन यही सुप्रीम कोर्ट पहले चेतावनी भी दे चुका है कि अगर अवैध खनन, जंगलों पर कब्जा और अंधाधुंध कटान नहीं रुका, तो वह दिन दूर नहीं जब हिमाचल प्रदेश अपने हरे-भरे वजूद को खो देगा। यही वह मोड़ है जहां सवाल खड़ा होता है, क्या अवैध अतिक्रमण रोकना और फलदार पेड़ों को बचाना एक साथ संभव नहीं था? क्या नीति का अभाव ही सबसे बड़ी कमजोरी है?

### नीतिगत भरोसे का हवाला देकर टला फैसला

**शीर्ष** अदालत ने साफ कहा कि यह मामला नीतिगत दायरे में आता है और राज्य सरकार को केंद्र के समक्ष प्रस्ताव रखना चाहिए। लेकिन हिमाचल में ऐसे प्रस्ताव और नीतियां वर्षों से फाइलों में धूल फांक रही हैं। जब तक स्पष्ट नीति नहीं बनेगी, तब तक यही असमंजस बना रहेगा। कभी पेड़ काटे जाएंगे, कभी रोक लगेगी, और अवैध कब्जे चुपचाप बढ़ते रहेंगे। इस आदेश के बाद यह आशंका भी गहराई है कि अब कुछ लोग इसे खुली छूट समझकर जंगलों और सरकारी भूमि पर फिर से नजरें गड़ाएंगे।

### फैसला राहत का, मगर भविष्य अनिश्चित

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश निस्संदेह मानवीय और संवेदनशील है, लेकिन यह अंतिम समाधान नहीं है। असली जरूरत है कि राज्य सरकार अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बिना भेदभाव कार्रवाई करे। चाहे वह गरीब हो या रसूखदार। अगर आज भी जंगल, नाले, रास्ते और सार्वजनिक भूमि सुरक्षित नहीं हो पाए, तो कल सेब के पेड़ों की यह राहत भी एक और अधूरी कहानी बनकर रह जाएगी।

# शिमला में बर्फबारी का इंतजार हुआ लंबा, सैलानी निराश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिल्स क्वीन शिमला में कभी दिसंबर माह में बर्फ की सफेद चादर ओढ़े देखना आम बात थी, अब सूखी और बेरौनक पहाड़ियों के साथ नजर आ रहा है। दिसंबर का आधा महीना बीत चुका है, लेकिन इस साल अब तक शिमला शहर में एक भी बर्फबारी दर्ज नहीं हुई। कभी कुफरी, रिज मैदान और माल रोड पर जमी बर्फ शिमला की पहचान हुआ करती थी, लेकिन बदलते मौसम ने इन नजारों को दुर्लभ बना दिया है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, पिछले 10 वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि शिमला में दिसंबर के पहले या दूसरे सप्ताह में बर्फबारी की संभावना बेहद कम रहती है। आमतौर पर 20 दिसंबर के बाद ही बर्फबारी के हालात बनते हैं। बीते चार वर्षों 2021 से 2024 में दिसंबर माह के दौरान या तो बहुत हल्की बर्फबारी हुई या बिल्कुल नहीं हुई। विशेषज्ञों का मानना है कि कमजोर पश्चिमी विक्षोभ और बढ़ता तापमान इसका मुख्य कारण है।

जलवायु विशेषज्ञों का कहना है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ रहे हैं, जिससे न तो समय पर बारिश हो रही है और न ही बर्फबारी। इसका असर केवल मौसम तक सीमित नहीं है, बल्कि हिमाचल के ग्लेशियर भी प्रभावित हो रहे हैं। जनवरी से पहले गिरने वाली बर्फ लंबे समय तक टिकती थी और ग्लेशियरों को पोषण देती थी, लेकिन अब बर्फबारी में कमी से यह प्राकृतिक चक्र बाधित हो रहा है।

बर्फबारी न होने से शिमला का पर्यटन कारोबार भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। होटल कारोबारी, टैक्सी चालक और स्थानीय व्यापारी सैलानियों की कमी से परेशान हैं। वहीं बागवानों के लिए भी यह चिंता का विषय है, क्योंकि दिसंबर की बर्फ से सेब के लिए जरूरी 'चिलिंग आवर्स' पूरे होते हैं।

### 20 दिसंबर से बदल सकता है मौसम

**मौसम** विभाग के मुताबिक 19 दिसंबर तक प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है। इसके बाद 20 दिसंबर की रात से एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है, जिससे ऊंचाई वाले इलाकों लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चंबा और कुल्लू में हल्की बर्फबारी के आसार हैं। हालांकि, शिमला शहर में फिलहाल केवल बादल छाए रहने की संभावना जताई गई है।

# राशन डिपुओं में दालों के दामों में मिली राहत और बढ़ोतरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में राज्य नागरिक आपूर्ति निगम ने दालों की कीमतों में आंशिक बदलाव किया है, जिसमें जहां दो दालों के दाम घटाए गए हैं, वहीं दो दालों की कीमतें बढ़ाई हैं। इस फैसले का असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ा है।

**गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ा असर**

निगम की ओर से जारी नई दरों के अनुसार बीपीएल परिवारों के लिए चना दाल 72 रुपए से घटाकर 68 रुपए प्रति किलो कर दी गई है, जबकि एपीएल उपभोक्ताओं को यह दाल अब 77 की जगह 73 रुपए प्रति किलो मिलेगी। मलका दाल की कीमतों में दोनों वर्गों के लिए कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे उपभोक्ताओं को कुछ हद तक राहत मिली है। हालांकि, उड़द दाल की कीमतों में बढ़ोतरी ने लोगों की चिंता भी बढ़ाई है। बीपीएल वर्ग के लिए उड़द दाल 76 रुपए से बढ़ाकर 78 रुपए प्रतिकिलो कर दी गई है, जबकि एपीएल उपभोक्ताओं को अब यह दाल 81 की जगह 83 रुपए प्रति किलो मिलेगी। ऐसे समय में जब पहले से ही रसोई का बजट दबाव में है, दाल जैसी जरूरी वस्तु का महंगा होना कई परिवारों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है।

उधर, निगम ने दालों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए लगभग एक लाख नौ हजार क्विंटल दालों का नया सप्लाई ऑर्डर जारी किया है, जिसमें चना, मलका और उड़द दाल शामिल हैं। निगम प्रबंधन का कहना है कि गोदामों में स्टॉक पहुंचना शुरू हो चुका है और जल्द ही सभी राशन डिपुओं में नई खेप उपलब्ध करा दी जाएगी, ताकि उपभोक्ताओं को आपूर्ति के स्तर पर किसी तरह की असुविधा न हो।

# राज्यपाल ने लेखा परीक्षा प्रशिक्षुओं को वित्तीय अनुशासन का दिया मंत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



शिमला में भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा-2025 बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर के बाद राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आलाधिकारियों के साथ सामूहिक चित्र में।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गुरुवार को शिमला के यारोज स्थित राष्ट्रीय लेखा एवं लेखा में भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा-2025 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने युवा अधिकारियों से संवैधानिक मूल्यों, ईमानदारी और पेशेवर उत्कृष्टता को अपने कार्य का आधार बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा देश में वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता की रीढ़ है। राज्यपाल ने अकादमी की 1950 से चली आ रही गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए इसे वित्तीय जवाबदेही और सुशासन को सुदृढ़ करने वाला प्रतिष्ठित संस्थान बताया।

राज्यपाल ने भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार सीएजी के संवैधानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऑडिटर की भूमिका केवल वित्तीय जांच तक सीमित नहीं, बल्कि प्रणालीगत सुधार और जनसेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने में भी अहम है। उन्होंने 21वीं सदी में सतत् सीखने और अनुकूलन क्षमता को सफलता की कुंजी बताया। इस अवसर पर एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में एनएएए के महानिदेशक एस. आलोक ने स्वागत भाषण दिया और प्रशिक्षुओं को शपथ दिलाई, जबकि निदेशक पुष्पलता ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। भूटान और मालदीव के अधिकारी भी प्रशिक्षण में शामिल हैं।

## दुष्कर्म मामले में आरोपी को 20 साल कारावास की सजा

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय किन्नौर स्थित रामपुर की अदालत ने बीएनएस व पोक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोपी सोनी कुमार उर्फ सोनू पुत्र सीता राम निवासी गांव बरकल, जिला शिमला को 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 10,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने पीड़िता को एक लाख रुपए मुआवजा देने के आदेश भी दिए हैं। फैसले की जानकारी देते हुए उपजिला न्यायवादी कमल चंदेल ने बताया कि 26 जनवरी 2024 को पीड़िता गणतंत्र दिवस कार्यक्रम देखने ज्यूरी गई थी, जहां आरोपी से उसकी पहली मुलाकात हुई। आरोपी ने उसे रामपुर बुलाया कि वहां बेहतरीन कार्यक्रम है, लेकिन शराब के नशे में उसे गेस्ट हाउस ले जाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए।

अगले दिन झूठे शादी के वादे पर अपने घर ले गया, जहां पीड़िता छह माह रही और गर्भवती हो गई। आरोपी ने गर्भपात के लिए पिल्स दीं, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। फिर उसे रामपुर बस स्टैंड पर छोड़ दिया। उस समय 18 वर्ष से कम उम्र की पीड़िता ने मां को फोन कर बुलाया और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। अदालत ने 15 गवाहों के बयान दर्ज कर दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। नाबालिग के साथ बार-बार बलात्कार के अपराध में यह सजा सुनाई गई।

# आईजीएमसी शिमला में गुरु की लंगर सेवा में उपमुख्यमंत्री ने की सहभागिता

### बोले- मानवता, करुणा और निस्वार्थ सेवा की प्रेरक मिसाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



आईजीएमसी शिमला में गुरु के लंगर सेवा में सहभागिता करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गुरुवार को शिमला स्थित आईजीएमसी में प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की पुण्य स्मृति में ऑलमाइट ब्लेसिंग्ज संस्था द्वारा वर्षों से संचालित गुरु की लंगर सेवा में सहभागिता कर सेवा कार्य किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'गुरु के लंगर' जैसी सेवाएं निस्वार्थ भाव से मानवता की सच्ची मिसाल प्रस्तुत करती हैं, जहां जरूरतमंद मरीजों और उनके परिजनों को प्रेम, सम्मान और आत्मीयता के साथ भोजन उपलब्ध कराया जाता है, जिससे समाज में सेवा और करुणा की भावना मजबूत होती है।

उपमुख्यमंत्री ने ऑलमाइट ब्लेसिंग्ज संस्था के संस्थापक सरबजीत सिंह बॉबी की सराहना करते हुए कहा कि वे पिछले 11 वर्षों से पूर्ण समर्पण और सेवा भावना के साथ इस महान मानवीय कार्य को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने संस्था से जुड़े सभी सेवाभावियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार ऐसे सामाजिक और मानवीय प्रयासों को सदैव प्रोत्साहित करती रहेगी, ताकि सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की यह परंपरा और सशक्त हो।

**11 वर्षों से सतत सेवा में जुटी ऑलमाइट ब्लेसिंग्ज संस्था की सराहना**

# स्मार्ट सिटी मिशन में हिमाचल की मजबूत भागीदारी : कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**डेटा-आधारित शासन से बेहतर शहरी जीवन**

सांसद सुरेश कश्यप के लोकसभा में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में केंद्र सरकार ने बताया कि स्मार्ट सिटी मिशन के तहत हिमाचल प्रदेश ने प्रभावी और तेज क्रियान्वयन का उदाहरण प्रस्तुत किया है। राज्य के दो स्मार्ट शहर शिमला और धर्मशाला में कुल 1552 करोड़ की परियोजनाएं स्वीकृत हुईं, जिनमें से 1294 करोड़ की 272 परियोजनाएं यानी 93 प्रतिशत कार्य पूरे किए जा चुके हैं। एकीकृत कमांड एवं कंट्रोल सेंटर के माध्यम से यातायात, आपदा प्रबंधन, सुरक्षा, स्वच्छता, जलापूर्ति और नागरिक सुविधाओं की रियल-टाइम निगरानी सुनिश्चित की जा रही है, जो पहाड़ी राज्य में स्मार्ट और सतत शहरी विकास का सशक्त मॉडल पेश करता है।

केंद्र सरकार के उत्तर में यह भी स्पष्ट किया गया कि नागरिक डेटा का उपयोग स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जल आपूर्ति और सार्वजनिक सुरक्षा जैसी सेवाओं को बेहतर बनाने में किया जा रहा है, साथ ही साइबर सुरक्षा और गोपनीयता मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित है। सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्मार्ट सिटी मिशन शहरी भारत के परिवर्तन की आधारशिला बन चुका है और हिमाचल प्रदेश में इसकी सफलता भाजपा सरकार की संतुलित, समावेशी और टिकाऊ विकास नीति का प्रमाण है, जिससे आम नागरिकों को सीधे और ठोस लाभ मिल रहे हैं।

**सम्मान** अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाओं को मिल रहा पूरा सहयोग, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर का मंच किया जा प्रदान

# हिमाचल में खेलों को लेकर सरकार गंभीर: रोहित ठाकुर

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा को सम्मानित करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

**शिमला।** प्रदेश सरकार खेलों को शिक्षा का अभिन्न अंग मानते हुए खिलाड़ियों को बेहतर अवसर, आधुनिक सुविधाएं और प्रोत्साहन देने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है। सरकार की मंशा है कि प्रदेश की प्रतिभाशाली बेटियां और बेटे राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराएं। इसी उद्देश्य को लेकर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान खेलों के महत्व और सरकार की नीतियों को विस्तार से रखा।

शिक्षा मंत्री ने ठाकुर रामलाल स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुब्बल में आयोजित समारोह में कन्या खेल छात्रावास की उन छात्राओं को सम्मानित किया, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। धांटा जुब्बल की खिलाड़ी, कोटखाई की प्रीति और सिरमौर की रिया को चीन में आयोजित आईएसएफ अंडर-15 वर्ल्ड स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। ये तीनों छात्राएं इसी खेल छात्रावास में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय जुब्बल क्षेत्र का एक पुराना और प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान है, जिसे अब सीबीएसई की मान्यता मिल चुकी है। इससे न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि यह संस्थान आने वाले समय में शिक्षा और खेल के क्षेत्र में नए मानक भी स्थापित करेगा।

जिला शिमला का यह कन्या खेल छात्रावास आज एक मजबूत प्रशिक्षण केंद्र के रूप में उभर रहा है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि वर्तमान में छात्रावास में 55 छात्राएं वॉलीबॉल, कबड्डी और बैडमिंटन का प्रशिक्षण ले रही हैं। वर्ष 2025 के दौरान स्कूल और फेडरेशन स्तर पर 33 छात्राएं राष्ट्रीय स्तर तथा 3 छात्राएं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुई हैं। यह उपलब्धि छात्राओं की मेहनत के साथ-साथ प्रशिक्षकों और खेल छात्रावास की बेहतर व्यवस्था को भी दर्शाती है।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में कुल 9 खेल छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें ठाकुर रामलाल कन्या खेल छात्रावास सबसे बड़ा बनकर उभरा है। वर्ष 1987 में स्थापित इस छात्रावास में पहले केवल वॉलीबॉल का प्रशिक्षण दिया जाता था, जबकि पिछले दो वर्षों में कबड्डी और बैडमिंटन को भी शामिल किया गया है। यहां वॉलीबॉल और कबड्डी की 20-20 सीटें तथा बैडमिंटन की 15 सीटें निर्धारित की गई हैं। छात्रावास के नए भवन के निर्माण पर 2 करोड़ 27 लाख रुपए खर्च किए गए हैं, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर आवासीय और प्रशिक्षण सुविधाएं मिल सकें।

### खेलों से संपूर्ण विकास पर सरकार का जोर

**रोहित** ठाकुर ने कहा कि छात्र जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का विशेष महत्व है। खेलों से न केवल शारीरिक और मानसिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित होती है। सरकार ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए डाइट मनी को 120 रुपए से बढ़ाकर 220 रुपए किया है और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जा रहा है।

# बदले की राजनीति से काम कर रही कांग्रेस सरकार : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में राजनीति का उद्देश्य सदैव विकास और जनकल्याण का रहा है, न कि बदले की भावना का, लेकिन मौजूदा सरकार सत्ता के नशे में लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर विपक्षी नेताओं और असहमति जताने वाले विधायकों को प्रताड़ित करने पर उतारू है।

शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जिस राह पर वह चल रहे हैं, न वह काम अच्छा है और न ही उसका अंजाम। सत्ता स्थायी नहीं होती और दमन की राजनीति का हिसाब जनता समय आने पर जरूर लेती है।

उन्होंने अधिकारियों को भी स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि राजनीतिक दबाव में आकर कानून की सीमाएं न लांघें, क्योंकि सरकारें बदलती हैं, लेकिन व्यवस्था और जिम्मेदारी बनी रहती है। शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस का साथ छोड़ चुके पूर्व कांग्रेसी और निर्दलीय विधायकों को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है। हमीरपुर विधायक आशीष शर्मा के मामले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अवैध खनन जैसे मामलों में जहां कार्रवाई का अधिकार खनन विभाग का है, वहां पुलिस खुद पार्टी बनकर मुकदमे दर्ज कर रही है।

बिना ठोस शिकायत के लगातार थाने बुलाकर मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है, ताकि जमानत न मिल सके। यही नहीं, अन्य आठ विधायकों और उनके परिजनों के खिलाफ भी राजनीतिक प्रतिशोध के तहत फर्जी मुकदमे, नोटिस और प्रशासनिक दबाव बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह न तो लोकतंत्र है और न ही हिमाचल की राजनीतिक संस्कृति।

उन्होंने कांगड़ा कार्निवल के नाम पर वसूली को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब कार्यक्रम सरकार द्वारा अधिसूचित है तो फिर चंदे के लिए पत्र क्यों जारी किया गया और उसमें आधिकारिक खाता नंबर क्यों नहीं दिया गया। क्या यह कैश वसूली का प्रयास है? वहीं, आपदा पीड़ितों के साथ हो रहे व्यवहार को अमानवीय बताते हुए उन्होंने कहा कि जिन परिवारों ने अपने परिजन खोए और जिनकी लाश तक नहीं मिली, उन्हें थानों में बैठाया जा रहा है। इसके अलावा बंजार, धर्मपुर सहित प्रदेश के कई क्षेत्रों में अवैध कटान और खनन के मामलों पर सरकार की चुप्पी को भी उन्होंने गंभीर बताया।

# धर्माणी ने काठगढ़ मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ किया 'इंदौरा उत्सव' का शुभारंभ

## तकनीकी शिक्षा मंत्री ने चिट्टे के खिलाफ जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



चिट्टे के खिलाफ जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी।

**इंदौरा।** नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी), आवास, तकनीकी शिक्षा, वोकेशनल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने काठगढ़ महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ दो दिवसीय इंदौरा उत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने मुख्य अतिथि तकनीकी शिक्षा मंत्री का शॉल, टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी, पूर्व विधायक अजय महाजन तथा राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के उपाध्यक्ष विशाल चंबियाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। धर्माणी ने विधायक मलेंद्र राजन तथा इंदौरा विधानसभा वेलफेयर एंड डेवलपमेंट सोसायटी को उत्सव के आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि उत्सवों के बिना जीवन नीरस और अधूरा होता है। उत्सव न केवल हमारे जीवन को सजीव बनाते हैं, बल्कि हमें अपनी जड़ों, संस्कृति और मानवीय मूल्यों से भी जोड़ते हैं। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि सीएम सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा चिट्टे के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान निरंतर प्रभावी हो रहा है। मुख्यमंत्री का नारा 'चिट्टे को भगाना है, युवाओं को बचाना है' प्रदेशभर में एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। इस अभियान को सफल बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इससे पहले तकनीकी शिक्षा मंत्री ने नशे के खिलाफ जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों, महिला मंडलों एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ भी किया। इंदौरा उत्सव के पहले दिन पंजाबी गायक गुरनाम भुल्लर ने समां बांधा। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस सचिव विवेक ठाकुर, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष करण मालटू, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दविंदर मनकोटिया, इंदौरा पंचायत प्रधान भूपाल कटोच, हिमुडा निदेशक जतिंदर चंदेल, एसपी कुलभूषण वर्मा, एसडीएम सुरेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# विजेता चौधरी को आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी लंदन ने नवाजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान

ज्ञान ज्योति कॉलेज राजोल की प्राचार्य विजेता चौधरी को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी लंदन द्वारा सम्मानित किया गया। यूनिवर्सिटी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस, जिसमें अमेरिका, इटली, फ्रांस, बांग्लादेश, इंग्लैंड सहित 30 अन्य देशों के वक्ताओं ने भाग लिया। इस कॉन्फ्रेंस में विजेता चौधरी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए इंग्लैंड की लेबर पार्टी के पूर्व सदस्य एवं लंदन के डिप्टी मेयर द्वारा सम्मानित किया गया। यह वर्ल्ड लीडर्स कॉन्फ्रेंस ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के कॉलेज में आयोजित की गई। इसमें विजेता चौधरी द्वारा की नोट स्पीकर के रूप में अपना शोध पत्र एंपावरिंग माइंड्स और ट्रांसफॉर्मिंग फ्यूचर के विषय पर पढ़ा गया। इस कार्यक्रम में ज्ञान ज्योति कॉलेज के प्रेसिडेंट वीरेंद्र चौधरी ने भी भाग लिया।

# शराब ठेके के विरोध में लामबंद हुईं महिलाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** की पंचायत नरवाना खास के वार्ड नंबर 1 गांव खुलुई बाडग के लोगों का प्रतिनिधिमंडल प्रधान ग्राम पंचायत नरवाना खास सरिता देवी व महिला मंडल प्रधान श्रेष्ठा देवी के नेतृत्व में जिला प्रशासन से मिला।

ग्रामीणों ने नरवाना खास के वार्ड 1 गांव खुलुई बाडग के पास शराब का ठेका खुलने का विरोध जताया।

**जिला प्रशासन को सौंपा शिकायत पत्र**

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में रहने वाले घरों के नजदीक कुछ दिन पहले शराब का ठेका खोल दिया है, जिससे गांव खुलुई बाडग और साथ साथ स्कूल के बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ेगा । महिला मंडल की सदस्यों ने इस शराब की दुकान खुलने का कड़ा विरोध किया था, लेकिन ठेकेदार ने पुलिस बुलाकर महिला मंडल के सदस्यों को वहां से जाने के लिए बाध्य दिया कर दिया था। इस शराब की दुकान खुलने से महिलाओं बुजुर्गों, युवा वर्ग एवं बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने उपायुक्त कांगड़ा से इस शराब की दुकान को वहां से हटाने के लिए आग्रह किया है,, ताकि लोग शांतिपूर्वक तरीके से रह सकें।

# मैक्लोडगंज में होगा संगीत, लोक कला और सिनेमा का संगम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मैक्लोडगंज में स्थानीय और लोक कलाकारों को मंच प्रदान करने के लिए 27 दिसंबर को 'धार 2025' का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य धर्मशाला की सांस्कृतिक पहचान को नई दिशा देना है। इंटेलिपल्स सॉल्यूशंस की सीईओ संध्या सूरी ने बताया कि यह आयोजन तिब्बतियन इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स (टिपा) में होगा, जहां दर्शकों को संगीत, फिल्म और कला का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। फिल्मकार ओनिर मास्टर क्लास का संचालन करेंगे और अपनी पुरस्कार विजेता फिल्म 'फहीम एंड करुण' की स्क्रीनिंग प्रस्तुत करेंगे।

**27 दिसंबर को किया जाएगा 'धार 2025' का आयोजन**

इसके बाद फिल्म निर्माण पर संवाद सत्र होगा। शाम के सत्र में कलाकारों की प्रस्तुति होगी, जिसमें करीब 450 दर्शकों के बीच पहाड़ी और समकालीन सुरों का संगम गूंजेगा। साथ ही स्थानीय संस्कृति को दर्शाने वाले व्यंजनों के स्टॉल, कला प्रदर्शनियां और सांस्कृतिक झलकियां आयोजन को एक जीवंत अनुभव में बदल देंगी। इस इवेंट के मार्केटिंग हेड जयशाह ने कहा कि वे कई उभरते हुए लोक कलाकारों को भी इस मंच पर स्थान देने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि नई प्रतिभाओं को पहचान, अवसर और प्रोत्साहन मिल सके।

# योल बाजार में अव्यवस्थित तरीके से खड़ी कार से टकराई बस, एक घंटे तक लगा जाम

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**

**योल।** योल बाजार में वीरवार सुबह करीब 10 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक ग्राहक ने अपनी कार सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़ी कर दी।

इसी दौरान पीछे से आ रही एक निजी बस कार से टकरा गई। हादसे के बाद बाजार की मुख्य सडक़ पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और लगभग एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।

जाम के चलते राहगीरों, दुकानदारों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस के सामने ही दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया, जिसके बाद वाहनों को हटाकर यातायात बहाल किया गया। स्थानीय लोगों ने बाजार क्षेत्र में अव्यवस्थित पार्किंग पर नाराजगी जताते हुए नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की परेशानी से बचा जा सके।

# डाडासीबा में स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के कांगड़ा जोन में विद्युत उपभोक्ताओं के घरों, दुकानों, सरकारी और अर्द्ध सरकारी कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू हो गया है। इसी क्रम में विद्युत उपमंडल डाडासीबा के तहत स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्युत उपउपमंडल डाडासीबा के अतिरिक्त कार्यभार देख रहे सहायक अभियंता जनक राज ने बताया कि यह प्रक्रिया तब तक जारी रहेगी, जब तक क्षेत्र के सभी मीटर पूरी तरह से बदल नहीं दिए जाते। उपभोक्ताओं से अपील की कि घरों, दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर बदलवाने या लगवाने में पूर्ण सहयोग प्रदान करें। स्मार्ट मीटर लगाने से विद्युत उपयोग की सटीक निगरानी, बिलिंग में पारदर्शिता और ऊर्जा बचत जैसे लाभ प्राप्त होंगे। उपभोक्ताओं को सलाह दी कि किसी भी असुविधा की स्थिति में निकटतम विद्युत कार्यालय डाडासीबा से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि पहले व्यवसायिक मीटर को बदला जा रहा है, फिर घरेलू बिजली के मीटर बदले जाएंगे।

# डाडासीबा के रिहायशी इलाके में तेंदुआ दिखने से लोगों में दहशत

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा की पंचायत के वार्ड-6,7 (कलेड़) में बुधवार रात को तेंदुआ रिहायशी इलाके में घूमता नजर आया, जिससे लोग सहम गए हैं। रात करीब 8 बजे खेतों और घरों के करीब तेंदुए की मौजूदगी ने पूरे क्षेत्र को दहशत में डाल दिया। स्थानीय निवासी कनिका ने बताया कि रात को जब घर वापस जा रही थी तो खेतों में तेंदुए को देखा। वहीं, सुनील, सुदर्शन, राजिंदर ग्रामीणों का कहना है कि यह इलाका आबादी वाला है और आसपास मवेशियों के बाड़े व खेत मौजूद हैं।

लोगों ने वन विभाग से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। डाडासीबा निवासी वीरेंद्र कुमार उर्फ बिल्ला ने बताया वीरवार सुबह 6 बजे के करीब वह झील में मछलियों का जाल देखने जा रहे थे, तो सुबह तेंदुए को वार्ड-7 में जल शक्ति विभाग की पेयजल की रिग लगी है, वहां पर तेंदुए को देखा गया। तेंदुए की चहलकदमी से इलाके के लोग डर गए हैं। उन्होंने वन विभाग से मांग की है कि तेंदुए को पकड़ा जाए। डाडासीबा पंचायत के उपप्रधान परमेश्वरी दास ने बताया कि तेंदुए की सूचना उन्हें मिली है। डाडासीबा रेंजर अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही विभाग अलर्ट है। उन्होंने कहा कि तेंदुए को पकड़ने के लिए जल्द पिंजरा लगाया जाएगा,, ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# कृषि विवि पालमपुर में कस्टम हायरिंग सेंटरों के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** कृषि क्षेत्र में महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (अ.भा.स.अनु.परियोजना) महिला कृषि के तहत स्थापित कस्टम हायरिंग सेंटरों के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह परियोजना विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में क्रियान्वित की जा रही है।

समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह कुलपति समिति कक्ष में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एके पांडा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् केंद्रीय कृषिरत महिला संसथान, भुवनेश्वर की निदेशक डॉ. मृदुला देवी, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. चंद्रकांता वत्स सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहे। कुलपति डॉ. एके पांडा ने अ.भा.स.अनु.परियोजना-महिला कृषि टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए इस पहल को महिला किसानों के सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों एवं किसान हित समूहों द्वारा तैयार उत्पादों के लिए प्रभावी विपणन व्यवस्था विकसित करने पर भी बल दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. मृदुला देवी ने वैज्ञानिकों के अथक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए महिलाओं के तकनीकी-सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं, अधिष्ठाता डॉ. चंदरकांता वत्स ने आईसीएआर-सीआईडब्ल्यूए के सतत सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हुए वैज्ञानिकों एवं कृषक महिलाओं के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। इससे पहले डॉ. रंजना वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि अ.भा.स.अनु. परियोजना-महिला कृषि के इकाई समन्वयक डॉ. राज पाठानिया ने परियोजना के अंतर्गत स्थापित कस्टम हायरिंग सेंटरों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय कृषिरत महिला संसथान के मार्गदर्शन में मंडी जिले के भडयाड़ा (चौंतड़ा विकासखंड), कांगड़ा जिले के भुहाना (पंचरुखी विकासखंड) तथा तंबर (लंबागांव विकासखंड) गांवों में तीन कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों को आधुनिक कृषि उपकरणों, मशीनों एवं यंत्रों से सुसज्जित किया गया है, जिससे कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं में कृषि उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा सके तथा उनकी आजीविका के अवसर सुदृढ़ हों।

# यूथ कांग्रेस की बैठक में बूथ जोड़ो अभियान पर की चर्चा

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पीडब्लूडी रेस्ट हाउस बैजनाथ में यूथ कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भारतीय कांग्रेस के सचिव और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी ज्योतिष हिमाचल प्रदेश यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष चंद्रमणी कुलेठी, जिला कांगड़ा के यूथ अध्यक्ष सुनील कुमार विक्कू, बैजनाथ विधानसभा के नेता रविंदर बिट्टू और बैजनाथ यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष अतुल चौधरी ने भाग लिया। बैठक में आईवाईसी की महत्वपूर्ण पहल बूथ जोड़ो अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अभियान के तहत यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर जाकर लोगों से जुडने और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य दिया गया है। इस अवसर पर ज्योतिष ने कहा कि यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता ही कांग्रेस की रीढ़ हैं। हमें युवाओं की शक्ति को पहचानना होगा और उन्हें संगठन के लिए काम करने के लिए प्रेरित करना होगा। चंद्रमणी कुलेठी ने कहा कि बैजनाथ यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता बेहद सक्रिय हैं। वहीं, सभी नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ जोड़ो अभियान में भाग लें व कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम करें।

# सड़क, स्वास्थ्य व शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: केवल पठानिया

## डोहब में उचित मूल्य की दुकान, कॉमन सर्विस सेंटर व हैंडपंप का किया लोकार्पण

**कोहली, अनंत ज्ञान**



पांच महिला मंडलों को 11-11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

**शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बुधवार को शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की डोहब पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ व लोकार्पण किया। उन्होंने पंचायत में उचित मूल्य की दुकान, 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित कॉमन सर्विस सेंटर तथा वार्ड नंबर तीन, रिंडली मोहल्ला में 2.50 लाख रुपए की लागत से स्थापित विद्युत संचालित हैंडपंप को जनता को समर्पित किया।

पठानिया ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार आमजन को बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य व शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। सीमित संसाधनों के बावजूद सरकार ने अपने तीन वर्षों के कार्यकाल में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने बताया कि डोहब में उचित मूल्य की दुकान खुलने से लगभग 200 राशन कार्ड धारकों को लाभ मिलेगा। वहीं, कॉमन सर्विस सेंटर के आरंभ होने से पूरी पंचायत के नागरिकों को विभिन्न सरकारी व जनसेवाओं का लाभ सुलभ होगा। रिंडली मोहल्ला में स्थापित हैंडपंप से वार्ड के 18 परिवारों की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान हो गया है। उपमुख्य सचेतक ने रिंडली मोहल्ला के लिए बंदला खड्ड पर बने पुल की आवश्यक मरम्मत के लिए शीघ्र धनराशि उपलब्ध करवाने की घोषणा की। वहीं, विद्युत विभाग द्वारा नए बिजली के खंभे लगाए जा रहे हैं, जिनका कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने गांव के पांच महिला मंडलों को 11-11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने लोगों की समस्याओं को भी सुना और अधिकांश का मौके पर निपटारा करते हुए शेष को त्वरित करवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया।

# डाइट्स में बंद हो मालडजेस्टमेंट का खेल शिक्षा गुणवत्ता से हो रहा खिलवाड़: एचजीटीयू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश शिक्षा विभाग के तहत शिक्षण एवं प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट्स) इन दिनों शिक्षकों की मालडजेस्टमेंट का केंद्र बने हुए हैं। इससे अध्यापक प्रशिक्षण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है। यह आरोप प्रदेश के सबसे बड़े शिक्षक संगठन राजकीय अध्यापक संघ के राज्य अध्यक्ष वीरेंदर चौहान एवं महासचिव तिलक नायक ने प्रेस बयान में लगाए हैं। संघ नेताओं ने कहा कि डाइट्स में प्रशिक्षित और योग्य शिक्षकों की कमी के कारण अब छोटे-छोटे प्रशिक्षण कार्यक्रम भी बाहरी कंपनियों और गैर-सरकारी संस्थाओं से करवाने पड़ रहे हैं। इससे न केवल सरकारी संसाधनों की उपेक्षा हो रही है, बल्कि स्कूल संस्थान भी बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। घटती गुणवत्ता के कारण अभिभावकों का सरकारी स्कूलों से भरोसा उठता जा रहा है, जिसका असर विद्यार्थियों के पलायन के रूप में सामने आ रहा है। सरकार और शिक्षा विभाग पर आरोप लगाया कि डाइट्स जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण संस्थानों में शिक्षक नियुक्ति के लिए कोई स्पष्ट चयन मापदंड तय नहीं किए हैं। परिणामस्वरूप राजनीतिक दबाव के चलते बिना अनुभव, उपयुक्त शैक्षणिक योग्यता और आवश्यक प्रशिक्षण के अध्यापक मालडजेस्टमेंट के जरिए डाइट्स में तैनात हो रहे हैं। कांगड़ा, हमीरपुर, सोलन, शिमला, मंडी सहित प्रदेश की कई डाइट्स में वर्षों से टीजीटी शिक्षकों को प्रवक्ता पदों पर मालडजेस्टमेंट देकर प्रशिक्षण प्रक्रिया को प्रभावित किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि यदि टीजीटी शिक्षकों को डाइट्स में नियुक्त करना है तो उनके लिए स्पष्ट चयन मापदंड तय कर लिखित परीक्षा या टेस्ट के माध्यम से चयन किया जाए। संघ नेताओं ने चेतावनी दी कि शीघ्र ही वे मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव और शिक्षा निदेशक से मिलकर अपना रोष व्यक्त करेंगे तथा अयोग्य शिक्षकों को हटाने के लिए संघर्ष का रास्ता अपनाएंगे, ताकि सरकारी शिक्षा व्यवस्था में जनता का विश्वास बहाल किया जा सके।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल में शिक्षकों को किया पर्यावरणीय स्थिरता के लिए सशक्त



प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में दो दिवसीय जिलास्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में दो दिवसीय जिला स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला पठानकोट के लगभग 50 शिक्षकों ने भाग लिया, जिससे यह सभी प्रतिभागियों के लिए ज्ञानवर्धक अनुभव साबित हुई। यह कार्यक्रम पंजाब राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा जिला शिक्षा विभाग, पठानकोट के सहयोग से पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसे पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार का समर्थन प्राप्त है। पहले तकनीकी सत्र में रीना चड्ढा, महाप्रबंधक, इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन ने 'कचरे से परिवर्तन: प्लास्टिक एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के माध्यम से कार्बन फुटटप्रिंट में कमी' पर व्यावहारिक जानकारी साझा की।

दूसरे सत्र में इको रूट्स फाउंडेशन के मनोज लीला भट्ट ने नेस्ट मेकिंग विषय पर प्रकृति-आधारित और रचनात्मक सत्र प्रस्तुत किया, जिसे प्रतिभागी शिक्षकों ने अत्यधिक सराहा। मुख्य अतिथि उप जिला शिक्षा अधिकारी अमनदीप सिंह ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को पर्यावरणीय स्थिरता के लिए परिवर्तन का वाहक बनाते हैं और कक्षाओं तथा समाज में सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। प्रताप वर्ल्ड स्कूल के निदेशक सनी महाजन ने कार्यशाला की महत्ता को रेखांकित किया, जबकि ओशिन महाजन और प्राचार्या सुभ्रा रानी ने कहा कि पर्यावरण शिक्षा अब अनिवार्यता बन चुकी है और इस प्रकार की पहलें शिक्षकों को जागरूकता से क्रियाशीलता की ओर ले जाती हैं।

# सरकार कर रही कार्निवल के नाम पर उगाही, सरकारी तंत्र बना वसूली का हथियार : सुधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक सुधीर शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में आज कार्निवल जैसे सांस्कृतिक आयोजनों की आड़ में दबाव बनाकर पैसे मांगने की राजनीति चल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने



प्रदेश का माहौल तनावपूर्ण बना दिया है और सरकारी विभागों का दुरुपयोग कर खुलेआम उगाही करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा वैली कार्निवल के नाम पर पेट्रोल पंप, एलपीजी गैस एजेंसियों, राइस व फ्लोर मिलर्स, ईंट भट्ठा मालिकों और अन्य लाइसेंसधारकों से सरकारी पत्र जारी कर आर्थिक योगदान मांगना बेहद शर्मनाक है। सुधीर शर्मा ने कहा कि यह कोई स्वैच्छिक सहयोग नहीं बल्कि डर और दबाव के माहौल में की जा रही उगाही है। सरकार यदि ऐसे आयोजन करना चाहती है तो इसके लिए बजट में स्पष्ट प्रावधान करे, न कि व्यापारियों पर आर्थिक बोझ डाले। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक ताकत का दुरुपयोग कर सरकारी तंत्र को राजनीतिक वसूली एजेंसी में बदला जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तानाशाही जैसा माहौल बना दिया गया है। हैरानी की बात यह है कि जिस पत्र से पैसे मांगे जा रहे हैं, उसमें 'कार्निवल' शब्द की स्पेलिंग तक बार-बार गलत लिखी गई है, जो सरकार की लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना रवैये को दर्शाता है। भाजपा इस मुद्दे पर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी।

# शाहपुर कॉलेज के रेंजर्स ने किया राज्यस्तरीय शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन



रेंजर्स पल्लवी और कोमल ने दी राज्य पुरस्कार परीक्षा और 14 रेंजर्स ने निपुण बैज की उपाधि अर्जित की।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**भारत** स्काउट एंड गाइड्स के ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में 10 से 14 दिसंबर तक आयोजित स्टेट लेवल निपुण एवं राज्य पुरस्कार टेस्टिंग शिविर में प्रदेश के 35 महाविद्यालयों के लगभग 280 रेंजर्स ने भाग लिया। इसमें शाहपुर कॉलेज की कुल 16 रेंजर्स ने सहभागिता करते हुए उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की।

रेंजर्स पल्लवी एवं कोमल ने राज्य पुरस्कार की परीक्षा दी, जबकि 14 रेंजर्स ने निपुण बैज की उपाधि अर्जित की। निपुण रेंजर बनने वाली छात्राओं में हिताक्षी, अनु बाला, पूजा, रिया, सारिका, ईशा ठाकुर, नीरज नंदा, आरती, आंचल ठाकुर, श्याना, आंचल कुमारी, पल्लवी, श्रुति एवं कीर्ति शामिल हैं। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत ने चयनित रेंजर्स को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, नेतृत्व कौशल तथा समाजसेवा की भावना विकसित करते हैं और उन्हें जीवनभर के अनुभवों के लिए तैयार करते हैं। रेंजर लीडर प्रोफेसर प्रो. आशा शर्मा ने बताया कि यह एक दक्षता स्तर का प्रशिक्षण कैंप था, जिसमें व्यक्तित्व विकास, प्राथमिक चिकित्सा, सामाजिक जिम्मेदारी, अग्रणी प्रशिक्षण, विपरीत परिस्थितियों में जीवन तथा विभिन्न प्रकार की गांठें बांधने जैसी गतिविधियां शामिल थीं। रोवर्स-रेंजर्स इकाई के लीडर प्रोफेसर हरीश, रेंजर लीडर प्रो. आशा शर्मा एवं शिल्पा के मार्गदर्शन में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# सांस्कृतिक आयोजनों की आड़ में सरकारी उगाही : बिक्रम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां-परागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर ने कांगड़ा वैली कार्निवल के नाम पर व्यापारिक संस्थानों से आर्थिक सहयोग जुटाने के मामले को लेकर कांग्रेस सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सिविल सप्लाई विभाग के कांगड़ा जिला नियंत्रक का पत्र सोशल मीडिया में वायरल होना इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस सरकार अब सांस्कृतिक आयोजनों की आड़ में उगाही को सरकारी नीति बना चुकी है। बिक्रम ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में कांगड़ा वैली कार्निवल जैसे आयोजनों को लेकर गंभीर है, तो उसके लिए बजट में स्पष्ट प्रावधान क्यों नहीं किया गया। सरकारी कार्यक्रमों के लिए व्यापारियों और दुकानदारों से पैसा मांगना सरकार की नीयत और वित्तीय कुप्रबंधन को दर्शाता है। यह सहयोग नहीं, बल्कि दबाव और भय के माहौल में की जा रही जबरन वसूली है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार प्रदेश को चंदा राज की ओर धकेल रही है, जहां हर सरकारी आयोजन जनता की जेब पर डाका डालकर किया जा रहा है। पहले टैक्स, अब कार्निवल के नाम पर वसूली यह कांग्रेस की जनविरोधी सोच को उजागर करता है। व्यापारियों पर आर्थिक बोझ डालना पूरी तरह अनुचित और निंदनीय है। बिक्रम ठाकुर ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस सरकार ने उगाही की यह नीति बंद नहीं की, तो भाजपा व्यापारियों और आम जनता के हितों की रक्षा के लिए मजबूती से सड़कों पर उतरेगी।

# हिमाचल को 'चंदा राज' की ओर धकेल रही सुक्खू सरकार: परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कांगड़ा वैली कार्निवल के नाम पर व्यापारियों से आर्थिक सहयोग वसूलने के मामले को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है।



उन्होंने कहा कि यह घटना साफ दर्शाती है कि कांग्रेस सरकार अब संस्कृति की आड़ में सरकारी उगाही को अपनी नीति बना चुकी है। कार्निवल के आयोजन को लेकर उपायुक्त कार्यालय द्वारा खाद्य आर्पूति विभाग को जारी एक पत्र इस का बात का परिणाम भी है। परमार ने कहा कि सिविल सप्लाई विभाग के कांगड़ा जिला नियंत्रक का पत्र सोशल मीडिया में वायरल होना, इस बात का पुख्ता सुबूत है कि सरकारी कार्यक्रमों के लिए बजट बनाने के बजाय जनता और व्यापारियों की जेब पर डाका डाला जा रहा है। यह सहयोग नहीं, बल्कि दबाव और भय के माहौल में की जा रही जबरन वसूली है। यदि सरकार वास्तव में कांगड़ा वैली कार्निवल जैसे आयोजनों को लेकर गंभीर है, तो बजट में इसके लिए स्पष्ट प्रावधान क्यों नहीं किए गए। परमार ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार प्रदेश को धीरे-धीरे चंदा राज की ओर धकेल रही है, पहले टैक्स बढ़ाए गए, अब सरकारी आयोजनों के नाम पर वसूली की जा रही है। यह कांग्रेस की जनविरोधी सोच और विफल शासन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। एक ओर सरकार आर्थिक संकट का रोना रोती है, दूसरी ओर भव्य आयोजनों की आड़ में व्यापारियों से पैसे ऐंठे जा रहे हैं। तीन साल के शासन में विकास ठप है, रोजगार समाप्त हो चुके हैं और अब व्यापार वर्ग को भी निशाना बनाया जा रहा है। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि दोषी अधिकारियों पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस सरकार ने उगाही की यह नीति तुरंत बंद नहीं की, तो भाजपा व्यापारियों और आम जनता के हितों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरकर निर्णायक संघर्ष करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सकड़ी व कुंसल में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विद्युत उपमंडल कुदैल के तहत आने वाले कुदैल फीडर की मरम्मत व रखरखाव के कारण 19 दिसंबर को इस उपमंडल के अधीन आने वाले विद्युत सेक्शन महाकाल सकड़ी व कुंसल के कुछ गांव में विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से लेकर काम खत्म होने तक बंद रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता विधुत उपमंडल कुदैल सुभाष कपूर ने दी। साथ ही उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील भी की।

### संच परौर में स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** भाग कांगड़ा के अंचल पालमपुर, संच परौर के रसेड़ में वीरवार को स्वास्थ्य जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. नितिन वालिया, संच अध्यक्ष साहिल, उपाध्यक्ष भाग्य ठाकुर, सचिव अश्विनी कुमार, आशा वर्कर कुशला देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेखा सहित अन्य पदाधिकारी और लगभग 60 ग्रामवासी उपस्थित रहे। डॉ. नितिन वालिया ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया, जबकि आशा वर्कर ने टीबी रोग की जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन शुभकामना मंत्र के साथ हुआ।

### कांगड़ा-चंबा से सर्वाधिक अभ्यर्थी सेना में चयनित : विशाल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** आर्मी भर्ती कार्यालय (एआरओ) पालमपुर ने कांगड़ा और चंबा जिलों से भारतीय सेना में भर्ती के क्षेत्र में अब तक का रिकॉर्ड बनाते हुए ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। एआरओ पालमपुर के निदेशक कर्नल विशाल शाह ने बताया कि प्रथम प्रेषण में 1233 चयनित अभ्यर्थियों को देश के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों के लिए रवाना किया जा चुका है, जबकि द्वितीय प्रेषण के अंतर्गत लगभग 472 अभ्यर्थियों को जनवरी के प्रथम सप्ताह में भेजा जाएगा। कर्नल शाह ने इस सफलता के लिए जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा, एडीएम शिल्पी बेकटा, एसडीएम मोहित रत्न, पुलिस एवं प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि युवाओं की देशसेवा के प्रति प्रतिबद्धता और एआरओ पालमपुर की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया का परिणाम है।

### डेयरी आपूर्ति को लेकर आरकेएस की आपात बैठक

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर सिविल अस्पताल की रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की आपात बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती ने की। बैठक में अस्पताल के एमएस डॉ. तिलक भागरा ने बताया कि अस्पताल में डेयरी उत्पादों की आपूर्ति सामान्य नहीं है और संबंधित ठेकेदार द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है, जिससे मरीजों को समय पर नाश्ता उपलब्ध नहीं हो पा रहा। इस संबंध में कई बार नोटिस जारी करने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से वर्तमान ठेकेदार की सेवाएं तीन माह के लिए निलंबित करने तथा अन्य ठेकेदार से लगभग पुरानी दरों पर डेयरी उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। एसडीएम ने निर्णयों को शीघ्र लागू करने के निर्देश दिए।

### पुड़बा में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह की ग्राम पंचायत पुड़बा में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई का शुभारंभ उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा (भाप्रसे) द्वारा किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सुलह योगेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे। उपायुक्त ने इकाई के लिए भूमि दान करने वाली स्वर्णा देवी धर्मपत्नी देशराज, गांव द्रमण को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस इकाई का पंचायतों में उत्पन्न प्लास्टिक कचरे के सुव्यवस्थित निपटान के लिए प्रभावी उपयोग किया जाए। कार्यक्रम के दौरान एनआरएलएम स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसकी उपायुक्त ने सराहना की। साथ ही उन्होंने विकास खंड कार्यालय का निरीक्षण कर रिकॉर्ड व विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

### एयरपोर्ट मामले की सुनवाई 24, 25, 26 फरवरी को

**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार का मामला जो हाई कोर्ट शिमला में चल रहा है, जिसकी सुनवाई वीरवार को हुई। एयरपोर्ट विस्तार संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया कि कोर्ट में आधा घंटा सुनवाई के दौरान सरकार के एडवोकेट अपने फीजिबिलिटी, रिपोर्ट, फॉरेस्ट क्लीयरेंस, मांझी पुल को किस तरह चैनलाइज किया जाएगा, के बारे में कुछ भी संतोष जनक जवाब नहीं पेश नहीं कर पाए। इसी के चलते कुछ तथ्यों पर विचार-विमर्श करते हुए माननीय न्यायाधीश ने अब यह फैसला 24, 25, 26 फरवरी को रखा है और यह फैसला अब फाइनल ही होगा।

### चैन सिंह ने मृत्यु उपरांत शरीर दान का लिया संकल्प

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** मानव सेवा की अनूठी मिसाल पेश करते हुए जवाली विधानसभा क्षेत्र की सिद्धपुर घाड़ पंचायत के गांव झालूं निवासी पत्रकार चैन सिंह गुलेरिया ने मृत्यु के बाद अपना पूरा शरीर मेडिकल रिसर्च व शिक्षण कार्यों के लिए दान करने का निर्णय लिया है। उनके इस मानवतावादी कदम की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। चैन सिंह गुलेरिया ने कहा कि शरीर दान ऐसा पुण्य कार्य है, जिससे मृत्यु के बाद भी मानवता की सेवा संभव होती है। इससे मेडिकल विद्यार्थियों को अध्ययन और शोध में सहायता मिलती है। उनके परिवार ने भी इस निर्णय का समर्थन किया है।

### एंटी-चिट्टा अभियान के समर्थन में संकल्प कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** श्रम कल्याण अधिकारी ने बताया कि कार्यालय श्रम कल्याण अधिकारी, कांगड़ा तथा इसके अधीन आने वाले सभी उप कार्यालय पालमपुर, देहरा एवं नूरपुर के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा नशा मुक्त हिमाचल अभियान के अंतर्गत एंटी-चिट्टा अभियान के समर्थन में एक संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ली कि वे समाज में नशा उन्मूलन के प्रति जागरुकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### लावारिस पशुओं से किसान हो रहे परेशान



**पवन डोगरा, अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र लावारिस पशुओं से हर कोई परेशान है। पशु किसानों की फैसलों को नुकसान पहुंचा हैं। वहीं, राहत चलते लोग भी इनसे भयभीत हैं, क्योंकि कई बार बैल और गाय राहगीरों पर हमला कर देते हैं, जिससे जानमाल की हानि तक हो चुकी है। पालतू पशुओं को खुले में छोड़कर लोग अपनी परेशानी तो कम कर लेते हैं, लेकिन इससे समाज की समस्या बढ़ जाती है। गोशालाओं में सीमित संसाधन और चारे की कमी के कारण सभी पशुओं को रखना संभव नहीं है। पशुओं को पकड़ने के बाद भी कुछ समय में उनकी संख्या फिर बढ़ जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसका स्थायी समाधान तभी संभव है, जब छोटे बछड़ों का समय रहते बंध्याकरण किया जाए। इसके लिए पशुपालन विभाग, सरकार और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास जरूरी हैं, तभी लोगों को लावारिस पशुओं से राहत मिल सकेगी।

# धर्मशाला में ड्रोन शो-केरल का बहुशैली थाई कुडम बैंड बिखेरेगा सुरों के रंग

## 24 दिसंबर से शोभायात्रा के साथ आरंभ होगा कांगड़ा वैली कार्निवल: डीसी

**पंजाबी, बालीवुड और हिमाचल के कलाकार जमाएंगे रंग**



28 दिसंबर की सांस्कृतिक संध्या में हिमाचली कलाकार दिखाएंगे जौहर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पर्यटन** को बढ़ावा देने के लिए इस बार धर्मशाला में कांगड़ा वैली कार्निवल का भव्य आयोजन 24 दिसंबर से 31 दिसंबर तक होगा। धर्मशाला के पुलिस मैदान में होने वाले कांगड़ा वैली कार्निवल में आठ संध्या आयोजित होंगी।

इसके साथ ही ड्रोन शो, क्रिकेट, फुटबाल तथा स्टीट थियेटर, आतिशबाजी शो, मैराथन का आयोजन भी किया जाएगा। यह जानकारी डीसी हेमराज बैरवा ने देते हुए बताया कि कांगड़ा वैली कार्निवल के सफल आयोजन के लिए कमेटियां गठित कर दी गई हैं, जिसमें एडीसी विनय कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। इसके साथ ही स्थानीय लोगों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। डीसी ने कहा कि इस बार सांस्कृतिक संध्याओं में ड्रोन शो के साथ साथ केरल का बहुशैली संगीत बैंड थाई कुडम भी संगीत के रंग बिखेरेगा। वहीं, एनजेडसीसी के कलाकार, हिमाचल तथा बालीवुड के कलाकारों को भी मंच प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि 24 दिसंबर को कांगड़ा वैली कार्निवल का शोभायात्रा के साथ शुभारंभ किया जाएगा। शोभायात्रा डीसी कार्यालय परिसर से आरंभ होगी तथा आयोजन स्थल पर शोभायात्रा का समापन किया जाएगा। इसमें पारंपरिक परिधानों के साथ स्थानीय कलाकार शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर को पहली सांस्कृतिक संध्या में केरल का बहु शैली संगीत बैंड थाई कुडम, 25 दिसंबर को वालीबुड गायक अंकित तिवारी, 26 सूफी गायक कंवर ग्रेवाल, 27 दिसंबर को कुमार साहिल, 28 दिसंबर को कुलदीप शर्मा, करनैल राणा सहित हिमाचली कलाकार, 29 दिसंबर को बब्बू मान, 30 दिसंबर को पैराडाक्स रैंपर, 31 दिसंबर को इंशात भारद्वाज, नेहा सहित कई कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे इसके साथ ही 31 दिसंबर को आतिशबाजी शो भी दिखाया जाएगा। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से कांगड़ा जिले को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इसी क्रम में सरकार के दिशा-निर्देशों पर कांगड़ा वैली कार्निवल का आयोजन किया जा रहा है, जिसे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

**हॉट बैलून भी होगा कार्निवल का आकर्षण**

**हॉट** बैलून भी कार्निवल के मुख्य आकर्षण रहेंगे। उन्होंने बताया कि कांगड़ा घाटी कार्निवल में मिलेट्स फेस्टिवल और क्राफ्ट बाजार का भी आयोजन किया जाएगा। हस्तकला और शिल्प से संबंधित स्टॉल स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही स्थानीय स्वयं सहायता समूहों को उनके उत्पादों की बिक्री के लिए स्थान उपलब्ध करवाने के साथ महिलाओं और युवाओं के लिए विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा।

# कांगड़ा वैली कार्निवल को मिला सरकारी दर्जा, पर्यटन को नई पहचान : जग्गी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**धर्मशाला** नगर निगम के पूर्व महापौर देवेंद्र जग्गी ने कहा कि कांगड़ा जिले के लिए यह अत्यंत गर्व और ऐतिहासिक क्षण है कि कांगड़ा वैली कार्निवल को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा आधिकारिक रूप से सरकारी उत्सव का दर्जा प्रदान किया गया है। सरकार द्वारा इसकी अधिसूचना जारी किए जाने के साथ ही यह उत्सव अब प्रत्येक वर्ष 24 से 31 दिसंबर तक पुलिस मैदान, धर्मशाला में नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा।

देवेंद्र जग्गी ने कहा कि अब तक कांगड़ा वैली कार्निवल का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा अपने स्तर पर किया जाता था, जिसके चलते बजट की सीमाएं और तिथियों में अस्थिरता बनी रहती थी। कभी यह उत्सव सितंबर में तो कभी नवंबर में आयोजित होता था, जिससे न तो पर्यटकों को स्पष्ट जानकारी मिल पाती थी और न ही आयोजन को अपेक्षित भव्यता मिलती थी। सरकारी दर्जा मिलने से अब न केवल बजट की कोई कमी नहीं रहेगी, बल्कि यह आयोजन प्रदेश सरकार के वार्षिक आधिकारिक कैलेंडर का स्थायी हिस्सा बन गया है।

उन्होंने कहा कि 24 से 31 दिसंबर की निश्चित तिथि तय होना अपने आप में एक दूरदर्शी निर्णय है, क्योंकि इसी अवधि में क्रिसमस और नववर्ष के अवसर पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक धर्मशाला और कांगड़ा घाटी का रुख करते हैं। ऐसे में कांगड़ा वैली कार्निवल पर्यटकों के लिए एक अतिरिक्त और विशिष्ट आकर्षण के रूप में उभरेगा।

**पर्यटन गतिविधियों को मिलेगी नई गति**

पूर्व महापौर ने कहा कि इस कार्निवल के माध्यम से कांगड़ा जिले में पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी और होटल, टैक्सी, रेस्टोरेंट, हस्तशिल्प, स्थानीय व्यापारियों एवं स्वरोजगार से जुड़े लोगों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचेगा। यह आयोजन कांगड़ा को प्रदेश की पर्यटन राजधानी के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा।

# धर्मशाला कॉलेज की मेघना का गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली के लिए चयन



मेघना हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर नई दिल्ली में करेगी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** कॉलेज की एनएसएस स्वयंसेविका मेघना का चयन 26 जनवरी को आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली के लिए हुआ है। मेघना का यह चयन न केवल उनकी व्यक्तिगत मेहनत, अनुशासन और प्रतिबद्धता का परिणाम है, बल्कि यह राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के एनएसएस इकाई की निरंतर मेहनत, मार्गदर्शन और प्रेरणादायी वातावरण को भी दर्शाता है। मेघना अब हिमाचल प्रदेश, जिला कांगड़ा एवं राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर नई दिल्ली में करेगी। इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों प्रो. निशेष कुमार, डॉ. दीपिका ठाकुर तथा प्रो. पूजा सैंडल को बधाई, जिनके अथक प्रयास, मार्गदर्शन और समर्पण ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को संभव बनाया गया।

### रोजमैरी पब्लिक स्कूल हरिपुर में सीनियर विंग की वार्षिक खेल प्रतियोगिताएं संपन्न

# विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**



विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया।

**देहरा।** रोजमैरी पब्लिक स्कूल हरिपुर के सीनियर विंग (कक्षा 6 से 12 तक) की वार्षिक खेल प्रतियोगिताएं संपन्न हो गईं।

इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए विभिन्न खेल स्पर्धाओं में भाग लिया। खेल सप्ताह के दौरान विद्यालय परिसर खेल गतिविधियों से जीवंत बना रहा। इस वर्ष आयोजित प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबाल एवं बैडमिंटन जैसी प्रमुख खेल श्रेणियां शामिल रहीं। सभी वर्गों के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और दृढ़ संकल्प का शानदार प्रदर्शन किया। विशेष रूप से 100 मीटर दौड़ में छात्रों की फुर्ती और गति देखने योग्य रही, वहीं कबड्डी और खो-खो में टीम भावना, रणनीति और सामूहिक प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत हुआ। वॉलीबाल और बैडमिंटन मुकाबलों में खिलाड़ियों ने तकनीकी कौशल और खेल नियमों की गहरी समझ का परिचय दिया। विद्यालय के अध्यक्ष विवेक कौंडल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में विजेता एवं उपविजेता विद्यार्थियों को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। विवेक ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि ये अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं खेल शिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए आयोजन की सफलता के लिए खेल विभाग की टीम को बधाई दी।

# एचपीसीए कार्यकारिणी चुनाव को नामांकन आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एचपीसीए की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया होगी। एक पद के लिए एक से अधिक नामांकन आने पर 20 दिसंबर को चुनाव करवाए जाएंगे। शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया सुबह साढ़े 10 बजे से 3 बजे तक चलेगी। एचपीसीए कार्यकारिणी में इसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और संयुक्त सचिव के पद के लिए चुनाव होगा। सूत्रों के अनुसार, इस बार तीन से चार नए चेहरों को कार्यकारिणी में जगह मिल सकती है। वर्तमान कार्यकारिणी में दो सदस्य ऐसे हैं, जिन्हें कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर छह साल हो गए हैं। दो सदस्यों को अभी तीन साल ही हुए हैं। लोढा समिति के तहत एक सदस्य कार्यकारिणी में छह साल तक रह सकता है। इसके बाद उन्हें कूलिंग पीरियड में जाना पड़ता है, ऐसे में इस बार दो सदस्यों को कार्यकारिणी में दोबारा मौका मिल सकता है। गौरतलब है कि 30 अक्तूबर को एचपीसीए की कार्यकारिणी का तीन साल का कार्यकाल पूरा हो चुका था, लेकिन धर्मशाला में भारत-दक्षिण अफ्रीका टी-20 मैच के कारण उस समय चुनाव नहीं करवाए जा सके थे। अब मैच का आयोजन हो चुका है, तो प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मौजूदा कार्यकारिणी में वर्तमान अध्यक्ष की आकस्मिक मृत्यु होने से कई दिनों से अध्यक्ष पद खाली चल रहा है। उधर, एचपीसीए सचिव अवनीश परमार ने बताया कि शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया के बाद एक पद पर एक से अधिक नामांकन आते हैं तो 20 दिसंबर को मतदान होगा। इसके अलावा अपैक्स काउंसिल के तीन सदस्यों का चुनाव भी चुनाव होगा।

**एक पद के लिए एक से अधिक आवेदन आने पर शनिवार को होगा मतदान**

# जयसिंहपुर से 22 और बैजनाथ से छह कार्यकर्ताओं ने ग्रहण की 'आप' की सदस्यता

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** आम आदमी पार्टी संगठनात्मक जिला पालमपुर की बैठक सामुदायिक भवन भवारना में जिला अध्यक्ष शेर सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हिमाचल प्रदेश आम आदमी पार्टी के प्रभारी व राष्ट्रीय प्रवक्ता ऋतुराज गोविंद झा मुख्य अतिथि तथा सहायक प्रभारी अजय राजपूत विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्य सचिव बलदेव राज, जिला कांगड़ा के पर्यवेक्षक पूर्ण चंद, राज्य प्रवक्ता काली दास, राज्य कोऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्य राजकुमार व अर्जुन सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में संगठनात्मक जिला पालमपुर के अंतर्गत आने वाले जयसिंहपुर, बैजनाथ, सुलह और पालमपुर विधानसभा क्षेत्रों के लगभग 100 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर के अध्यक्ष कैप्टन विनोद कुमार ने मंच संचालन किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला संगठन संवाद को मजबूत करना और संगठन विस्तार पर चर्चा करना रहा। इस दौरान जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र से 22 तथा बैजनाथ से 6 कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रभारी ऋतुराज गोविंद झा ने जिला व विधानसभा कार्यकारिणियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यकर्ताओं से संगठन विस्तार को लेकर सुझाव, शिकायतें व मतभेद खुलकर रखने का आह्वान किया। सभी वक्ताओं की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उनका समाधान किया गया।

प्रभारी ने कहा कि आने वाले समय में पार्टी को गांव और पंचायत स्तर तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता आम आदमी पार्टी को तीसरा विकल्प के रूप में देख रही है । उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा की कार्यकारिणी की जल्दी ही घोषणा कर दी जाएगी। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने विश्वास दिलाया कि आम आदमी पार्टी से कार्यकर्ताओं को जोड़ने का काम शुरू कर देंगे तथा पंचायत व गांव स्तर पर आम आदमी का संगठन बनाएंगे। इसके साथ ही प्रभारी के दिशा निर्देश अनुसार आने वाले पंचायत चुनाव में स्वच्छ छवि के ईमानदार लोगों को बाहर से समर्थन किया जाएगा, क्योंकि स्थानीय निकाय की कोई भी चुनाव जो है वह पार्टी के चुनाव चिन्ह पर नहीं होते हैं।

**'आप' संगठनात्मक जिला पालमपुर की बैठक आयोजित**

# खीरगंगा घाट की सीढ़ियों में हो रहे पानी के रिसाव को तुरंत रोका जाए: एसडीएम

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम की अध्यक्षता में मंदिर न्यास की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंदिर न्यास से जुड़े विभिन्न विकासात्मक, व्यवस्थागत एवं प्रशासनिक विषयों पर चर्चा की गई। प्रदेश सरकार की अनुशंसा के अनुरूप खीरगंगा घाट को हरिद्वार की तर्ज पर विकसित करने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। विभागों को निर्देश दिए गए कि खीरगंगा घाट के सौंदर्यीकरण एवं सुविधाओं के विकास के लिए ठोस कार्य योजना तैयार की जाए। बैठक में गोशाला के सुधारीकरण कार्य को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान गोशाला में आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र प्रारंभ करने, उसकी क्षमता बढ़ाने तथा शौचालय निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर न्यास की पार्किंग व्यवस्था पर भी विचार किया गया। बैठक में पार्किंग के न्यूनतम मूल्य निर्धारण को लेकर चर्चा की गई, ताकि वाहनों की सुचारु व्यवस्था के साथ-साथ श्रद्धालुओं पर अनावश्यक आर्थिक भार न उठाना पड़े। खीरगंगा घाट की सीढ़ियों में हो रहे पानी के रिसाव पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिसाव को तुरंत रोका जाए तथा कूहल को एक माह के भीतर पूर्ण रूप से दुरुस्त किया जाए, ताकि जलापूर्ति एवं घाट की संरचना को किसी प्रकार का नुकसान न हो। बैठक के दौरान जनवरी माह में आयोजित होने वाले घृतमंडल को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर मंदिर की आकर्षक सजावट करने, आयोजन से संबंधित आवश्यक वस्तुएं समय रहते एकत्रित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि घृतमंडल के दौरान गर्भगृह में केवल अधिकृत पुजारियों को ही प्रवेश की अनुमति रहेगी।

# पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने दुर्गेला में लगाए निशुल्क चिकित्सा शिविर



शिविर में 250 से ज्यादा लोगों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**दुर्गेला** पंचायत में पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शाहपुर की ओर से समाज के जरूरतमंद वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 250 से ज्यादा स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर के दौरान सामान्य रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग एवं बाल रोग सहित विभिन्न विभागों के अनुभवी डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की। सैकड़ों मरीजों को नि:शुल्क परामर्श, दवाइयां एवं आवश्यक चिकित्सकीय मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अस्पताल के महाप्रबंधक डॉ. रिपिन हीरा ने कहा कि इस प्रकार के शिविर समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। पंचायत प्रधान भारती एवं उप प्रधान संदीप राणा और स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजकों और चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। शिविर का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना रहा, जिसमें आयोजक पूरी तरह सफल रहे।

# राज्यस्तरीय लोहड़ी मेला 2026 की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान, देहरा/परागपुर।** खंड विकास अधिकारी परागपुर के सभागार कक्ष में वीरवार को राज्यस्तरीय लोहड़ी मेला-2026 की अग्रिम तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह पोटन ने की, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मेले के सफल, सुव्यवस्थित एवं भव्य आयोजन के लिए विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। एसडीएम ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने कार्यों को समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें और विभागीय दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लोहड़ी मेला क्षेत्र की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच है। इस वर्ष मेला पारंपरिक स्वरूप में और अधिक भव्यता के साथ मनाया जाएगा।

उन्होंने विभागों और आम जनता से हेरिटेज धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। सभी विभागों को अपने-अपने प्रदर्शनियों, स्वच्छता, शौचालय, पेयजल, बिजली एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस विभाग को कानून-व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन, विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति और जल शक्ति विभाग को पर्याप्त पेयजल व्यवस्था करने के लिए कहा गया। एसडीएम ने अधिकारियों से नियमित समीक्षा बैठक आयोजित करने और आपसी समन्वय एवं पूर्ण सहयोग से कार्य करने का आग्रह किया, ताकि राज्य स्तरीय लोहड़ी मेला-2026 सफलतापूर्वक आयोजित हो सके।

**बैठक** किसानों की उपज के लिए अच्छे बाजारों से समन्वय स्थापित किए जाएं

# किसानों को फसल बीमा के लिए करें प्रेरित: चंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुई उत्तर क्षेत्र के पांच जिलों की कृषि योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा बैठक।

**महाविद्यालय** धर्मशाला के प्रयास भवन में कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार की अध्यक्षता में कृषि विभाग द्वारा उत्तर क्षेत्र के पांच जिलों चंबा, कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर तथा ऊना में कार्यान्वित विभिन्न कृषि योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राकृतिक खेती सहित राज्य एवं केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। प्राकृतिक खेती की तकनीकों को अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विशेष चर्चा हुई।

कृषि मंत्री ने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों को कम प्रीमियम पर कृषि ऋण लेने तथा अपनी फसलों का बीमा करवाने के लिए प्रेरित करें, ताकि किसानों की आय में स्थिरता आए और वे अपनी आजीविका बेहतर ढंग से चला सकें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसानों की उपज के लिए अच्छे बाजारों से समन्वय स्थापित किया जाए, जिससे किसानों को उनकी उपज के वाजिब दाम मिल सकें। उन्होंने कहा कि विभाग के युवा अधिकारी नई तकनीकों एवं नवाचारों के साथ आगे आएं और किसानों को बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार करने के लिए प्रेरित करें। कृषि मंत्री ने जानकारी दी कि विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत उत्तर क्षेत्र में 405 विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्र आवंटित किए गए हैं, 24,182 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए हैं तथा 3,43,843 किसान क्रेडिट कार्ड किसानों को उपलब्ध करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कॉफी की पैदावार को बढ़ावा देने के लिए संबंधित अधिकारी उपयुक्त भूमि का चिह्नित करें। साथ ही चाय बागानों के मालिकों को अपने चाय बगीचों में नवाचार तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को उनके लिए संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। बैठक के दौरान संयुक्त निदेशक कृषि डॉ. राहुल कटोच ने कृषि मंत्री का स्वागत किया तथा विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

## न्यूज ब्रीफ

### समाज को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय उच्च विद्यालय बाड़ी मझेरवा द्वारा ग्राम पंचायत और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से नशे के विरुद्ध एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में स्कूल के विद्यार्थियों, शिक्षकों, महिलामंडलों और स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लेकर समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। रैली में मुख्यरूप से उपस्थित ग्राम पंचायत प्रधान पंकज चंदेल ने बच्चों और युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज के लिए एक अभिशाप है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहें, बल्कि दूसरों को भी इस बुरी आदत से बचाने के लिए प्रेरित करें। स्वास्थ्य शिक्षिका मंजू बाला ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार नशा शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से व्यक्ति और उसके परिवार को बर्बाद कर देता है।

### युवाओं के लिए जेरियाट्रिक केयर गिवर प्रशिक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी बिलासपुर और हेल्प एज इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहयोग से दो दिवसीय जेरियाट्रिक केयर गिवर प्रशिक्षण डीएलओ कॉन्फ्रेंस हॉल बिलासपुर में शुरू हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर ने किया। इसमें 26 युवा भाग ले रहे हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को वृद्धजनों की स्वच्छता, पोषण, दवाइयों की देखरेख, सुरक्षित उठाने-बिठाने, प्राथमिक उपचार, मानसिक सहयोग और सम्मानजनक व्यवहार से संबंधित व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण न केवल वृद्धजनों की बेहतर देखभाल में सहायक होगा, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी पैदा करेगा।

### कोट में टीबी के खिलाफ ड्रोन से किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला के स्वास्थ्य खंड झंडूता के अंतर्गत गांव कोट में निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य क्षय रोग (टीबी) की समय पर पहचान एवं जांच सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर हैंड-हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से कुल 86 लोगों के एक्स-रे किए गए। जानकारी देते हुए जिला क्षय रोग अधिकारी बिलासपुर अनंत राम ने बताया कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को जागरूक करने के लिए ड्रोन के माध्यम से सूचना प्रसारित की गई। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर जिला देश का ऐसा पहला जिला है, जहां टीबी उन्मूलन को ड्रोन तकनीक का प्रयोग जागरूकता अभियान में किया जा रहा है। शिविर के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं विशेषज्ञों द्वारा लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव, जांच एवं उपचार की जानकारी दी गई तथा समय पर जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर शिमला से विश्व स्वास्थ्य संगठन सलाहकार डॉ. श्रुति राजन, सलाहकार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. श्रुति ठाकुर, वित्त सलाहकार सुमित राणा, फार्मेसी अधिकारी पीसी सोनी, मनीष कुमार, महेश गौतम, टीबी पर्यवेक्षक कश्मीर ठाकुर, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर शिल्पा, आशा कार्यकर्ता अनिता देवी, रीता देवी तथा आशा फैसिलिटेटर रेखा कुमारी उपस्थित रहे।

### 150 प्रतिभागियों ने प्रस्तुत किए शोध पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा 17 दिसंबर को 'इंटरडिसिप्लिनरी एडवांसेस इन केमिस्ट्री: इनोवेशंस फॉर एन्वायरनमेंट, एनर्जी एंड सस्टेनेबिलिटी' विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन के समन्वयक प्रो. रंजीत सिंह ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा सार-पुस्तिका का विमोचन किया गया। कीनोट वक्ता डॉ. संदीप चौहान ने बायोमास आधारित सतत समाधानों पर, जबकि रिसोर्स पर्सन डॉ. धनंजय ने जैव-चिकित्सीय अनुप्रयोगों हेतु बायोसेंसरों पर व्याख्यान दिया। सम्मेलन हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 150 प्रतिभागियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। समापन सत्र में सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक डॉ. राकेश भारद्वाज मुख्यातिथि रहे। इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए और आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों को सम्मानित किया गया।

### पेंशनरों की देनदारियां अदा करे प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति जिला बिलासपुर द्वारा अखिल भारतीय पेंशनर्स दिवस जिला संयोजक चेत राम वर्मा की अध्यक्षता में विश्वकर्मा मंदिर डियारा सेक्टर बिलासपुर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अशोक कुमार चंदेल सामाजिक कार्यकर्ता व ट्रांसपोर्टर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की तदोपरांत दिवंगत आत्माओं के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। मंच संचालन करते हुए सुशील पुंडीर ने जिला भर से आये हुए लगभग तीन सौ पेंशनरों का स्वागत व अभिनंदन किया और इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भी धन्यवाद किया। संगठन के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि का शॉल, टोपी व मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। पेंशन दिवस पर जिला के विभिन्न विभागों के लगभग 18 संगठनों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया। मुख्यातिथि द्वारा जिला के 80 वर्ष पूर्ण कर चुके पेंशनरों को शॉल, टोपी व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया जिनमें श्री संत राम शर्मा जुखाला, प्यारे लाल कौशल कंदरौर, मनमोहन भंडारी शहरी इकाई और दौलत राम चौहान शामिल हैं।

# चिट्टे के खिलाफ अब बिलासपुर में 26 को निकाला जाएगा वॉकथॉन

## सीएम का राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर युवाओं के भविष्य को बचाने का संकल्प

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए चिट्टे के खिलाफ व्यापक अभियान ने पूरे प्रदेश में एक नई चेतना और उम्मीद का संचार किया है। चिट्टे जैसी घातक नशे की प्रवृत्ति के खिलाफ प्रदेश सरकार का यह अभियान दूरगामी और निर्णायक साबित होता नजर आ रहा है। इसी कड़ी में 26 दिसंबर को बिलासपुर जिले में वॉकथॉन आयोजित किया जाएगा, जो कि न केवल एक जनआंदोलन का रूप लेता दिख रहा है, बल्कि यह संदेश भी दे रहा है कि समाज अब चुप नहीं बैठेगा।



सीएम के प्रयासों से प्रदेश में पुलिस, प्रशासन, शिक्षा संस्थानों, सामाजिक संगठनों और आम जनता की साझा भागीदारी से नशे के खिलाफ वातावरण बना है। यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं रह गया, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में उभरा है। बिलासपुर जिला लंबे समय से चिट्टे की समस्या से जूझ रहा है। यह कड़वी सच्चाई है कि यहां के अनेक परिवारों ने अपने युवाओं को इस नशे की भेंट चढ़ते देखा है। पढ़ाई, खेल और रोजगार के सपने संजोए युवा चिट्टे की लत में फंसकर न केवल अपना भविष्य, बल्कि परिवार की खुशियां भी तबाह कर बैठे। ऐसे में 26 दिसंबर की महारैली उन माता-पिताओं, शिक्षकों और समाज के हर उस व्यक्ति की आवाज बनेगी, जो इस दर्द को करीब से जानता है।

वॉकथॉन का उद्देश्य केवल नशे के खिलाफ नारेबाजी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास भी है। संदेश स्पष्ट है—नशा नहीं, शिक्षा; नशा नहीं, रोजगार; नशा नहीं, स्वस्थ जीवन। इस वॉकथॉन के माध्यम से समाज को यह समझाने की कोशिश होगी कि नशे से लड़ाई केवल पुलिस या सरकार की नहीं, बल्कि हर नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे जन-जागरूकता अभियानों से युवाओं को मानसिक और नैतिक बल मिलता है।

जब सरकार, प्रशासन और समाज एक सुर में बोलते हैं, तो भटके हुए युवाओं को लौटने का रास्ता दिखता है। बिलासपुर का वॉकथॉन भी इसी विश्वास को मजबूत करेगा कि अभी बहुत देर नहीं हुई है। कुल मिलाकर, चिट्टे के खिलाफ मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किया गया यह अभियान हिमाचल प्रदेश के सामाजिक भविष्य से जुड़ा हुआ है। उम्मीद है कि यह पहल केवल एक आयोजन बनकर नहीं रह जाएगी, बल्कि नशामुक्त हिमाचल के संकल्प को जमीन पर उतारने में मील का पत्थर साबित होगी।

### सुरक्षा व भीड़ नियंत्रण के लिए होंगे पुख्ता इंतजाम



**चिट्टे** के खिलाफ निकाले जाने वाले वॉकथॉन की तैयारियों को लेकर उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में बचत भवन में वीरवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर, एसडीएम सदर राजदीप सिंह, सहायक आयुक्त राज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। उपायुक्त ने बताया कि यह वॉकथॉन प्रदेश सरकार की एंटी चिट्टा मुहिम का हिस्सा है। वॉकथॉन की शुरुआत ब्लॉयज स्कूल बिलासपुर से होगी, जहां मुख्यमंत्री नशे के खिलाफ शपथ दिलाएंगे। इसके बाद वॉकथॉन शहर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए लुहणू मैदान में संपन्न होगा। पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने बैठक में आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी व विभिन्न समितियों का गठन किया जाएगा।

# चिट्टे के सौदागरों के खिलाफ बने सख्त कानून: सुभाष ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा सदर उपाध्यक्ष सुभाष ठाकुर ने प्रेस को जारी बयान के माध्यम से समाज में तेजी से फैल रहे चिट्टा नशे तथा उससे हो रही युवा मौतों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार से मांग की है कि इस नशे की रोकथाम के लिए कड़े से कड़े कानून बनाए जाने चाहिए ताकि इस नशे के व्यापारियों में कानून का भय हो। उन्होंने कहा कि चिट्टा नशा शहर-शहर गांव-गांव में फैल चुका है। सुभाष ने कहा कि धर्मशाला में संपन्न हुई विधानसभा के दौरान भाजपा विधायकों ने इस जानलेवा नशे के खिलाफ खूब नारेबाजी की और समूल नाश की अपनी वचनबद्धता भी दोहराई, लेकिन सरकार को चाहिए कि वह इस बारे में कानूनों में संशोधन करके इसे कड़ाई से लागू करें। चिट्टा की बरामदगी में मात्रा न देखी जाए और इसकी जमानत भी न हो। इन मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की मदद ली जाए ताकि नशे के धंधे में संलिप्त लोगों को सलाखों के पीछे शीघ्रता से भेजा जाए। सुभाष ठाकुर ने कहा कि चिट्टे के धंधे में जुड़े लोगों से किसी प्रकार की कोई सहानुभूति न रखी जाए तथा कठोर से कठोर दंड का प्रावधान न्यायिक प्रक्रिया द्वारा दिया जाए। उन्होंने कहा कि तेजी से फैल रहे इस नशे का आलम यह है कि अब ग्रामीण स्वयं ठिकरी पहरा देने को विवश है। नशा कितना विकराल रूप धारण कर चुका है। युवा मौतों से जहां परिवार उजड़ रहे हैं, वहीं नशेड़ियों के कारण परिवार बर्बाद भी हो रहे हैं। बेबसी में जी रहे अभिभावक इतने लाचार हो चुके हैं कि आत्महत्या जैसे कदम उठाने को विवश हैं।



### नशे के कारण ही बढ़ रहा अपराधों का ग्राफ

**सुभाष** ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में नशे के कारण ही अपराध भी बढ़ रहे हैं। नशे की पूर्ति के लिए नशेड़ी किसी भी हद तक गुजर जाते हैं। हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि नशेड़ी राह चलते मुसाफिरों से छीना झपटी करने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। बिलासपुर बस स्टैंड पर इस प्रकार की घटनाएं आम हो रही हैं। अभी हाल में एक महिला का बैग छीनने की घटना को पुलिस ने तत्परता से सुलझा तो लिया था लेकिन यह कार्रवाई विराम नहीं है। लोगों को अपनी दुकान या मकान पर दिन रात चैकीदारी करनी पड़ रही है। सुभाष ठाकुर ने कहा कि चिट्टे के नशे के नाश के लिए जागरूकता से ज्यादा कठोर कार्रवाई की जरूरत है।

# नेशनल हेराल्ड मामला राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित: संदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया कॉर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने नेशनल हेराल्ड मामले को राजनीति से प्रेरित करार देते हुए कहा है कि अब यह पूरी तरह साबित हो गया है कि यह प्रकरण कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को बदनाम करने की एक साजिश था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की केंद्र सरकार ने स्वायत्त जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर यह मामला खड़ा किया। संदीप सांख्यान ने कहा कि बीते मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत द्वारा नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस सांसद एवं यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित अन्य आरोपियों को बड़ी राहत दी गई है। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार करते हुए स्पष्ट किया कि जांच निजी शिकायत पर आधारित है, न कि किसी एफआईआर पर। यह निर्णय इस बात की पुष्टि करता है कि पूरा मामला राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित था। उन्होंने कहा कि इस फैसले से ईडी और केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। यह स्पष्ट हो गया है कि जांच एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं को परेशान करने और उनकी छवि धूमिल करने के लिए किया गया। संदीप सांख्यान ने कहा कि जब कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को समन जारी किए गए थे, तब भी पार्टी ने सड़कों पर उतरकर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराया था। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर संसद से लेकर सड़क तक राजनीतिक और वैचारिक संघर्ष किया है और आगे भी भाजपा सरकार की 'बदले की राजनीति' के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कानून और संविधान में आस्था रखने वाली पार्टी है और अदालत के फैसले ने यह साबित कर दिया है कि सच आखिरकार सामने आता है। यह फैसला न केवल सोनिया गांधी और राहुल गांधी के लिए राहत है, बल्कि भाजपा सरकार के लिए भी करारा जवाब है।



# अपने हर वादे से मुकरी प्रदेश सरकार: रणधीर

## भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता भी बन सकता है राष्ट्रीय अध्यक्ष: जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा जिला कार्यालय में युवा मोर्चा की परिचय बैठक युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में युवा मोर्चा प्रदेश के उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा, श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा, सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल, भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा भाजपा एक संगठित पार्टी है। ये एक ऐसी पार्टी है जिसमे एक आम कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन भी युवा मोर्चा में राष्ट्रीय महामंत्री थे। उन्होंने कहा भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। भाजपा द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से वन बूथ दस यूथ अभियान को सक्रिय रूप से लागू किया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर दस ऊर्जावान, राष्ट्रवादी और समर्पित युवाओं को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है, ताकि पार्टी की नीतियों, योजनाओं और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि युवा शक्ति देश और संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। श्री नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा ने कहा भाजयुमो भारतीय जनता पार्टी का सशक्त और ऊर्जावान युवा संगठन है, जो राष्ट्र निर्माण में युवाओं की निर्णायक भूमिका सुनिश्चित करने के लिए निरंतर सक्रिय है। भाजयुमो संगठन देश के युवाओं को राष्ट्रवाद, सेवा, सुशासन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा भाजयुमो के माध्यम से युवाओं को नेतृत्व, संगठनात्मक क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए तैयार किया जा रहा है। भाजपा हिमाचल प्रदेश राज्य की कांग्रेस सरकार की विफलताओं, जनविरोधी नीतियों और झूठे वादों की कड़ी निंदा करती है। सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने हिमाचल की जनता से बड़े-बड़े दावे किए थे, लेकिन आज प्रदेश की जनता स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विकास कार्य ठप्प पड़े हैं, कानून-व्यवस्था की स्थिति कमजोर हुई है और प्रदेश की आर्थिक स्थिति को गंभीर नुकसान पहुंचा है। युवाओं को रोजगार, किसानों को समर्थन और महिलाओं को सुरक्षा देने के वादे केवल घोषणाओं तक सीमित रह गए हैं। कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों की भी लगातार अनदेखी की जा रही है।



युवा मोर्चा की परिचय बैठक में शामिल होने पहुंचे भाजपा नेता।

# सीएम सुक्खू केंद्र सरकार से धनराशि मिलने के बावजूद उसे कोस रहे: गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र गर्ग ने घुमारवीं में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के हालिया घुमारवीं दौरे के दौरान मंच से केंद्र सरकार के खिलाफ की गई बयानबाजी तथ्यहीन और जनता को भ्रमित करने वाली है, जबकि वास्तविकता इससे बिलकुल विपरीत है। राजेंद्र गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार पर हिमाचल प्रदेश को उसका हक न देने और आपदा राहत के तहत 1500 करोड़ रुपए न मिलने का आरोप लगाया, जबकि उसी मंच से यह भी स्वीकार किया गया कि केंद्र सरकार ने 453 करोड़ रुपए हिमाचल को जारी किए हैं। इससे स्पष्ट है कि केंद्र सरकार आपदा के समय प्रदेश की निरंतर आर्थिक सहायता कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सभी राज्यों को बिना किसी भेदभाव के मदद उपलब्ध करवा रही है। पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुक्खू केंद्र से धनराशि मिलने के बावजूद बार-बार केंद्र सरकार को कोसने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि केंद्र से प्राप्त धन का सही उपयोग नहीं हो रहा और विकास कार्यों की बजाय उसका दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने सरकार को 'मित्रों की सरकार' करार देते हुए कहा कि जनता को केवल झूठे आश्वासन दिए जा रहे हैं। राजेंद्र गर्ग ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से हिमाचल प्रदेश को अभूतपूर्व विकास मिला है। चार मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, जिला बिलासपुर में एम्स, हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, फोरलेन सड़कें, राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य बड़े आधारभूत ढांचे के कार्य केंद्र सरकार और नड्डा की देन हैं, लेकिन मुख्यमंत्री इन उपलब्धियों को नजरअंदाज कर लगातार गलत बयानबाजी कर रहे हैं।



# श्री नयना देवी में महिला का शव मिलने से फैली सनसनी

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट**

विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में उस समय सनसनी फैल गई, जब संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार, श्री नयना देवी-डडोह पैदल मार्ग पर सुलभ शौचालय से कुछ नीचे एक महिला का शव पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। प्रथम दृष्टया महिला के हाथ बंधे हुए थे और गले में दुपट्टा बंधा पाया गया, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। डीएसपी श्री नयना देवी विक्रांत ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। शाम के समय जिला पुलिस अधीक्षक संदीप धवल भी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने गहनता से मुआयना किया। इसके उपरांत रात को पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी संदीप धवल ने बताया कि प्रारंभिक तथ्यों के आधार पर यह महिला बाहर से आई हुई कोई श्रद्धालु हो सकती है, हालांकि अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस मामले की हर पहलू से गहनता से जांच कर रही है और किसी भी प्रकार की गुंजाइश नहीं छोड़ी जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया जारी है, जबकि पुलिस आसपास के क्षेत्रों, सीसीटीवी फुटेज और लापता व्यक्तियों के रिकॉर्ड खंगाल रही है।

# संस्कारों के बिना शिक्षा अधूरी: जम्वाल

## कोल वैली स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**अनंत ज्ञान, बरमाणा**

कोल वैली पब्लिक स्कूल नैहर में वीरवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की धूम रही। समारोह में बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने शिक्षा, खेलकूद, सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।

अपने संबोधन में त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व है। शिक्षित व्यक्ति ही अपना हर तरह का दायित्व सही ढंग से निभा सकता है। ज्ञान देने के साथ शिक्षा जीवन में निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने में अहम भूमिका निभाती है। शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है। शिक्षा जहां व्यक्ति को चरित्रवान बनाती है, वहीं दुनिया को जानने और समझने के काबिल बनाने के साथ ही समाज के प्रति दायित्व निभाने के लिए भी तैयार करती है। संस्कार और संस्कृति के बिना शिक्षा अधूरी है। बच्चों में जिस तरह के संस्कार होंगे, वे वैसे ही बनेंगे। उनमें अच्छे संस्कार विकसित करना केवल शिक्षकों नहीं, बल्कि उनके अभिभावकों और पूरे समाज की जिम्मेदारी है। संस्कारी बच्चे ही अच्छे नागरिक बनकर राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान सही ढंग से दे सकते हैं। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि स्कूलों में वार्षिक पारितोषिक समारोह बेहद जरूरी हैं। शिक्षा समेत अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहारों को पुरस्कृत करने से जहां उनका आत्मविश्वास और अधिक मजबूत होता है, वहीं दूसरे बच्चों को भी उनकी तरह बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है।

उन्होंने बच्चों का आह्वान किया कि वे अपने माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करें। नशे और अन्य बुरी आदतों से दूर रहते हुए उन्हें जीवन में निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के लिए ईमानदारी से कड़ी मेहनत करनी चाहिए। हर बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा छिपी होती है। उन्होंने अध्यापकों और अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की रुचि को पहचानकर उसी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उनका मार्गदर्शन करें।

# महिला उद्यमियों को ऑनलाइन पंजीकरण की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला उद्योग केंद्र बिलासपुर द्वारा उद्योग विभाग की पहल के अंतर्गत घुमारवीं में महिला उद्यमियों के लिए फंडिंग एवं नेटवर्किंग मीट का आयोजन किया गया। इस फंडिंग एवं नेटवर्किंग मीट में लगभग 40 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को बैंकिंग सुविधाओं, ऋण प्रक्रियाओं, सब्सिडी, बीमा, उद्यम पंजीकरण एवं ऑनलाइन पंजीकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

**फंडिंग एवं नेटवर्किंग मीट में 40 प्रतिभागियों ने लिया भाग**

कार्यक्रम के दौरान सफल महिला उद्यमी रेखा ने उद्योग विभाग की एमएमएसवाई योजना के अंतर्गत 40 लाख रुपए का ऋण प्राप्त कर अपने व्यवसाय के विस्तार से संबंधित अनुभव साझा किए, जिससे उपस्थित महिला उद्यमियों को प्रेरणा मिली। यह कार्यक्रम रैम्प परियोजना के घटक-7 'सोशल इंक्लूजन' के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों की वित्तीय पहुंच को सुदृढ़ करना तथा उन्हें बाजार से जोड़कर सशक्त बनाना रहा।

कार्यक्रम में जिले की महिला उद्यमियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। इस कार्यक्रम में ईओ (इंडस्ट्रीज) घुमारवीं पूनम कुमारी, यूको बैंक, बिलासपुर (एलडीएम कार्यालय) से एलडीएम चंद्रशेखर, आरसेटी बिलासपुर के निदेशक अजय, एनआरएलएम योजना से जिला कार्यक्रम प्रबंधक, बिलासपुर देशराज, एनयूएलएम योजना से सिटी मिशन मैनेजर, बिलासपुर वंदना चौधरी, तथा ब्लॉक कार्यालय सदर, घुमारवीं से मिशन एग्जीक्यूटिव बॉबी ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**महोत्सव** श्री नयना देवी ट्रस्ट स्थापना दिवस महोत्सव में भजन संध्या रही आकर्षण का केंद्र

# पंजाबी गायक रोशन प्रिंस की भेंटों पर झूमे श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी**

मंदिर न्यास श्री नयना देवी जी के 40वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे और अंतिम दिन दैनिक गतिविधियों के साथ रात्रि भजन संध्या कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा।

इस संध्या में पंजाब राज्य के प्रसिद्ध गायक रोशन प्रिंस ने अपनी गायकी से ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु मां की भक्ति में झूमते नजर आए। इस संध्या में उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि एसपी संदीप धवल, अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत और मंदिर न्यास के अध्यक्ष एसडीएम धर्मपाल विशिष्ठ अतिथियों की फेहरिस्त में शामिल रहे। गायक रोशन प्रिंस को सुनने के लिए आसपास की पंचायतों के लोगों के अलावा बाहरी राज्यों से श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचे थे। स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में तिल धरने लायक जगह शेष नहीं बची थी। लोगों ने बड़े आनंद से महामाई की भेंटों का आनंद लिया। आयोजकों को ओर से पंजाबी गायक रोशन प्रिंस और उनके सहयोगियों का मां जी दिव्य चुनरी भेंट कर स्वागत किया। गायक रोशन प्रिंस ने एक से बढ़कर एक भेंटें गाकर मां की चरणों में हाजरी लगाई। वही, डीसी राहुल कुमार ने मंदिर के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर माता जी के मंदिर में डिजिटल लाइटों का भी शुभारंभ किया और माता जी का वार्षिक कैलेंडर भी जारी किया। इस लाईटस से रात के समय में मां के भवन की भव्यता में चार चांद लग गए। मंदिर का अलौलिक नजारा देखते ही बन रहा था। मंदिर से लेकर भजन संध्या तक श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रही। डीसी बिलासपुर ने सभी मां के भक्तों को इस पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह मां की दिव्य शक्ति के कारण सारा कार्यक्रम संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस प्रकार के कार्यक्रमों को आगे भी जारी रखेगा। भजन संध्या समापन पर आयोजकों द्वारा प्रसाद भी वितरित किया गया।



श्री नयना देवी ट्रस्ट स्थापना दिवस महोत्सव में प्रस्तुति देते पंजाबी गायक रोशन प्रिंस।

# अधिकारियों-कर्मचारियों ने नशा मुक्त समाज निर्माण की ली शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला श्रम कल्याण कार्यालय बिलासपुर में वीरवार को नशा मुक्त हिमाचल अभियान के अंतर्गत नशा उन्मूलन के समर्थन में एक संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड नरदेव सिंह कंवर की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तर पर आयोजित किया गया।

इस बारे जानकारी देते हुए जिला श्रम कल्याण अधिकारी स्वाति शर्मा ने बताया कि इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर नरदेव सिंह कंवर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्त समाज निर्माण के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वह स्वयं किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों, विशेष रूप से चिट्टा एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन, भंडारण, खरीद-फरोख्त अथवा किसी भी प्रकार के प्रोत्साहन से पूर्णतः दूर रहेंगे। साथ ही यह भी सकंल्प लिया कि वह भविष्य में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से ऐसी किसी भी गतिविधि में सम्मिलित नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि नशा समाज के लिए एक गंभीर सामाजिक चुनौती है, जिससे निपटना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व भी है। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह किया गया कि वह अपने कार्यस्थल के साथ-साथ अपने परिवार एवं समाज में भी नशा मुक्त वातावरण के निर्माण हेतु निरंतर एवं सक्रिय भूमिका निभाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रदेश सरकार विदेश रोजगार में युवाओं को दे रही अवसर : चंद्रशेखर

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर/मंडी।** क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय मंडी में आयोजित साक्षात्कार कार्यक्रम में विधायक चंद्रशेखर ने 49 युवाओं को विदेश रोजगार हेतु चयन पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विदेश मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार युवाओं को सुरक्षित, पारदर्शी और सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध करवा रही है। इससे फर्जी एजेंटों से होने वाली ठगी और धोखाधड़ी से बचाव सुनिश्चित होता है। एचपीएसईडीसी के माध्यम से चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी तरीके से होती है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना और मंडी जिलों में यह पहल लागू की गई है। चयनित युवाओं को विदेश में किसी समस्या की स्थिति में भारतीय दूतावास से सहायता प्राप्त होगी। यूएई में रोजगार के लिए लगभग 200 युवाओं ने साक्षात्कार दिया। बाइक राइडर पद के लिए 44 और वेयरहाउस हेल्पर के लिए 5 युवाओं का चयन हुआ। कार्यक्रम में जिला श्रम अधिकारी भावना शर्मा समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### प्रशासन गांव की ओर शिवरों का आयोजन 19 से

**अनंत ज्ञान, करसोग।** एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने बताया कि प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के अंतर्गत 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान उपमंडल करसोग में सुशासन शिविरों का आयोजन किया जाएगा और घर द्वार पर लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी। लोगों की समस्याओं का मौके पर निपटारा किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि करसोग उपमंडल में आयोजित किए जाने वाले कैंपों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इस संबंध में नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सुशासन सप्ताह के पहले दिन 19 दिसंबर को प्रातः 11:30 बजे उप-तहसील कार्यालय बगशाड़ में कैंप आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए नायब तहसीलदार बगशाड़ मेहर सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। 20 दिसंबर को प्रातः 11:30 बजे उपतहसील कार्यालय पांगणा में नायब तहसीलदार पांगणा हुक्म चंद, 22 दिसंबर को दोपहर 12:30 बजे ग्राम पंचायत सराहन में खंड विकास अधिकारी करसोग सुरेंद्र कुमार व 23 दिसंबर को प्रातः 11:30 बजे खंड विकास अधिकारी करसोग चुराग रविकांत को सुशासन सप्ताह के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### मिशन शक्ति और पोषण पर कार्यशाला संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला परिषद भवन मंडी में आयोजित दो दिवसीय जिला-स्तरीय कार्यशाला का समापन हो गया। कार्यशाला का उद्देश्य महिला एवं बाल विकास से जुड़ी योजनाओं जैसे मिशन शक्ति और पोषण की पढ़ाई भी पहल के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए समन्वित रणनीति तैयार करना था। कार्यशाला में योजनाओं की वर्तमान प्रगति की समीक्षा की गई और फील्ड स्तर पर सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की गई। पोषण भी पढ़ाई भी पहल के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल पोषण और प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करने, महिला सशक्तिकरण और संरक्षण, तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन पर विचार विमर्श हुआ। सीडीपीओ, ब्लॉक समन्वयक और पर्यवेक्षकों ने अपने क्षेत्रीय अनुभव साझा किए। दो दिनों के मंथन में योजनाओं के समन्वय, निगरानी और जमीनी प्रभाव बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

### पंपिंग मशीनरी डिजाइन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में जाइका परियोजना हमीरपुर के सहयोग से पंपिंग मशीनरी के डिजाइन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मंडी, बिलासपुर, सिरमौर, शिमला, किन्नौर, कुल्लू, ऊना, सोलन, लाहौल-स्पीति और हमीरपुर से कनिष्ठ अभियंता, प्रारूपकार और सर्वेक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण में पम्प चयन, ऊर्जा दक्षता, संचालन एवं रख-रखाव, सौर ऊर्जा आधारित पम्पिंग, हाइड्रोलिक डाटा, पाइप चयन और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने की तकनीक पर जानकारी दी गई। आर्थिक और वित्तीय प्रबंधन, सामुदायिक संसाधन मानचित्रण और सरकारी योजनाओं से परियोजनाओं को जोड़ने के पहलुओं पर भी चर्चा हुई। बल्ह वैली मध्यम सिंचाई योजना में प्रयुक्त आधुनिक उपकरणों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया।

# चौगान बने मल-मूत्र के अड्डे

## भाजपा नेता की चेतावनी, सुधारी जाए चौगानों की हालत वरना होगा डीसी ऑफिस का घेराव

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**



वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अधिवक्ता जय सिंह मल-मूत्र से अटे चौगानों की दुर्दशा को दिखाते हुए।

**चंबा।** चंबा की पहचान और गौरव माने जाने वाले ऐतिहासिक चौगान आज प्रशासनिक नाकामी का जीता-जागता सबूत बन चुके हैं। चौगान नंबर-2, 3 और 4 अब खेल, संस्कृति या विरासत नहीं बल्कि खुलेआम मल-मूत्र और गंदगी के लिए कुख्यात होते जा रहे हैं। गुरवार को वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अधिवक्ता जय सिंह ने इस मुद्दे पर तीखा हमला बोलते हुए, जिला प्रशासन, सदर विधायक चंबा और नगर परिषद को सीधे कटघरे में खड़ा कर दिया।

जय सिंह ने दो टूक कहा कि प्रशासन की लापरवाही ने चंबा की ऐतिहासिक धरोहर को शर्मसार कर दिया है। कभी राजसी परंपरा और सांस्कृतिक आयोजनों के गवाह रहे चौगान आज 'खुले शौचालय' में तब्दील हो चुके हैं। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि लोग बिना किसी डर के यहां मल-मूत्र कर चले जाते हैं और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मात्र 100 मीटर की दूरी पर पुलिस चौकी, करीब 300 मीटर पर प्रशासनिक कार्यालय और ठीक बीच में नगर परिषद का कार्यालय मौजूद है, तो फिर यह गंदगी किसकी शह पर फैल रही है? क्या प्रशासन जान-बूझकर आंखें मूंदे बैठा है या फिर चंबा की विरासत उसकी प्राथमिकता में ही नहीं है?

जय सिंह ने आरोप लगाया कि चौगान नंबर-2, 3 और 4 में बाहरी लोगों द्वारा खुलेआम अतिक्रमण हो रहा है। चौगान नंबर-2 में एनआरएलएम से जुड़ी गरीब महिलाओं की कैनोपी लगती है, लेकिन लोग उसी के आसपास खुले में शौच कर चले जाते हैं, जिससे न सिर्फ उनकी रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है बल्कि उनका अपमान भी हो रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि चौगान नंबर-4 के बिल्कुल समीप उपायुक्त चंबा का आवास स्थित है। इसके बावजूद यह सब गतिविधियां उनके 'नाक के नीचे' चल रही हैं। जय सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि अगर यही विकास और स्वच्छता मॉडल है, तो फिर प्रशासनिक बैठकों और स्वच्छता अभियानों का क्या मतलब रह जाता है? चौगान में फैली गंदगी से हैजा जैसी घातक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि यहां रोजाना बच्चे खेलने आते हैं। जय सिंह ने इसे जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करार दिया।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि चौगान नंबर-2, 3 और 4 की हालत तुरंत नहीं सुधारी गई, तो उपायुक्त चंबा का घेराव किया जाएगा और नगर परिषद चंबा के खिलाफ सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। अब सवाल यह है क्या प्रशासन जागेगा या चंबा की ऐतिहासिक शान यूं ही गंदगी में दम तोड़ती रहेगी?

# चिट्टे के खिलाफ शपथ और नशा मुक्त हिमाचल का लिया संकल्प



**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण बोर्ड जिला चंबा के कार्यालय में वीरवार को नशे के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एंटी-चिट्टा (नशा विरोधी) शपथ ली। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्मिकों ने चिट्टे जैसे घातक नशे के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने, स्वयं व अपने परिजनों को इस नशे से दूर रखने तथा समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया।

विभागीय अधिकारियों ने आपसी संवाद के दौरान चर्चा करते हुए कहा कि चिट्टा न केवल युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना रहा है, बल्कि पूरे समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। ऐसे में सरकारी कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे नशे के खिलाफ उदाहरण प्रस्तुत करें और जन-जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में यह भी संकल्प लिया गया कि यदि कहीं भी नशे से संबंधित गतिविधियों की जानकारी मिलती है तो उसे तुरंत संबंधित विभागों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण बोर्ड जिला चंबा के विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भरमौर में एसएमसी शिक्षकों को नहीं मिला वेतन, बढ़ी परेशानी

**देशराज कश्यप, अनंत ज्ञान**

**धरवाला।** शिक्षा खंड भरमौर के अंतर्गत पड़ने वाले स्कूलों में कार्यरत एसएमसी अध्यापकों को नहीं मिला वेतन, जिससे अध्यापकों की परेशान बढ़ गई है। जैसे कि कमरे का किराया, स्कूली बच्चों का खर्च, जरूरी खाने की चीजें इत्यादि देने में अब स्थानीय दुकानदार भी कतराने लगे हैं।

एसएमसी संघ के अध्यक्ष अनूप वर्मा ने बताया शिक्षा खंड भरमौर के अंतर्गत पड़ने वाले स्कूलों जैसे औरा, मांधा, रणुहकोठी, होली, ऊलांसा, खणी, भरमौर, पूलन,चन्होता, गरोला, दुर्गेठी में कार्यरत अध्यापकों देवेंद्र शर्मा, जोगिंद्र, राकेश कुमार, बबीता शर्मा, सरिता शर्मा, सुरेंद्र कुमार, कंचन कुमार, करतार चंद, सुभाष शर्मा, धर्मेंद्र, रमेश कुमार, वेदप्रकाश, सुशील कुमार, अशोक कुमार, कुलदीप कुमार, राजेंद्र कुमार, मनजीत, प्रह्लाद, पिंकी देवी, संजय, नरेंद्र कुमार, विनोद कुमार, बिजेंद्र सिंह, पाल सिंह, तमन्ना कुमारी, दीपशिखा, विवेक कुमार, अनामिका, जीवन कुमार, जगदंबा कुमारी, राकेश कुमार, दीपिका ठाकुर, रजनी देवी आदि बहुत से एसएमसी संघ के अध्यापक व अध्यापिकाओं को नवंबर माह का वेतन अब तक नहीं मिला है।

जिससे विभिन्न स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों में सरकार के प्रति अच्छी खासी नाराजगी देखने को मिल रही है, एसएमसी संघ के अध्यक्ष अनूप वर्मा ने जल्द ही शिक्षकों के लंबित वेतन का भुगतान करने की अपील की है।

# भरमौर में किसानों को बीज संरक्षण के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



शिविर में उपस्थित किसानों और बागवानों को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ. विष्णु गोयल, साथ हैं अन्य।

जनजातीय उपयोजना के अंतर्गत पादप अनुवांशिक संसाधन जागरूकता कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय शिविर का आयोजन भरमौर में किया गया, जिसकी अध्यक्षता आईसीएआर नेशनल ब्यूरो ऑफ प्लांट जेनेटिक रिसोर्सेज नई दिल्ली के प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ. विष्णु गोयल ने की तथा मुख्यातिथि के रूप में चीफ फाइनेंस ऑफिसर डॉ. चमन सिंह रहे।

शिविर में उपस्थित किसानों और बागवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विशेषकर मोटे अनाज के विलुप्त हो रहे बीजों के संग्रहण करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इस कार्यक्रम में विभाग ऐसी सभी तरह के बीजों, वनस्पतियों के संरक्षण का प्रचार प्रसार जनजातीय एवं पिछड़े क्षेत्रों में कर रही है,जिनका उत्पादन उन क्षेत्रों में बहुत अधिक मात्रा में होता था। मगर बदलते परिवेश में ये सभी विलुप्त होने की कगार पर हैं। उन्होंने किसानों बागवानों से आग्रह करते हुए विभाग के कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य सहयोग देने की अपील की।

इस अवसर पर बागवानी विभाग के एसएमएस डॉ. मनोहर लाल ने बागवानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज सेब की अत्यधिक किस्में आ गई हैं, मगर जो पुराने जड़ू से, मुरब्बा सेब तथा चो आदि किस्में थीं, जो पोलीनाइजर के रूप में तीन गुना अधिक मानी जाती थीं, वे आज विलुप्त हो चुकी हैं। कृषि विभाग भरमौर के डॉ. नवीन ठाकुर ने उपस्थित किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत दी रही सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। जिनसे फसलों के उत्पादन से अधिक आय अर्जित हो सके। मटर तथा अन्य नगदी फसलों, सब्जियों का अधिक से अधिक उत्पादन करने की अपील की, जिसके हाई डेंसिटी के बीज सरकार उपलब्ध करवाती है।

# कांगड़ा-चंबा के युवाओं का एआरओ पालमपुर से सेना में अभूतपूर्व चयन




**अनंत ज्ञान, चंबा।** सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ) पालमपुर ने कांगड़ा और चंबा जिलों के युवाओं के साथ मिलकर भारतीय सेना में अब तक का सबसे बड़ा चयन कीर्तिमान स्थापित किया है। इस ऐतिहासिक सफलता ने क्षेत्र के युवाओं की मेहनत, अनुशासन और देशसेवा के प्रति समर्पण को साबित कर दिया है।

एआरओ निदेशक कर्नल विशाल शाह के अनुसार, प्रथम प्रेषण में 1233 चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों के लिए भेजा गया, जबकि द्वितीय प्रेषण में लगभग 472 और उम्मीदवारों को जनवरी के प्रथम सप्ताह में प्रशिक्षण केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। इस प्रक्रिया में जिला प्रशासन, पुलिस और नगर प्रशासन के सक्रिय सहयोग ने भर्ती को पारदर्शी और सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह उपलब्धि क्षेत्रीय युवाओं की तैयारी और एआरओ पालमपुर की प्रभावी रणनीति का परिणाम है।

# चंबा में चार अनाथ बच्चों की दर्दनाक दास्तां, सिस्टम पर उठे गंभीर सवाल

**अनंत ज्ञान, चंबा**



जिला चंबा से सामने आई ये तस्वीरें किसी का भी दिल दहला देने के लिए काफी हैं। फटी हुई छत, कड़कती ठंड, कच्ची मिट्टी की दीवारें और उसी एक कमरे में मवेशियों के साथ कांपते मासूम बच्चे-यह मंजर सिर्फ गरीबी नहीं, बल्कि सिस्टम की संवेदनहीनता की कहानी बयां करता है। चंबा जिले की ग्राम पंचायत भजोत्रा के गांव मटवाड़ में चार बेसहारा बच्चे ऐसी झोपड़ीनुमा कच्ची छत के नीचे जिंदगी गुजारने को मजबूर हैं, जहां न सुरक्षा है, न सम्मान और न ही भविष्य की कोई गारंटी। यह केवल एक परिवार की पीड़ा नहीं, बल्कि उस व्यवस्था पर बड़ा सवाल है, जो जरूरतमंदों तक पहुंचने का दावा तो करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है।

पिता जागीर सिंह की मृत्यु के बाद इन बच्चों की मां ने दूसरी शादी कर ली और अपने चारों बच्चों निशा देवी (17), संतोष कुमार (15), मीना देवी (11) और अर्जुन (8) को भगवान भरोसे छोड़कर चली गई। इसके बाद ये मासूम भाई-बहन जीवन और हालात से अकेले जूझ रहे हैं। बच्चों ने रुंधे गले से बताया कि न उनके पास दो वक्त का भोजन है, न पहनने के लिए गर्म कपड़े और न ही सिर छिपाने के लिए मकान। सर्द रातों में वे अपने मवेशियों के साथ उसी एक कमरे में ठिठुरते हुए रात गुजारने को मजबूर हैं।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों के पिता के नाम पर पहले ही आवास स्वीकृत था, लेकिन पिता के निधन के समय बच्चे नाबालिग थे। नियमों के चलते उनके नाम पर मकान का निर्माण नहीं हो सका। इसी कारण आज भी ये मासूम पक्के आवास से वंचित हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इन बेसहारा बच्चों को जल्द से जल्द पक्का मकान और आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाई जाए। आज सवाल यह है कि क्या इन मासूमों की जिंदगी यूं ही झोपड़ी में ठंड से कांपती रहेगी, या कोई जिम्मेदार इनकी फरियाद सुनकर इंसानियत निभाएगा?

# चुवाड़ी में 726 ग्राम चरस समेत आरोपी गिरफ्तार

**चुवाड़ी, चंबा।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला पुलिस चंबा ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। वीरवार को पुलिस थाना चुवाड़ी की टीम ने नियमित चेकिंग के दौरान मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने अभियोग संख्या 107/25 अधीन धारा 20 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत आरोपी देविंदर, निवासी गांव लम्हाग, तहसील चुराह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 726 ग्राम चरस बरामद की गई, जिसे मौके पर ही कब्जे में ले लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की गहन जांच की जा रही है तथा यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि चरस की सप्लाई कहां से लाई गई और किन-किन लोगों तक पहुंचाई जानी थी। जिला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जिला पुलिस चम्बा द्वारा नशे के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिससे क्षेत्र में अवैध नशा कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# पर्यटन की अपार संभावनाओं के बावजूद उपेक्षित है चंबा की छकुंड झील

**अनंत ज्ञान, चंबा**



प्राकृतिक सौंदर्य के लिए देश-विदेश में प्रसिद्ध जिला चंबा में आज भी कई ऐसे पर्यटन स्थल हैं जो सरकारी उपेक्षा के चलते पहचान से दूर हैं। ऐसा ही एक अनछुआ और बेहद खूबसूरत स्थल है छकुंड झील, जो अपनी नैसर्गिक सुंदरता और शांत वातावरण के बावजूद पर्यटन मानचित्र पर स्थान नहीं बना पाई है। अब इस धरोहर को पहचान दिलाने के लिए स्थानीय युवा आगे आए हैं।

स्थानीय निवासी हितेश ठाकुर (हैप्पी) ने छकुंड झील को पर्यटन के रूप में विकसित कराने के लिए एक विशेष मुहिम शुरू की है। उनका कहना है कि यह झील प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है और यदि यहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तो यह पर्यटकों के लिए बड़ा आकर्षण बन सकती है, लेकिन दुर्भाग्यवश आज तक न तो यहां तक पहुंचने के लिए पक्का रास्ता है और न ही पेयजल, बैठने या ठहरने जैसी बुनियादी सुविधाएं।

हितेश का मानना है कि यदि छकुंड झील को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाए तो अठलूई, राजिड़ू, कीड़ी सहित साहो क्षेत्र की पंचायतों में होमस्टे, गाइड और स्थानीय रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इससे युवाओं के पलायन पर भी रोक लगेगी और क्षेत्र की आर्थिकी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि झील के चारों ओर पहाड़ों और घने जंगलों का मनोरम दृश्य साहसिक पर्यटन और ट्रेकिंग प्रेमियों के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है।

स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों के सहयोग से जल्द ही इस विषय को लेकर विधायक चंबा और जिला प्रशासन को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें झील के सुंदरीकरण, पहुंच मार्ग और ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने की मांग की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन और पर्यटन विभाग इस ओर गंभीरता दिखाए, तो छकुंड झील चंबा के नए पर्यटन केंद्र के रूप में उभर सकती है और पूरे क्षेत्र के विकास का माध्यम बन सकती है।

# चंबा में ड्राई स्पैल की स्थिति से निपटने के लिए बागवानों को दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में लगातार कम बारिश और बर्फबारी के कारण मौसम का सीधा असर बागवानी पर पड़ रहा है। राज्य में ड्राई स्पैल की स्थिति से बागवानों की चिंता बढ़ गई है। इस बीच उद्यान विभाग चंबा के उपनिदेशक डॉ. प्रमोद शाह ने बागवानों को आवश्यक जानकारी और दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

डॉ. शाह ने बताया कि लंबे समय से पर्याप्त नमी न मिलने के कारण सेब और अन्य फलदार पौधों की बढ़वार प्रभावित हो सकती है। उन्होंने बागवानों को मल्चिंग, घास-फूस या सूखी पत्तियों का उपयोग कर मिट्टी में नमी बनाए रखने, सिंचाई का पानी सोच-समझकर प्रयोग करने और पौध संरक्षण उपाय अपनाने की सलाह दी। उन्हें कहा कि यदि आने वाले दिनों में बारिश या बर्फबारी होती है तो यह बागवानी के लिए राहत भरी होगी। तब तक बागवान विभाग के दिशा-निर्देशों का पालन कर अपनी फसलों को सुरक्षित रखें।

# सूखे की मार के बीच गेहूं की बिजाई में अपनाएं यह तरीका

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले में लंबे समय से बारिश न होने के कारण किसान सूखे जैसी स्थिति से जूझ रहे हैं। ऐसे कठिन हालात में कृषि विभाग चंबा ने किसानों के हित में अहम अपील जारी की है। कृषि उपनिदेशक भूपेंद्र कुमार ने गेहूं की बिजाई करने वाले किसानों को सलाह दी है कि मौजूदा मौसम को देखते हुए प्रति बीघा लगभग एक किलो अतिरिक्त बीज का प्रयोग करें, ताकि अंकुरण बेहतर हो और सूखे का प्रतिकूल असर कम हो सके। उन्होंने कहा कि लगातार नमी की कमी से फसलों पर संकट बढ़ रहा है, ऐसे में यह छोटा उपाय किसानों के लिए राहत साबित हो सकता है। विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और मौसम की बदलती परिस्थितियों पर नजर रखें।

# छात्रों ने अगार गांव का किया क्षेत्रीय अध्ययन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चंबा के भूगोल विभाग ने 18 दिसंबर को जुम्हार के समीप अगार गांव में क्षेत्रीय भ्रमण का आयोजन किया। भूगोल विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर शिवानी और सहायक आचार्य निशा कुमारी की अगुवाई में यह भ्रमण 40 छात्रों ने किया।

छात्रों ने गांव की कृषि व्यवस्था, सामाजिक और आर्थिक पहलुओं का अध्ययन किया। पाया गया कि अगार की अर्थव्यवस्था मुख्यत: पारंपरिक पहाड़ी कृषि पर आधारित है, लेकिन आधुनिक तकनीकी उपकरणों और मशीनों के अभाव में फसलों का उत्पादन कम है, जिससे ग्रामीण आर्थिक रूप से पूरी तरह सक्षम नहीं हैं।

भूगोल विभाग का उद्देश्य छात्रों को किताबी ज्ञान से हटकर वास्तविक परिस्थितियों से परिचित कराना था। इस भ्रमण से उन्हें ग्रामीण जीवन, कृषि समस्याओं और विकास की संभावनाओं को समझने का अवसर मिला।

# चंबा अदालत ने पत्नी के हत्यारे को दी उम्रकैद की सजा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रामनिक शर्मा ने पत्नी की हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है, जिसे न अदा करने पर दो वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। इसके अलावा धारा 201 के तहत उसे पांच वर्ष का कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माना भी भुगतना होगा। घटना 10 जून 2019 को मंडोलू गांव में घरेलू विवाद के दौरान हुई थी, जिसमें शराब के नशे में पति ने अपनी पत्नी को धक्का देकर उसकी मौत का कारण बना। दोषी ने बाद में सबूत मिटाने के लिए वारदात में प्रयुक्त डंडा जलाने का प्रयास भी किया। पुलिस जांच और 30 गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने दोष सिद्ध माना। यह फैसला महिला अपराधों के प्रति न्याय व्यवस्था की कड़ी चेतावनी माना जा रहा है।

**व्यथा** | आज भी सड़क से कटा गांव, बीमारों को कंधों पर ढोने को मजबूर ग्रामीण

# सुईलावासी बोले-सड़क नहीं तो वोट भी नहीं

**अनंत ज्ञान, चुराह/चंबा**



हिमाचल प्रदेश सरकार भले ही अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में विकास की उपलब्धियों के बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन इन दावों की जमीनी हकीकत चंबा जिला के चुराह विधानसभा क्षेत्र की जुनास पंचायत के सुईला गांव में आज भी सवालों के घेरे में है। आजादी के सात दशक बाद भी सुईला गांव सहित आसपास के लदेरू, लुटियास, सुखड़ू और पलनोटी गांव सड़क सुविधा से पूरी तरह वंचित हैं।

सड़क न होने के कारण यहां के सैकड़ों ग्रामीण आज भी विकास की मुख्यधारा से कटे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के अभाव में सबसे ज्यादा मार स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रही है। किसी के गंभीर रूप से बीमार होने पर उसे पीठ पर उठाकर या पालकी के सहारे कई किलोमीटर लंबे दुर्गम पहाड़ी रास्तों से मुख्य सड़क तक पहुंचाना पड़ता है। मजबूरी में ग्रामीणों ने अपनी जेब से एक स्ट्रेचर भी खरीदी है, लेकिन इलाज तक पहुंचने से पहले ही कई बार लोगों की रास्ते में जान जा चुकी है। गर्भवती महिलाओं के लिए यह सफर कई बार जानलेवा साबित हुआ है।

शिक्षा के क्षेत्र में भी हालात चिंताजनक हैं। सुईला गांव में केवल प्राथमिक विद्यालय की सुविधा है। इसके बाद उच्च शिक्षा के लिए बच्चों को रोजाना कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। लौटते समय अंधेरा हो जाने और जंगली जानवरों के खतरे के चलते खासकर बच्चियों की पढ़ाई बीच में ही छूट जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश बच्चियां दसवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो रही हैं, जिससे उनका भविष्य अंधकार में जा रहा है।

यह इलाका भारी बर्फबारी वाला क्षेत्र है। सर्दियों में बर्फ पड़ते ही सुईला गांव और आसपास के क्षेत्र कई महीनों तक पूरी तरह बाहरी दुनिया से कट जाते हैं। न स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच पाती हैं और न ही प्रशासनिक सहायता। ग्रामीणों का कहना है कि बर्फबारी के दौरान उनका जीवन पूरी तरह भगवान भरोसे चलता है। लगातार मिल रही उपेक्षा और नेताओं के झूठे आश्वासनों से नाराज़ होकर सुईला गांव और आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों ने अब आर-पार का मन बना लिया है। गांव में बैठक कर हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है और एक स्वर में चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द सड़क निर्माण नहीं किया गया, तो पंचायत, विधानसभा और लोकसभा समेत सभी चुनावों का सैकड़ों ग्रामीण बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों का साफ कहना है 'रोड नहीं तो वोट नहीं।'

ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार और प्रशासन से मांग की है कि सुईला गांव को शीघ्र सड़क मार्ग से जोड़ा जाए, ताकि स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं उन्हें भी मिल सकें।

महान ध्येय के प्रयत्न में ही आनंद है, उल्लास है और किसी अंश तक प्राप्ति की मात्रा भी है।

– जवाहरलाल नेहरू

## संपादकीय

# अधिकारियों की सुरक्षा कौन करे?

हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में शराब तस्करी, अवैध खनन, वन कटान और पशु तस्करी जैसी गतिविधियों का दिन-ब-दिन बढ़ना चिंताजनक है। इस स्थिति में सरकारी अधिकारी और विभागीय कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करने के दौरान जोखिम का सामना कर रहे हैं। मंडी जिले के सुंदरनगर क्षेत्र में आबकारी विभाग की टीम पर ट्रक से कुचलने का प्रयास किसी दुस्साहस से कम नहीं। यह घटना न केवल कानून-व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगाती है, बल्कि प्रशासन की कार्यप्रणाली और अधिकारियों की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है।

अधिकारी जो इस तरह के जोखिमों का सामना करते हैं, उन्हें अपनी जान पर खेलकर अवैध माफिया के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ती है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या वर्तमान में ऐसे निडर अधिकारी मौजूद हैं जो लगातार अपने जीवन को जोखिम में डालकर अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण कर सकें? समस्या की एक वजह यह भी हो सकती है कि सरकार और प्रशासन ने अधिकारियों के हाथ बंध दिए हों, जिससे वे पूरी स्वतंत्रता के साथ कार्रवाई नहीं कर पा रहे। यदि यह स्थिति लगातार बनी रहती है, तो कौन अधिकारी या कर्मचारी माफिया से भिड़ने की हिम्मत करेगा?

स्पष्ट है कि हिमाचल में माफिया अब खुलकर दनदना रहा है। यह केवल शराब तस्करी तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अवैध खनन, पशु तस्करी और वनों के अवैध कटान जैसे कई अन्य अपराध भी सामान्य हो चुके हैं। सुंदरनगर इलाके में ट्रक से पकड़ी गई 90 पेटियां शराब इस क्षेत्र में लंबे समय से बड़े पैमाने पर अवैध शराब तस्करी की ओर संकेत करती है। ट्रक का ड्राइवर तो मौके से भाग गया, लेकिन ट्रक में पशुओं का चारा मिलने से यह स्पष्ट होता है कि इस ट्रक का इस्तेमाल शराब के साथ-साथ पशु तस्करी के लिए भी किया जाता रहा होगा।

अवैध खनन भी राज्य की पर्यावरणीय और आर्थिक स्थिति के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। सरकार द्वारा जारी लाइसेंस कानूनी दायरे में खनन करने की अनुमति देते हैं, लेकिन माफिया इन नियमों को ताक पर रखकर अपने फायदे के लिए नियमों की अनदेखी करता है। कई बार यह अवैध खनन नदियों और खड्डों में होता है, जिससे न केवल प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचता है, बल्कि स्थानीय जीवन और कृषि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वन कटान और जंगलों की अवैध कटान भी लगातार बढ़ रहा है, जिसे रोकने के लिए प्रभावी निगरानी की आवश्यकता है।

सरकारी अधिकारियों की सुरक्षा इस स्थिति में सबसे अहम चुनौती बन गई है। आबकारी विभाग और पुलिस अधिकारी अक्सर नाकों और छापेमार अभियानों के दौरान माफिया से सीधे टकराते हैं। डैहर के देहवीं में सहायक आबकारी अधिकारी हंसराज वर्मा ने अपने जीवन पर खेलकर नाकाबंदी के दौरान जान बचाई, लेकिन यह संयोग ही था कि उन्हें इस बार सुरक्षित निकलने का अवसर मिला। इस बात से यह स्पष्ट है कि हर बार ऐसा मौका नहीं मिल सकता और अगर प्रशासन अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करेगा, तो अवैध माफिया के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करना मुश्किल हो जाएगा।

सरकार को चाहिए कि वह विभागों के अधिकारियों को केवल आदेश और निर्देश देने तक सीमित न रखे, बल्कि उनकी सुरक्षा के ठोस उपाय भी सुनिश्चित करे। इसके बिना अधिकारी या कर्मचारी अपने जीवन के जोखिम के बिना माफिया और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण नहीं कर पाएंगे। सुरक्षा का इंतजाम होने पर ही अधिकारी निर्भीक होकर कार्रवाई कर सकते हैं और राज्य में कानून का राज कायम कर सकते हैं।

हिमाचल प्रदेश में माफिया ने अब खुलेआम राज्य के कानून और प्रशासन की कमजोरी का लाभ उठाना शुरू कर दिया है। न केवल रात में, बल्कि दिन के उजाले में भी अवैध खनन और शराब तस्करी होती है। यह स्थिति बताती है कि प्रशासनिक ढील और सुरक्षा के अभाव में अधिकारी और कर्मचारी माफिया के विरुद्ध लड़ाई नहीं लड़ सकते। ऐसे में राज्य सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति

**प्रतिभा** देवी सिंह पाटिल (जन्म : 19 दिसंबर, 1934, जलगांव, महाराष्ट्र) स्वतंत्र भारत की इतिहास में देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचने वाली पहली महिला राष्ट्रपति हैं। उन्हें भारत का बारहवां निर्वाचित राष्ट्रपति बनने का गौरव प्राप्त हुआ। 25 जुलाई, 2007 को उन्होंने राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण की।



प्रतिभा देवी सिंह पाटिल
जन्म : 19 दिसंबर, 1934

यह नारी शक्ति और लोकतांत्रिक भारत के लिए ऐतिहासिक घटना थी। उनके पिता नारायण राव पाटिल सरकारी वकील थे, जिन्होंने उनके शिक्षा एवं व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतिभा पाटिल शास्त्रीय संगीत, खेलकूद और वाद-विवाद में भी कुशल थीं। उन्होंने एमए और विधि में स्नातक की डिग्री प्राप्त की और वकालत शुरू की।

प्रतिभा पाटिल ने 1962 में 27 वर्ष की उम्र में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीतकर राजनीति में कदम रखा। 1967-1972 तक वह उपमंत्री रहीं। 1972 में कैबिनेट मंत्री बनीं और पर्यटन, समाज कल्याण एवं आवास विभाग संभाले। 1979 में विपक्ष की नेता बनीं और 1982-1985 तक कैबिनेट मंत्री के रूप में ग्रामीण विकास, समाज कल्याण और नागरिक आपूर्ति विभागों का कार्यभार निभाया।

1985 में राज्यसभा के लिए चुनी गईं और 1986-1988 तक उपसभापति रहीं। 1991 में लोकसभा में अमरावती सीट से सांसद बनीं। 2004 में राजस्थान की राज्यपाल बनीं, जहां उन्होंने संवैधानिक मर्यादा बनाए रखी और विवादास्पद परिस्थितियों में संतुलन बनाए रखा। उन्होंने जलगांव में अभियांत्रिकी महाविद्यालय और प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की। महिला कोऑपरेटिव बैंक और विद्यालयों की स्थापना, श्रम साधना ट्रस्ट और अन्य सामाजिक संस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। वह राजस्थान की राज्यपाल (2004-2007) तक रहीं। प्रतिभा प्रतिभा पाटिल का जीवन नारी शक्ति, सामाजिक सेवा और राजनीतिक दृढ़ता का प्रतीक है। ■



कविता

## अपने कहां

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

उदयवीर भारद्वाज, मंदिर मार्ग
कांगड़ा (हि.प्र.) मो. 94187726

**ढूंढे** अपने जाने कहां कहां, इनकार क्यों करूं
मिले हुजूम में अपने, लिए शमशीर हाथ में
लिखी रब ने किस्मत ऐसी, जो भी मिले बे-मुरब्बत मिले
हमदर्द हूं, हमदर्दी की आस में मैं, जाने कहां-कहां जा फंसा
मिले हमदर्द बड़े, जो भी मिला बड़ा बेदर्द मिला
सुर से सुर मिलता कैसे, शराफत की आड़ में
बेहूदा शैतान ही मिले, काबिल न था दुनिया के
हे भगवान दुनिया में, क्यों जन्म दिया मुझे
खुद ही बिक जाऊं, इतना भी गरीब कहां हुआ
समझ जाता ए इंसान, तौर तरीके दुनियादारी तेरी
था वक्त पास मेरे, जाया कर दिया
ढूंढे अपने जाने कहां-कहां, इनकार क्यों करूं
मिले हुजूम में अपने, लिए शमशीर हाथ में
लिखी रब ने किस्मत ऐसी, जो भी मिले
बे-मुरब्बत मिले, जो भी मिले बे-मुरब्बत मिले

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# प्रो. एसपी बंसल : उच्च शिक्षा एवं पर्यटन प्रबंधन के सशक्त हस्ताक्षर

आज, 19 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला के कुलपति प्रो. एसपी बंसल का जन्मदिन है। यह अवसर उनके उस असाधारण शैक्षणिक, प्रशासनिक और बौद्धिक योगदान को स्मरण करने का है, जिसने भारतीय उच्च शिक्षा और पर्यटन प्रबंधन को नई दिशा दी है।



**डॉ. अवधेश कुमार**
**(लेखक राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में पत्रकारिता एवं जनसंचार के सहायक प्रोफेसर)**

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हाल ही में अमेरिका के वाशिंगटन डी.सी. में आयोजित इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ बिजनेस (IAB) के वार्षिक सम्मेलन में उन्हें 'IAB इंटरनेशनल अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन टीचिंग एंड एकेडमिक कंट्रीब्यूशन-2025' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके तीन दशकों से अधिक के समर्पित शिक्षण, दूरदर्शी नेतृत्व और पर्यटन शिक्षा में दिए गए वैश्विक योगदान की स्वाभाविक परिणति है।

मास्टर्स इन कॉमर्स, एमफिल और पीएचडी के उपरांत स्विट्जरलैंड से एससीएचई करने वाले प्रो. बंसल ने 1990 में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला से अपने शैक्षणिक जीवन की शुरुआत की। पर्यटन प्रबंधन, मार्केटिंग, मात्रात्मक विश्लेषण और वित्तीय प्रबंधन में उनकी विशेषज्ञता ने उन्हें इस क्षेत्र का अग्रणी विद्वान बनाया। स्विट्जरलैंड में प्राप्त अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण ने उनके दृष्टिकोण को वैश्विक बनाया, जिसका प्रभाव उनके अकादमिक और प्रशासनिक कार्यों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

प्रो. बंसल की सबसे बड़ी पहचान एक संस्था-निर्माता कुलपति के रूप में है। वे अब तक छह विश्वविद्यालयों के कुलपति रह चुके हैं-चार पूर्णकालिक और दो अतिरिक्त प्रभार, जो अपने आप में एक दुर्लभ उपलब्धि है। वर्ष 2012 से 2016 के बीच उन्होंने हिमाचल प्रदेश के पहले निजी विश्वविद्यालय, महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, सोलन की स्थापना संस्थापक कुलपति के रूप में की और उसे शून्य से शिखर तक पहुंचाया। इसके बाद इंदिरा गांधी हरियाणा राज्य विश्वविद्यालय, मीरपुर के कुलपति रहते हुए महिला शिक्षा और सशक्तिकरण को विशेष बल दिया। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, सोनीपत का अतिरिक्त प्रभार भी उन्होंने सफलतापूर्वक संभाला।

जून 2018 से जुलाई 2021 तक हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय, हमीरपुर के कुलपति के रूप में उन्होंने तकनीकी शिक्षा को उद्योगों से जोड़ने की कई अभिनव पहल कीं। वर्तमान में वे हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला के कुलपति हैं और तीन वर्षों से अधिक समय तक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल चुके हैं। उनके कार्यकाल में विश्वविद्यालयों को एनएएसी मान्यता, अकादमिक सुधार और अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली। प्रो. बंसल के नेतृत्व में विश्वविद्यालयों ने विश्व के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ अंतरराष्ट्रीय एमओयू किए, जिनमें ब्रिटेन की लीसेस्टर यूनिवर्सिटी, अमेरिका की ऑबर्न यूनिवर्सिटी, रूस, इटली और घाना के विश्वविद्यालय शामिल हैं। इन समझौतों से छात्रों और शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय विनिमय, संयुक्त शोध और वैश्विक अनुभव का अवसर मिला। पर्यटन प्रबंधन के क्षेत्र में प्रो. बंसल का योगदान ऐतिहासिक है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में उन्होंने देश का पहला इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल स्टडीज (टूरिज्म) स्थापित किया और पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड मास्टर इन टूरिज्म एडमिनिस्ट्रेशन (MTA) जैसे नवाचारी पाठ्यक्रम की शुरुआत करवाई। इसके अतिरिक्त, यूजीसी अनुदान से तीन वर्षीय बैचलर इन होटल मैनेजमेंट (BHM) कोर्स प्रारंभ किया, जिससे हजारों विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा मिली।




वे भारतीय पर्यटन एवं आतिथ्य कांग्रेस (ITHC) के संस्थापक महासचिव व अध्यक्ष रहे तथा टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी एंड रिसर्च एसोसिएशन ऑफ एशियन कंट्रीज (HERAAC) के संस्थापक चेयरपर्सन हैं। उनके नेतृत्व में मनीला, बाली, बैंकॉक, दुबई और ताशकंद जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मेलन आयोजित हुए। लाइसियम ऑफ फिलीपींस यूनिवर्सिटी, मनीला द्वारा उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।

शोध के क्षेत्र में प्रो. बंसल का योगदान भी उल्लेखनीय है। उन्होंने 11 राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाएं पूरी कीं, ई-पीजी पाठशाला के तहत दो मेगा प्रोजेक्ट्स का नेतृत्व किया और 25 पुस्तकों तथा 90 से अधिक शोध-पत्रों का प्रकाशन किया। उन्होंने 23 पीएचडी शोधार्थियों का मार्गदर्शन किया और कई अंतरराष्ट्रीय जर्नलों के संपादक रहे।

राष्ट्रीय स्तर पर वे एआईसीटीई, यूजीसी, पर्यटन मंत्रालय, आईआईटीटीएम और अनेक विश्वविद्यालयों की नीति-निर्माण समितियों से जुड़े रहे हैं। 2024 में उन्हें एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज की गवर्निंग काउंसिल में चुना गया, जिससे उनकी राष्ट्रीय प्रतिष्ठा और सुदृढ़ हुई।

प्रो. एसपी बंसल एक शिक्षाविद् भर नहीं, बल्कि नीति-निर्माता, वैश्विक दूत और पर्यटन शिक्षा के पुरोधा हैं। हिमाचल के पर्वतीय अंचल से निकलकर उन्होंने भारतीय उच्च शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित किया है। 2025 का IAB अवार्ड उनके जीवन-कार्य की वैश्विक स्वीकृति है। उनके जन्मदिन पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं- उनका जीवन शिक्षा-जगत को निरंतर प्रेरणा देता रहेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# मनरेगा से वीबी-जी-रामजी तक : नाम और संरचनात्मक बदलावों पर बहस

केंद्र सरकार ने लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बावजूद जो बिल पास करवाया है उसमें मनरेगा के नाम और प्रावधानों में बदलाव का प्रस्ताव है। विपक्ष का मुख्य विरोध था कि इस योजना का नाम, जो अभी महात्मा गांधी के नाम पर है, उसे बदलकर 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' यानी वीबी-जी-रामजी करना अनुचित है।



**रतन नेगी**
**स्वतंत्र लेखक**

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हालांकि, सरकार का कहना है कि यह विधेयक विकसित भारत के लिए विकसित गांवों के निर्माण का विधेयक है। यह विधेयक केवल रोजगार का विधेयक ही नहीं है, बल्कि महात्मा गांधी के स्वावलंबी और रोजगारयुक्त गांव बनाने के सपनों का विधेयक है।

इस विधेयक का उद्देश्य केवल नाम बदलना ही नहीं है, बल्कि योजना में संरचनात्मक बदलाव भी शामिल हैं। नई योजना के तहत रोजगार के दिन 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दिए हैं। सरकार का दावा है कि इससे ग्रामीण परिवारों के लिए आय के अवसर बढ़ेंगे और मजदूरी भुगतान प्रणाली को आसान बनाने का भी दावा किया गया है।

नए प्रावधानों के अनुसार, मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर या काम पूरा होने के अधिकतम 15 दिनों के भीतर किया जाना चाहिए। निर्धारित समय के भीतर भुगतान न करने की स्थिति में, बेरोजगारी भत्ता के प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। इस विधेयक का सबसे महत्वपूर्ण और विवादास्पद पहलू फंडिंग पैटर्न में प्रस्तावित बदलाव है। अब तक, ज्यादातर राज्यों में, केंद्र सरकार लगभग 90 प्रतिशत वित्तीय बोझ उठाती थी। नए बिल के तहत, कुछ राज्यों को छोड़कर, केंद्र का हिस्सा घटाकर 60 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है, जबकि राज्यों का हिस्सा बढ़कर 40 प्रतिशत हो जाएगा। पहाड़ी और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए, 90:10 का अनुपात बनाए रखने का प्रस्ताव है। निसंदेह इससे राज्यों पर वित्तीय बोझ काफी बढ़ जाएगा। मनरेगा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि इस बहस को और भी महत्वपूर्ण बनाती है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) यूपीए सरकार के प्रमुख सामाजिक कार्यक्रमों में से एक रहा है, जिसे 2005 में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (नरेगा) के रूप में लागू किया गया था और 2009 में इसका नाम बदलकर मनरेगा कर दिया गया। यह योजना ग्रामीण नागरिकों को रोजगार का कानूनी अधिकार देती है और इसका मुख्य उद्देश्य गांवों से शहरों की ओर पलायन को रोकना, गरीबी कम करना तथा ग्रामीण विकास को गति देना रहा है। वर्तमान में इस योजना के तहत करोड़ों लोग कार्यरत हैं, जिनमें महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39(ए) और 41 की भावना के अनुरूप, यह योजना आजीविका के अधिकार को व्यवहार में उतारती है।कोविड-19 महामारी के दौरान मनरेगा की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण रही। जब लाखों लोगों की नौकरियां चली गईं, तब इस योजना ने ग्रामीण परिवारों को रोजगार देकर उन्हें भुखमरी से बचाया और बड़े पैमाने पर पलायन को रोकने में मदद की। हालांकि शुरुआती वर्षों में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप लगे, फिर भी मनरेगा ग्रामीण भारत के सबसे कमजोर वर्ग के लिए एक मजबूत सुरक्षा तंत्र बनी रही है।




हाल के समय में मनरेगा से जुड़े बदलावों को राजनीतिक दृष्टि से भी देखा जा रहा है।

पश्चिम बंगाल में केंद्र और राज्य सरकार के बीच फंडिंग को लेकर विवाद रहा, जहां 2022 से फंड रोके जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने योजना को दोबारा लागू करने के निर्देश दिए। आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर भी इस योजना की अहमियत बढ़ गई है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल जहां इसे अपनी प्रमुख उपलब्धि मानते हैं, वहीं भाजपा इसे नए स्वरूप में अपनी नीतियों से जोड़ने का प्रयास कर रही है। प्रस्तावित संशोधनों से केंद्रीय नियंत्रण बढ़ने के संकेत मिलते हैं, जिससे राज्यों की स्वायत्तता और स्थानीय जरूरतों के अनुसार निर्णय लेने की क्षमता पर सवाल उठते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# देवभूमि हिमाचल के आसमान पर दिल्ली के प्रदूषण की छाया

पिछले कुछ दशकों से, उत्तरी भारत के मैदानी इलाकों, खासकर दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण एक लगातार संकट बन गया है, लेकिन अब यह समस्या सिर्फ कंक्रीट के जंगलों तक ही सीमित नहीं रही है।



**राजन कुमार शर्मा**
**आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ, उपायुक्त कार्यालय, ऊना, हिमाचल प्रदेश**

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भौगोलिक सीमाओं को पार करते हुए दिल्ली की जहरीली हवा अब हिमालय की ऊंचाइयों तक पहुंच रही है, जिससे हिमाचल प्रदेश भी एक गंभीर पर्यावरणीय मोड़ पर पहुंच गया है।

सर्दियों के महीनों में, जब मैदानी इलाकों में हवा भारी हो जाती है, तो एक खास मौसम पैटर्न इन प्रदूषित कणों (PM2.5 और PM10) को पहाड़ियों की ओर धकेल देता है। नतीजतन, शिमला, मनाली और धर्मशाला जैसे दुनियाभर में मशहूर पर्यटन स्थलों की हवा में अब वह ताजगी नहीं रही जिसके लिए वे जाने जाते थे। धुंध और स्मॉग न सिर्फ पहाड़ों की प्राकृतिक सुंदरता और विजिबिलिटी को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ : पर्यटन पर भी सीधा असर डाल रहे हैं। स्वास्थ्य के नजरिए से, स्थिति और भी चिंताजनक होती जा रही है।

हिमाचल प्रदेश, जो कभी अपनी सेहतमंद जलवायु के लिए जाना जाता था, अब अपने निवासियों में सांस की बीमारियों में बढ़ोतरी देख रहा है, जिसमें अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और फेफड़ों के इन्फेक्शन शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि दिल्ली के औद्योगिक और वाहनों से होने वाले प्रदूषण के लंबे समय तक संपर्क में रहने से दिल की बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है, जिसमें बुजुर्ग और बच्चे सबसे ज्यादा संवेदनशील हैं। इसके अलावा, इस प्रदूषण का असर सिर्फ इंसानों तक ही सीमित नहीं है; हिमाचल का नाजुक ईको सिस्टम भी खतरे में है। पौधों की पत्तियों पर जमने वाले प्रदूषक कणों की परत फोटोसिंथेसिस को बाधित कर रही है, जिससे जंगल के स्वास्थ्य और कृषि उपज पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। यह बदलता हुआ माहौल क्षेत्र के मौसम पैटर्न को भी अस्थिर कर रहा है, जिससे बेमौसम बारिश और बर्फबारी के पैटर्न में बदलाव जैसे खतरे पैदा हो रहे हैं। हालांकि, इस गंभीर संकट के बीच, हिमाचल प्रदेश के पास एक 'ग्रीन मॉडल' के रूप में उभरने का एक अनोखा अवसर भी है। दिल्ली की दम घोंटने वाली हवा ने केंद्र और राज्य सरकारों दोनों को पूरे उत्तरी भारतीय क्षेत्र के लिए एक एकीकृत पर्यावरण नीति बनाने के लिए मजबूर किया है। यह दबाव अब इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा जैसे स्वच्छ विकल्पों में निवेश बढ़ाने की ओर ले जा रहा है।



हिमाचल प्रदेश अपने प्राकृतिक संसाधनों का लाभ उठाकर खुद को एक 'ग्रीन टेक्नोलॉजी हब' के रूप में स्थापित कर सकता है। दिल्ली की समस्याओं से परेशान लोग अब 'पहाड़ों से काम' करने के मौकों और 'ईको-टूरिज्म' की तलाश में पहाड़ों की ओर जा रहे हैं, जिससे राज्य के लिए आर्थिक समृद्धि के नए रास्ते खुल सकते हैं। यह हिमाचल प्रदेश के लिए भी एक जरूरी चेतावनी है कि वह दिल्ली की गलतियों को दोहराने से बचे।

आखिर में, नतीजा यह है कि अगर हिमाचल प्रदेश अपनी सुंदरता और साफ-सुथरे माहौल को बचाना चाहता है, तो उसे सिर्फ दिल्ली से समाधान का इंतजार नहीं करना चाहिए। राज्य को सख्त कैरिंग कैपेसिटी नियम, बेहतर कचरा प्रबंधन और नियंत्रित शहरीकरण नीतियां अपनानी चाहिए। दिल्ली की समस्याओं का समाधान सिर्फ पहाड़ों में जाकर बसना नहीं हो सकता, क्योंकि सही मैनेजमेंट के बिना, इससे सिर्फ प्रदूषण एक जगह से दूसरी जगह फैलेगा, खत्म नहीं होगा। हिमाचल प्रदेश को विकास और पर्यावरण सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना होगा, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मिसाल बन सके और यह सुनिश्चित हो सके कि इस 'देवताओं की भूमि' की हवा सांस लेने लायक बनी रहे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# अरावली का क्षरण : दिल्ली के भविष्य पर मंडराता पर्यावरणीय संकट

हिमालय पर्वत शृंखला के ओजस्वी रूप को क्षीण होते देख मेरे मन में अभी यह ख्याल उमड़ा ही था कि क्या अरावली पर्वत शृंखला का भी यही हाल है, जो हिमालय का तभी एक खबर से सामना होता है, जो एक बार फिर से सोचने को मजबूर कर देती है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने तो अरावली की एक संकीर्ण परिभाषा को मंजूरी दे दी है, जिसके अनुसार केवल स्थानीय धरातल से 100 मीटर या उससे ज्यादा को ही अरावली पहाड़ी माना जाएगा। सीधी तौर पर अरावली का 90 प्रतिशत हिस्सा कानूनी सुरक्षा से बाहर हो सकता है जो की अत्यंत चिंता का विषय है चूंकि इससे खनन को बढ़ावा मिलेगा।



**कनुप्रिया**
**स्वतंत्र लेखिका, नूरपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

अरावली पर्वतमाला जिसका मतलब चोटियों की पंक्ति है जो दुनिया की सबसे प्राचीन पर्वत शृंखलाओं में से एक है और गोंडवाना लैंड का हिस्सा है। इसका इतिहास लगभग 2.5 अरब साल पुराना है और भारत की भू-वैज्ञानिक और सांस्कृतिक विकास का यह सदैव साक्षी रही है। इन पर्वत शृंखलाओं ने पृथ्वी की शुरुआती इतिहास की झलक को देखा है, जिसमें प्राचीन महासागर और जीवन के प्रमाण भी मिले हैं। अरावली मात्र एक पर्वत शृंखला नहीं है, बल्कि राजस्थान और आसपास के क्षेत्र की सांस्कृतिक और आर्थिक विकास को समझने वाली एक ऐसी शृंखला है, जिसमें से कई महत्वपूर्ण नदियां जैसे बनास लूणी निकलती है और पश्चिमी रेगिस्तान( थार )को फैलने से रोकने में भी यह मदद करती है।

हालांकि, अरावली एक घिस चुकी पर्वतमाला है, लेकिन इसकी चट्टानों में प्राचीन वैज्ञानिक प्रक्रियाओं के चिन्ह मिले हैं ठीक हिमालय जैसी युवा पर्वत शृंखला के विपरीत। बेशक अरावली अरबों साल पुरानी पर्वत शृंखला है, लेकिन इसके सिकुड़ने के कारण और मरूस्थलीकरण के कारण दिल्ली के लिए बहुत बड़ा खतरा साबित होने वाला है। कारण तो स्पष्ट है अत्यधिक खनन और कटान। थार रेगिस्तान की धूल भरी हवाओं को अरावली ही रोकता है, पानी के भू-जल स्तर को रिचार्ज करता है, और दिल्ली-एनसीआर की गर्मी को भी यह नियंत्रित करता है।



अरावली पर्वत शृंखला का सिकुड़ना दिल्ली के लिए एक गंभीर पर्यावरणीय चेतावनी है। यह केवल पहाड़ों का नष्ट होना नहीं, बल्कि उस प्राकृतिक संतुलन का टूटना है जो हवा, पानी और तापमान को नियंत्रित करता है। अरावली विश्व की सबसे प्राचीन पर्वत शृंखलाओं में से एक है, जिसने सदियों से मरूस्थलीकरण को रोका, भू-जल को संरक्षित किया और जैव विविधता को जीवन दिया। आज यह अमूल्य धरोहर अवैध खनन, अंधाधुंध शहरीकरण और नीतिगत लापरवाही के कारण तेजी से सिकुड़ रही है।

दिल्ली की बढ़ती गर्मी, वायु प्रदूषण और जल संकट सीधे तौर पर अरावली के क्षरण से जुड़े हैं। यह पर्वत शृंखला धूल भरी गर्म हवाओं को रोकने वाली प्राकृतिक ढाल है। इसके कमजोर होने से तापमान बढ़ रहा है और हवा अधिक प्रदूषित होती जा रही है। अरावली की वनस्पति वर्षा जल को संचित कर भू-जल स्तर बनाए रखने में सहायक होती है, लेकिन जंगलों के कटने से जल स्रोत सूख रहे हैं।

अरावली के सिकुड़ने से मानव और वन्य जीवन के बीच संघर्ष भी बढ़ा है। प्राकृतिक आवास नष्ट होने से वन्य जीव मानव बस्तियों की ओर आ रहे हैं। यदि समय रहते कठोर नियम लागू नहीं किए गए, तो यह ऐतिहासिक पर्वत शृंखला पृथ्वी के पटल से अदृश्य हो सकती है। अरावली पर्वत शृंखला का संरक्षण दिल्ली के सुरक्षित भविष्य के लिए अनिवार्य है।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### स्वास्थ्य खंड रत्ती में 7099 बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** खंड चिकित्सा अधिकारी रत्ती डॉ. पीयूष वैद्य ने बताया कि 21 दिसंबर को पल्स पोलियो अभियान के तहत स्वास्थ्य खंड रत्ती में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 7099 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए पूरे खंड में 93 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां प्रत्येक बूथ पर चार कर्मचारी तैनात रहेंगे। 22 व 23 दिसंबर को घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। अभियान के लिए 372 कर्मचारियों व 16 सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने अभिभावकों से अभियान में सहयोग की अपील की।

### एचपीपीसीएल ने मनाया 19वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश विद्युत निगम लिमिटेड (एचपीपीसीएल) ने अपना 19वां स्थापना दिवस मनाया। महाप्रबंधक (डिजाइन) इंजीनियर संजीव वोहरा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा-अर्चना एवं ध्वजारोहण से हुआ। उन्होंने कहा कि एचपीपीसीएल स्वच्छ और हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रतिबद्ध है। वर्तमान में निगम 328 मेगावाट बिजली का उत्पादन कर रहा है, जबकि 659 मेगावाट की परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। स्थापना दिवस पर खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### ननावां स्कूल को भेंट किया वाटर कूलर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सामाजिक दायित्वों का निवर्हन करने में लगातार सक्रिय रहने वाले गांव मराथू के कर्नल नवल किशोर ने अपने माता-पिता नर्वदा शर्मा एवं नोरम लाल की ओर से ननावां स्कूल को 80 लीटर पानी क्षमता वाला वाटर कूलर भेंट किया। कर्नल नवल किशोर की माता पूर्व पंचायत प्रधान नर्वदा शर्मा ने बताया कि पाठशाला में स्वच्छ निर्मल व शीतल पेयजल बच्चों को मिले इसी इरादे से उनके बेटे ने अपने पिता के जन्मदिन पर पाठशाला को यह भेंट दी।

### आईटीआई मंडी में कैंपस साक्षात्कार 22 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ग्रेड-ए), मंडी में 22 दिसंबर को स्वराज इंजीनियरिंग लिमिटेड, मोहाली द्वारा कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। इसमें टर्नर, मशीनिस्ट, फिटर, मैकेनिक डीजल, मैकेनिक ट्रैक्टर और टूल एंड डाई मेकर जैसे ट्रेडों में 200 अप्रेंटिसशिप ट्रेनी पदों पर चयन होगा। चयनित उम्मीदवारों को 15,150 रुपए प्रतिमाह वेतन, ईएसआई/पीएफ, भोजन, यूनिफॉर्म और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। साक्षात्कार में भाग लेने के लिए सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्र, चार पासपोर्ट साइज फोटो और कोविड वैक्सीनेशन प्रमाणपत्र लाना अनिवार्य है।

### नशे के खिलाफ जागरुकता फैलाने का संकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिले में श्रम कल्याण बोर्ड के कार्यालयों एवं उप कार्यालयों में नशामुक्त हिमाचल के संकल्प कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रम कल्याण अधिकारी अनिल ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा 15 नवंबर को शुरू किए गए प्रदेशव्यापी एंटी चिट्टा अभियान के तहत और अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नशे के खिलाफ शून्य सहिष्णुता नीति का समर्थन किया और समाज में जागरुकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन नशामुक्त समाज के लिए सामूहिक शपथ के साथ हुआ।

### धार गांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**गुलशन, अनंत ज्ञान, रिवालसर।** लोअर ग्राम पंचायत रिवालसर के धार गांव में मोबाइल हेल्थ एंड वेलनेस जीवनधारा योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आशा वर्करों, हेल्थ वर्करों एवं आंगनबाड़ी केंद्र धार के सहयोग से ग्रामीणों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मंडी की स्वास्थ्य टीम द्वारा एक्स-रे और अन्य जांचें की गईं। लगभग 100 लोगों ने शिविर में भाग लिया और आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। ग्रामीणों ने घर के पास स्वास्थ्य सेवाएं मिलने पर सरकार का आभार व्यक्त किया और नियमित शिविर की मांग की।

### जाबा में रास्ता रोककर मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** क्यार काण्डी गांव के गुलाब सिंह अपने निजी काम से लौट रहे थे, तभी जाबा क्षेत्र में तुला राम और जय कुमार ने उनका रास्ता रोका और टेडी व टॉर्च दिखाकर उन पर हमला किया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया और अन्वेषण जारी रखा।

### पुलिस ने की यातायात और कानून व्यवस्था में बड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला पुलिस ने वाहन नियमों और कानून के पालन को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कार्रवाई की। मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल 236 चालान किए गए, कोटपा अधिनियम के अंतर्गत 20 कार्रवाई की गई और 2,000 रुपए का जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई से जिले में सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत किया जा सकेगा।

### कोई भी बच्चा न रहे पोलियो ड्रॉप्स से वंचित : गौरव

**अनंत ज्ञान, करसोग।** पल्स पोलियो अभियान के सफल आयोजन को लेकर एसडीएम करसोग गौरव महाजन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 21 दिसंबर को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान से संबंधित सभी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में बीएमओ करसोग डॉ. गोपाल चौहान ने अभियान से संबंधित तैयारियों की जानकारी प्रदान की। बैठक में एसडीएम गौरव महाजन ने निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा पोलियो ड्रॉप्स से वंचित न रहे। कंस्ट्रक्शन साइटों पर कार्यरत श्रमिकों के बच्चों पर ध्यान देने तथा दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले प्रत्येक बच्चे तक पोलियो ड्रॉप्स पहुंचाने के निर्देश दिए।

### पुलघराट में युवक के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिले के पुलघराट में एक युवक संजय कुमार के साथ मारपीट की घटना सामने आई। संजय कुमार ने बताया कि कुछ युवकों ने उनसे पूछताछ के दौरान गाली-गलौज की और धमकी देते हुए उन्हें पीटा, जिससे उन्हें मुंह और पीठ में चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अभियोग दर्ज कर आगामी अन्वेषण शुरू कर दिया है।

# पोलिंग गांव तक सड़क बनने के बाद भी लोग बस सुविधा से वंचित

## ग्रामीणों में रोष, क्षतिग्रस्त मार्ग की जल्द मरम्मत व बस चलाने की उठाई मांग

▶ प्रदेश सरकार और विभाग पर लगाए अनदेखी के आरोप

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**



पोलिंग बस ठहराव में पहाड़ी से गिरे पत्थरों को नहीं हटाया गया।

**बरोट।** बरोट-छोटा भंगाल घाटी के पोलिंग गांव के लोगों की वर्षों पुरानी मांग को ध्यान में रखते हुए सरकार ने लोहारडी से आगे लगभग दो किलोमीटर तक पोलिंग गांव के लिए बस योग्य सड़क का निर्माण करवाया और वर्ष 2019 में इस मार्ग की टारिंग भी कर दी गई, जिसके चलते आज इस सड़क पर जीप, कारें और दोपहिया वाहन सुचारु रूप से चल रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद लगभग पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी गांव के लोग बस सुविधा के लिए तरस रहे हैं। पूर्व बीडीसी सदस्य श्याम लाल ने बताया कि इस सड़क मार्ग पर बस सेवा शुरू करने के लिए सरकार तथा बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल को गांव और पंचायत स्तर पर कई बार मौखिक रूप से अवगत करवाने के साथ-साथ लिखित प्रस्ताव भी पारित किए जा चुके हैं, मगर अब तक इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि इसी वर्ष 28 फरवरी को हुई भारी बारिश के कारण घाटी में व्यापक नुकसान हुआ।

वहीं, इस सड़क मार्ग पर जगह-जगह भूस्खलन होने से पोलिंग में स्थित बस ठहराव में खड़ी गांव के लगभग 18 छोटे वाहन चालकों की गाड़ियां क्षतिग्रस्त होने के साथ-साथ मलबे की चपेट में आकर बह गईं। श्याम लाल ने कहा कि पोलिंग गांव में करीब डेढ़ सौ परिवार निवास करते हैं, लेकिन न तो बस सेवा शुरू की गई और न ही बारिश के कारण गिरे ल्हासों, बड़े-बड़े पत्थरों और ढहे हुए डंगों का लोक निर्माण विभाग द्वारा समुचित ढंग से पुनर्निर्माण किया गया है, जिससे ग्रामीणों में विभाग और सरकार के प्रति गहरा रोष है। उन्होंने पोलिंग गांववासियों की ओर से लोक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारियों और विधायक किशोरी लाल से मांग की है कि सबसे पहले सड़क मार्ग पर पड़े भारी पत्थरों व शेष मलबे को तुरंत हटाकर ढहे हुए डंगों का निर्माण किया जाए और इसके तुरंत बाद पोलिंग गांव के लिए बस सेवा बहाल की जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# नशा मुक्ति अभियान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की बनी रणनीति

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

▶ 8 मार्च से पहले सभी पंचायतों में निगरानी कमेटियां गठित होंगी: भूप्पी

**नशा** मुक्ति अभियान खंड कमेटी धर्मपुर की कोर कमेटी की बैठक एफपीओ कार्यालय भराड़ी-सजाओपीपलु में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय कोच भूपिंदर भूप्पी ने की, जबकि संचालन मंडी साक्षरता एवं ज्ञान विज्ञान समिति की सचिव सुनीता विष्ट ने किया। बैठक में परजीत ठाकुर, राजीव आर्य, डॉ. आईएस वर्मा, पुनिता वर्मा, बिमला हिन्दुस्तानी, राजपाल, सतीश कुमार, कृष्ण देव, रणताज राणा, सुरेश ठाकुर, भूपेंद्र सिंह सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा नशे के खिलाफ की जा रही कार्रवाई का स्वागत किया गया। भूपिंदर भूप्पी ने बताया कि हिमाचल ज्ञान विज्ञान व साक्षरता समिति की पहल पर धर्मपुर में दो वर्ष पूर्व ही नशा विरोधी जागरुकता अभियान शुरू किया गया था। इसके तहत स्कूलों में कार्यक्रम, युवाओं की मैराथन दौड़, महिलाओं की सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं, ग्रामीण महिला दिवस सम्मेलन और कला जत्थों द्वारा नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए। अभियान के संचालन के लिए धाड़ता, सजाओ, धर्मपुर और चोलथरा में क्षेत्रीय कमेटियां गठित की गई हैं और अब गांव-गांव तक विस्तार देने का निर्णय लिया गया।

### 8 मार्च को महिलाओं की मेगा जागरुकता रैली

**बैठक** में तय हुआ कि 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर धर्मपुर में महिलाओं की मेगा जागरुकता रैली निकाली जाएगी। इससे पूर्व टिहरा, संधोल और सजाओपीपलु में रैलियां आयोजित होंगी। जनवरी-फरवरी में सभी पंचायतों में महिला सम्मेलन कर आंगनबाड़ी, आशा वर्कर, आजीविका मिशन समूह, महिला मंडल व सामाजिक संस्थाओं को जोड़ते हुए निगरानी कमेटियां बनाई जाएंगी। साथ ही स्कूलों, कॉलेजों व आईटीआई में नियमित जागरुकता गतिविधियां चलाई जाएंगी। 13 जनवरी को सजाओपीपलु में युवा सम्मेलन, 25 जनवरी को टिहरा में नशा मुक्त दिवस और 26 जनवरी को सधोट में कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया।

# मनरेगा में श्रमदिवस बढ़ाने पर करें फोकस हर सोमवार को होगी समीक्षा : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

▶ ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

**डीसी** अपूर्व देवगन ने डीआरडीए सम्मेलन कक्ष में आयोजित ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज योजनाओं की समीक्षा के लिए खंड विकास अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की।

डीसी ने सभी बीडीओ को निर्देश दिए कि मनरेगा के अंतर्गत श्रमदिवस बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर लंबित कार्यों को तत्काल शुरू करवाया जाए और प्रत्येक सोमवार इसकी नियमित समीक्षा की जाएगी।


लापरवाही करने वाले जीआरएस और तकनीकी सहायकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने और भूमि उपलब्धता न होने पर एफआरए केस बनाने के निर्देश दिए। जिले में प्रस्तावित 76 केंद्रों में से केवल 32 का ही कार्य शुरू हो पाया है। उन्होंने मनरेगा श्रमिकों की ई-केवाईसी शीघ्र पूर्ण करने और आगे केवल ई-केवाईसी पूर्ण होने पर ही भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अमृत सरोवर चरण दो के 49 प्रस्तावित निर्माण कार्यों को शीघ्र शुरू करने तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की ऑनलाइन मार्केटिंग पर ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

मधु मांडव परियोजना और मधुमक्खी पालन के माध्यम से ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त मंडी गुरसिमर सिंह, जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा, जिला विकास अधिकारी ग्रामीण विकास गोपी चंद पाठक, डॉ. मनु वर्मा आईएएस प्रोबेशनर तथा जिले के सभी खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# पड्डल शॉपिंग कांप्लेक्स दुकानदारों ने उपायुक्त के समक्ष उठाई समस्याएं

## एग्रीमेंट नवीनीकरण, किराया अदायगी व मरम्मत कार्य को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**


डीसी मंडी को ज्ञापन सौंपते हुए दुकानदार।

**पड्डल** मैदान परिसर में खेल विभाग द्वारा निर्मित दुकानों में कारोबार कर रहे दुकानदारों ने लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन का दरवाजा खटखटाया है। पड्डल स्टेडियम शॉपिंग कांप्लेक्स के दुकानदारों ने एक संयुक्त ज्ञापन डीसी को सौंपते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। दुकानदारों की ओर से अध्यक्ष तोष कुमार शर्मा ने प्रशासन को अवगत करवाया कि जिले में पिछले लगभग छह महीनों से जिला खेल अधिकारी का पद रिक्त चल रहा है, जिसके चलते दुकानों से संबंधित एग्रीमेंट का नवीनीकरण नहीं हो पाया है। एग्रीमेंट न होने के कारण दुकानदारों को किराया जमा करवाने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और करीब दो महीनों का किराया लंबित हो चुका है।

दुकानों के आगे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से बरसात के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे दुकानदारों के साथ-साथ ग्राहकों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है। उपायुक्त ने संज्ञान लेते हुए जिला कुल्लू की जिला खेल अधिकारी, जो वर्तमान में मंडी का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रही हैं, उनको आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इसके उपरांत सभी दुकानदारों ने जिला खेल अधिकारी के साथ दुकानों का निरीक्षण भी करवाया और मौके पर ही समस्याओं की जानकारी दी। पड्डुल स्टेडियम शॉपिंग कॉम्पलेक्स के अध्यक्ष तोष कुमार शर्मा ने बताया कि जिला खेल अधिकारी और जिला प्रशासन की ओर से दुकानदारों को आश्वासन दिया गया है कि उनकी समस्याओं का शीघ्र और स्थायी समाधान किया जाएगा।

### पटवारी भर्ती परीक्षा में समान आवेदन शुल्क पर आपत्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंकुश घोष ने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा पटवारी भर्ती परीक्षा में सभी वर्गों के लिए समान आवेदन शुल्क लागू करने के निर्णय पर कड़ा विरोध व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अन्य वंचित वर्गों के अभ्यर्थियों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालता है, जिससे उनके सरकारी नौकरी के अवसर सीमित हो सकते हैं। घोष ने बताया कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण का उद्देश्य केवल पदों तक सीमित नहीं है, बल्कि चयन प्रक्रिया में समान भागीदारी और अवसर सुनिश्चित करना भी है। महासभा ने सरकार से मांग की है कि एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस और अन्य वंचित वर्गों के लिए आवेदन शुल्क में उचित राहत दी जाए। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और समान अवसर राज्य सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# मंडी की बेटी पूर्वा ने पर्यावरण विषय में हासिल किया अखिल भारतीय शीर्ष स्थान


पूर्वा शर्मा के साथ पूर्व प्रो. उपकुलपति एसपीयू मंडी व अन्य सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

▶ यूजीसी-नेट जूनियर रिसर्च फैलोशिप परीक्षा में पाया शीर्ष रैंक

मंडी की बेटी पूर्वा शर्मा पुत्री पं. अजीत शर्मा एवं पूजा शर्मा की पुत्री ने पर्यावरण विषय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा जूनियर अनुसंधान फैलोशिप में अखिल भारतीय शीर्ष रैंक प्राप्त कर मंडी जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है।

इस शानदार उपलब्धि के परिणामस्वरूप उनका चयन देश के अत्यंत प्रतिष्ठित संस्थान भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु में पीएचडी कार्यक्रम के लिए हुआ है। पूर्वा शर्मा ने अपनी प्रारंभिक और उच्च शिक्षा मंडी में ही पूर्ण की और एमएससी सहित अन्य शैक्षणिक योग्यताएं अर्जित कीं। यह सफलता सीमित संसाधनों और सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाली प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है और साबित करती है कि मेहनत, अनुशासन और लगन के सामने कोई बाधा टिक नहीं सकती। मंडी की आने वाली पीढ़ी के छात्रों के लिए यह संदेश जाता है कि यदि प्रयास सच्चे और ईमानदार हों तो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है। पूर्वा की यह सफलता न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है और उन्हें इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई तथा उज्ज्वल भविष्य की अनंत शुभकामनाएं दी गई हैं।

# सरकाघाट में पीलिया के 6 नए मामले आए सामने

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट में वीरवार को नागरिक अस्पताल सरकाघाट की ओपीडी में (जॉन्डिस) पीलिया के 6 नए मामले सामने आए, जिनमें से एक मरीज को भर्ती किया गया, जबकि पांच को दवाइयां देकर घर भेज दिया गया। इसी दौरान चार मरीजों को स्वास्थ्य में सुधार होने पर छुट्टी भी दे दी गई। वर्तमान में अस्पताल में कुल 16 मरीज पीलिया के उपचाराधीन हैं, जिनकी हालत में लगातार सुधार बताया जा रहा है। इनमें अधिकतर मरीज कॉलेज क्षेत्र से जुड़े छात्र-छात्राएं बताए जा रहे हैं।

▶ स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, एसएमओ बोले- नॉर्मल है सब कुछ

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को कॉलेज क्षेत्र के आसपास की पानी की टंकियों और पेयजल योजनाओं से सैंपल लिए गए थे, हालांकि अभी तक उनकी रिपोर्ट नहीं आई है। डॉक्टरों के अनुसार पीलिया गंदा पानी पीने, बिना धोई सब्जियां खाने और बासी भोजन के सेवन से फैलता है। इसी को ध्यान में रखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। नागरिक अस्पताल सरकाघाट के प्रभारी डॉक्टर संजीव कुमार ने बताया कि पीलिया के मामले प्रतिदिन आ रहे हैं, लेकिन घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने लोगों से उबला हुआ पानी पीने, हाथ धोकर भोजन करने, सब्जियों को अच्छी तरह धोकर पकाने और बासी भोजन से परहेज करने की अपील की है। होटल ढाबों के खाने से बचें, पानी पुरी बर्गर टिकियां मोमो आदि से परहेज रखें घर का खाना खाए उन्होंने कहा कि पीलिया के लक्षण नजर आते ही तुरंत अस्पताल में जांच करवाएं।

# सुंदरनगर में वोल्वो बस में सवार युवक 10 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**


नाकाबंदी के दौरान की गई कार्रवाई।

**सुंदरनगर** पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वोल्वो बस में सवार एक युवक को दस ग्राम चिट्टा सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने नाका लगाया हुआ था। इस दौरान बिलासपुर की ओर से आ रही अमृतसर से मनाली जा रही वोल्वो बस को जांच के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान बस की सीट संख्या इकतालीस पर बैठे युवक से जब नाम और पता पूछा गया तो वह घबरा गया, जिस पर उसके सामान की तलाशी ली गई और उसके कब्जे से दस ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। आरोपी की पहचान अमृतपाल सिंह (29) पुत्र रणजीत सिंह, किरण कॉलोनी, गुमटाला बाइपास, जिला अमृतसर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सुंदरनगर में मामला दर्ज कर लिया है और मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### विद्यार्थियों को आपदाओं से निपटने के लिए किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर में चौदहवीं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) नूरपुर की सलापड़ इकाई की ओर से सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों को आपदाओं से निपटने के उपायों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर अशोक कुमार एवं टीम ने सड़क दुर्घटनाओं, हृदयाघात, आग, भूकंप और जल आपदाओं से बचाव के तरीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. खुशवंत सिंह ने एनडीआरएफ टीम का धन्यवाद किया और बताया कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता और समझ बढ़ाने में सहायक होते हैं।

**प्रतियोगिता** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में अंतर-महाविद्यालय एथलेटिक्स मीट में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

# 5000 मीटर दौड़ में मंडी कॉलेज के शशि ठाकुर प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**


ट्रैक व फील्ड स्पर्धाओं के विजेताओं को सम्मानित किया।

**सरदार** पटेल विश्वविद्यालय मंडी की ओर से आयोजित प्रथम अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स मीट के दूसरे दिन विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। 5000 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) में वल्लभ महाविद्यालय मंडी के शशि ठाकुर ने प्रथम, रोहित ठाकुर ने द्वितीय तथा तिलक राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 5000 मीटर (महिला वर्ग) में राजकीय महाविद्यालय हरिपुर-मनाली की अंशुल प्रथम, राजकीय महाविद्यालय कुल्लू की सीमा द्वितीय तथा पलक तृतीय स्थान पर रहीं। 800 मीटर (पुरुष वर्ग) में बल्लभ महाविद्यालय मंडी के प्रथम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर के सूर्यांश द्वितीय और जोगिंद्रनगर कॉलेज के ऋषभ तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, 800 मीटर (महिला वर्ग) में हरिपुरधार कॉलेज की शारदा प्रथम, कुल्लू कॉलेज की अंजली ठाकुर द्वितीय तथा एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर की मुस्कान तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर (पुरुष फाइनल) में जोगिंद्रनगर कॉलेज के शुभम प्रथम। इसी महाविद्यालय के तनुज कुमार द्वितीय और कुल्लू कॉलेज के बलेश कुमार तृतीय स्थान पर रहे, जबकि 200 मीटर (महिला वर्ग) में जोगिंद्रनगर कॉलेज की कशिश प्रथम, एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर की अंजना द्वितीय तथा मंडी की प्रेरणा तृतीय स्थान पर रहीं।

डिस्कस थ्रो (पुरुष वर्ग) में बल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के सिद्धार्थ प्रथम, कुल्लू कॉलेज के वंश द्वितीय तथा सरकाघाट कॉलेज के पंकज भारद्वाज तृतीय स्थान पर रहे। लांग जंप (पुरुष वर्ग) में जोगिंद्रनगर कॉलेज के मनजीत राठौर प्रथम, एलएसएम कॉलेज सुंदरनगर के गौरव ठाकुर द्वितीय तथा रिवालसर कॉलेज के गौरव कुमार और मंडी के राहुल कुमार संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। जैवलिन थ्रो (महिला वर्ग) में एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर की शीतल प्रथम, कुल्लू कॉलेज की नेता द्वितीय तथा एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर की सिटी तृतीय स्थान पर रहीं। आचार्य राजेश कुमार शर्मा, निदेशक, निदेशालय खेल एवं युवा मामले, अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं सचिव अंतर-महाविद्यालय एथलेटिक्स मीट ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पदक व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# श्रमिक कल्याण बोर्ड ने मजदूरों को जारी की 18 करोड़ की सहायता, मार्च तक 50 करोड़ देने का लक्ष्य

## धर्मपुर खंड में सब ऑफिस खोलने की मांग, लंबित क्लेम निपटाने पर जोर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**हिमाचल** प्रदेश राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड हमीरपुर द्वारा मनरेगा मजदूरों को पिछले तीन वर्षों से लंबित वित्तीय सहायता जारी किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिसके तहत धर्मपुर और गोपालपुर खंडों से संबंधित 409 मजदूरों के 553 क्लेमों के लिए 1 करोड़ 49 लाख रुपए जारी किए गए हैं, जिनमें 70 मजदूरों को उनके बेटे-बेटियों की शादियों के लिए 35 लाख 70 हजार रुपए तथा 1 करोड़ 25 लाख रुपए छात्रवृत्ति के रूप में दिए गए हैं।

बोर्ड सदस्य एवं सीटू मजदूर संगठन के राज्य उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि यह जानकारी शिमला में नरदेव सिंह कंवर की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड बैठक में दी गई, जिसमें बताया कि प्रदेशभर के 6132 मजदूरों को पिछले तीन महीनों में 18.24 करोड़ रुपए की सहायता जारी की जा चुकी है और 31 मार्च तक 50 करोड़ रुपए जारी करने का लक्ष्य रखा गया है।31 मार्च तक अधिकांश पात्र मजदूरों का सत्यापन पूरा कर राशि जारी की जाएगी और इसमें यूनियनों की भी मदद ली जाएगी। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सहायता केवल उन्हीं मजदूरों को मिलेगी जिनकी ई-केवाईसी और सत्यापन पूरा होगा, इसके लिए श्रम कल्याण अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर वाहन भी उपलब्ध करवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि ऑडिट आपत्तियों के कारण पुराने आवेदनों के साथ परिवार रजिस्टर की नकलें जोड़ी जा रही हैं, ताकि लंबित क्लेम जल्द निपटाए जा सकें। बैठक में सेस की उगाही बढ़ाने, सेस कलेक्टर नियुक्त करने, 150 श्रमिक मित्र भर्ती करने तथा अधिक मजदूर संख्या वाले क्षेत्रों में बोर्ड के जोनल व उप-कार्यालय खोलने पर भी चर्चा हुई। उन्होंने धर्मपुर खंड में करीब 20 हजार मजदूरों की संख्या को देखते हुए अलग कार्यालय खोलने की मांग बैठक में रखी।

### 26 तक बिजली बिल जमा नहीं करवाया तो कटेगा कनेक्शन

**कविता, पधर, अनंत ज्ञान।** विद्युत उपमंडल पधर ने अपने उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल समय पर जमा करने के लिए सख्त चेतावनी दी है। सहायक अभियंता ई. नितिन चंदेल ने कहा कि 26 दिसंबर तक बिल न भरने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ डिफाल्टर नोटिस जारी किए जाएंगे और भुगतान न होने पर बिजली आपूर्ति काट दी जाएगी। बिजली कटने के बाद पुनः जोड़ने के लिए 250 से 500 रुपए आरसीओ शुल्क देना होगा। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अंतिम तिथि से पहले ऑनलाइन या कार्यालय जाकर अपने बकाया बिल का भुगतान करें।

# तेज सफेद एलईडी लाइटें बन रहीं जानलेवा दोपहिया वाहन चालकों की बढ़ी मुश्किलें

हीना पठानिया, अनंत ज्ञान

**बड्डूही।** शाम ढलते ही सड़कों पर फैलने वाली तेज सफेद रोशनी अब जानलेवा साबित हो रही हैं। खासकर चार पहिया वाहनों में अवैध रूप से लगाई गई हाई पावर सफेद एलईडी लाइटें सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनती जा रही हैं। इन लाइटों की तेज चमक सामने से आ रहे वाहन चालकों की आंखों पर सीधा असर डालती है, जिससे कुछ पलों के लिए दिखाई देना बंद हो जाता है। यही कुछ सेकंड का अंधेरा कई बार गंभीर हादसों का कारण बन रहा है, जिसमें सबसे ज्यादा खतरा दोपहिया वाहन चालकों को झेलना पड़ रहा है।

इस गंभीर समस्या को लेकर धुसाड़ा निवासी मनदीप सिंह ने अपना दर्दनाक अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि बीती रात करीब 8 बजे वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर बड्डूही से धुसाड़ा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे चार पहिया वाहनों की तेज सफेद एलईडी लाइट सीधे उनकी आंखों पर पड़ी। अचानक उन्हें कुछ भी दिखाई नहीं दिया और आंखों के सामने अंधेरा छा गया। संतुलन बिगड़ने से उनकी मोटरसाइकिल सड़क किनारे फिसल गई और वे गिर पड़े। गिरते समय सड़क किनारे लगे एक सफेद के पेड़ से टकराते-टकराते वे बाल-बाल बचे। गनीमत यह रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन यह घटना तेज एलईडी लाइटों के खतरे को उजागर करती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में चार पहिया वाहन चालक अपने वाहनों में अनधिकृत एलईडी लाइटें लगाकर रात के समय फुल लाइट में वाहन चलाते हैं। इससे सामने से आने वाले वाहन चालकों की आंखों पर तेज असर पड़ता है, जिससे सड़क साफ दिखाई नहीं देती और दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। लोगों का दावा है कि आजकल अधिकतर रात्रीकालीन हादसे आंखों पर तेज रोशनी पड़ने के कारण हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद इस पर पर्याप्त नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और यातायात पुलिस से मांग की है कि ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, जो नियमों की अनदेखी कर अवैध एलईडी लाइटों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में यह समस्या और भी भयावह रूप ले सकती है।

### रात के समय लो बीम का करें प्रयोग: डीएसपी

**इस** संबंध में डीएसपी अंब अनिल पटियाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि रात के समय जो वाहन चालक एलईडी लाइट लगाकर हाई बीम में वाहन चलाते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में अनअधिकृत एलईडी लाइटें न लगाएं और रात के समय लो बीम का प्रयोग करें, ताकि सामने से आने वाले चालकों को परेशानी न हो और सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। तेज सफेद एलईडी लाइटों पर नियंत्रण व यातायात नियमों का सख्ती से पालन ही सड़क हादसों पर रोक लगाने का एकमात्र उपाय है। प्रशासन की कार्रवाई और वाहन चालकों की जागरूकता से ही सड़कों को सुरक्षित बनाया जा सकता है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

# जनभागीदारी से स्वच्छ शहर निर्माण का आह्वान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना



नगर निगम ऊना में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित सदस्य।

नगर निगम ऊना में वीरवार को ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत शहरी विकास निदेशालय, हिमाचल प्रदेश व स्वच्छता नॉलेज पार्टनर संस्था हिमालयन इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट, इकोलॉजी एंड डेवलपमेंट (हाइफीड) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में नगर निगम ऊना के साथ-साथ नगर पंचायत अंब, गगरेट, दौलतपुर, संतोषगढ़, टाहलीवाल व मेहतपुर से नगर पंचायतों के अधिकारी, सफाई निरीक्षक, सफाई पर्यवेक्षक, स्कूल शिक्षक, व्यापार संगठनों के प्रतिनिधि एवं स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यशाला का शुभारंभ संयुक्त आयुक्त नगर निगम ऊना मनोज कुमार एवं जिला समन्वयक मुनीश जस्सल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने शहरों को कचरा मुक्त बनाने में जनभागीदारी की महत्ता पर बल देते हुए स्वच्छता को एक व्यापक जनआन्दोलन के रूप में अपनाने का आह्वान किया। कार्यशाला के दौरान कचरा मुक्त शहरों के निर्माण के लिए ठोस व तरल कचरा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के लक्ष्य व उद्देश्यों, घरेलू व बल्क वेस्ट जनरेटर, कचरे के वर्गीकरण, स्त्रोत पर कचरा पृथक्करण, स्वच्छ सर्वेक्षण, कचरा प्रबंधन की प्रभावी रणनीतियों एवं सर्वोत्तम प्रथाओं, व्यवहार परिवर्तन तथा मिशन की संस्थागत संरचना पर प्रकाश डाला गया। इसके अतिरिक्त ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के प्रमुख प्रावधानों पर भी विस्तृत चर्चा की गई, जिससे प्रतिभागियों को नियमों की बेहतर समझ प्राप्त हो सके। इस अवसर पर हाइफीड संस्था की ओर से विषय विशेषज्ञ ज्ञान प्रकाश मिश्रा, प्रकाश दत्त भाटिया, अनिल पैन्यूली और सुभाष शर्मा उपस्थित रहे।

# पांगी में एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल के निर्माण का उठाया मुद्दा

अनंत ज्ञान, बंगाणा



हिमाचल प्रदेश के राज्य सभा सांसद एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने नई दिल्ली में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम से भेंट कर चंबा जिले की दूरस्थ एवं अत्यंत दुर्गम पांगी घाटी में प्रस्तावित एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, किलाड़ के निर्माण से जुड़े लंबे समय से लंबित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

इस अवसर पर उन्होंने पांगी क्षेत्र की भौगोलिक, सामाजिक व शैक्षणिक परिस्थितियों से मंत्री को विस्तार से अवगत कराया तथा स्कूल के जल्द निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. सिकंदर ने बताया कि पांगी घाटी हिमाचल प्रदेश का एकमात्र ऐसा क्षेत्र है, जो शत-प्रतिशत जनजातीय क्षेत्र घोषित है। यहां के निवासी मुख्यतः जनजातीय समुदाय से संबंधित हैं और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बीच जीवन यापन करते हैं। भारी बर्फबारी के कारण यह क्षेत्र वर्ष में लगभग छह से सात माह तक शेष प्रदेश और देश से कटा रहता है, ऐसे में यहां के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पांगी घाटी के अधिकांश गांव अत्यंत दूरस्थ हैं, जहां न तो पर्याप्त शैक्षणिक संस्थान उपलब्ध हैं और न ही आवासीय शिक्षा की सुविधाएं। सीमित संसाधनों और कठिन जीवन परिस्थितियों के कारण प्रतिभाशाली आदिवासी बच्चे भी अपनी क्षमताओं को पूरी तरह विकसित नहीं कर पाते। इसी को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत पांगी घाटी के मुख्यालय किलाड़ में एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल स्वीकृत किया गया था, लेकिन विभिन्न कारणों से इसका निर्माण कार्य लंबे समय से लंबित है। डॉ. सिकंदर कुमार ने मंत्री को अवगत कराया कि पांगी के निर्माण से सैकड़ों आदिवासी विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक शैक्षणिक संसाधन, खेलकूद एवं कौशल विकास के अवसर प्राप्त होंगे।

# ई-गवर्नेंस व युवाओं की भूमिका पर दिया व्याख्यान

अनंत ज्ञान, बड्डूही



राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

छठे दिन के प्रथम सत्र की शुरुआत स्वयंसेवियों द्वारा सामूहिक प्रार्थना, आज का विचार एवं समाचार वाचन के साथ हुई। दूसरे सत्र में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम सिंह ने मुख्य वक्ता नायब तहसीलदार जोल अश्वनी धीमान का स्वागत किया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार ने वर्तमान डिजिटल युग में ई-गवर्नेंस की प्रासंगिकता तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। नायब तहसीलदार अशवनी धीमान ने ई-गवर्नेंस विषय पर विशेष व्याख्यान देते हुए डिजिटल गवर्नेंस, पारदर्शिता, प्रशासनिक दक्षता तथा नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में तकनीक की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रति जागरूक रहने और ई-गवर्नेंस योजनाओं के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने राजस्व विभाग में डिजिटल उपकरणों के एकीकरण पर भी जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार ये उपकरण भूमि अभिलेख प्रबंधन, कर संग्रहण एवं प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बना रहे हैं। साथ ही विद्यार्थियों से इस प्रणाली की महत्ता को समझने और भविष्य में इन क्षेत्रों के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राम कुमार नेगी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। उन्होंने मुख्य वक्ता नायब तहसीलदार जोल अशवनी, अन्य अतिथियों, आयोजकों तथा एनएसएस स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य डॉ. राम कुमार नेगी, डॉ. सगुन डोगरा, प्रोफेसर नवीन आदि मौजूद रहे।

# सरकार कर्मचारियों व पेंशनरों के हितों को लेकर उदासीन: भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ

अनंत ज्ञान, ऊना

प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही यह स्पष्ट कर दिया है कि वह कर्मचारियों, पेंशनरों और आम जनता के हितों के प्रति पूरी तरह उदासीन है। यह तीखा आरोप भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के पूर्व संयोजक राजीव वशिष्ट, पूर्व कर्मचारी नेता यशपाल रायजादा, हरगोविंद, अजय पराशर, शिव कुमार मैहन व अशोक धीमान ने वीरवार को जारी एक संयुक्त प्रेस बयान में लगाया।

नेताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार का रवैया शुरू से ही कर्मचारी विरोधी रहा है और कर्मचारियों की जायज मांगों को जानबूझकर अनदेखा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी वर्षों से अपने संवैधानिक और वैधानिक अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार केवल आश्वासनों की राजनीति कर रही है। वर्ष 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए हजारों कर्मचारियों को आज तक संशोधित लीव इनकैशमेंट और ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त संशोधित वेतनमान की बकाया राशि भी अब तक लंबित पड़ी है, जो सरकार की असंवेदनशीलता और वित्तीय कुप्रबंधन को उजागर करती है। नेताओं ने कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस ने कर्मचारियों, पेंशनरों और जनता को बड़े-बड़े सपने दिखाए थे, लेकिन सत्ता में आए तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी एक भी वायदा धरातल पर साकार नहीं हुआ।

आज हालात यह हैं कि कर्मचारी, पेंशनर और आम नागरिक खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। महंगाई आसमान छू रही है और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ भी खुला खिलवाड़ किया गया है। कांग्रेस ने चुनाव से पूर्व 5 लाख युवाओं को रोजगार देने का वायदा किया था, लेकिन हकीकत यह है कि युवा बेरोजगारी की मार झेलते हुए सड़कों पर भटकने को मजबूर हैं।

# इंडस्ट्री 4 .0 तकनीकों से उद्योगों में उत्पादन बढ़ाने पर जोर

अनंत ज्ञान, गगरेट



स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पर जागरूकता सत्र के दौरान प्रतिनिधि।

गगरेट औद्योगिक क्षेत्र के मिनी कॉमन फैसिलिटी सेंटर में वीरवार को स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पर विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में एमएसएमई उद्यमी, उद्योग प्रतिनिधि और सरकारी संस्थाओं के अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) और सरकार के सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य स्थानीय औद्योगिक इकाइयों में इंडस्ट्री 4.0 तकनीकों को तेजी से अपनाना है।

इस अवसर पर अंब इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष गौतम जी और गगरेट इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष प्रमोद जी ने डिजिटल तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। महासचिव सुरेश जी और कार्यकारी अधिकारी विपुलव राणा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में सीईएल के तकनीकी विशेषज्ञों ने ऑटोमेशन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (ङ्कश ) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से उत्पादन में डाउनटाइम को कम करने और उत्पादकता बढ़ाने के तरीकों पर जानकारी दी। मिनी कॉमन फैसिलिटी सेंटर को साझा अवसंरचना के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिससे एमएसएमई इकाइयां बिना भारी निवेश के आधुनिक तकनीकों का परीक्षण और उपयोग कर सकें। प्रमोद जी ने स्थानीय उद्योगों से आह्वान किया कि वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिके रहने के लिए स्मार्ट तकनीकों को शीघ्र अपनाएं। वहीं, गौतम जी ने कहा कि स्मार्ट सेंसर और डेटा एनालिटिक्स अब विलासिता नहीं, बल्कि औद्योगिक क्षेत्रों के सतत विकास के लिए अनिवार्यता बन चुके हैं। कार्यक्रम में स्थानीय उद्यमियों ने प्रीडिक्टिव मेंटेनेंस और पेपरलेस ऑपरेशंस को अपनाने में गहरी रुचि दिखाई। कार्यकारी अधिकारी विपुलव राणा ने औद्योगिक इकाइयों को डिजिटल बदलाव के लिए आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन दिया। सत्र के समापन पर सीईएल, जिला उद्योग केंद्र और औद्योगिक संगठनों ने संयुक्त रूप से पायलट प्रोजेक्ट्स और तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया। इस पहल से ऊना का औद्योगिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश में स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग का अग्रणी केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और इंडस्ट्री 4.0 के क्षेत्र में एक नई मिसाल स्थापित कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### बाबा लालजी पूरी की याद में लगाया भंडारा



**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा के संस्थापक बाबा लालजी पूरी की याद में वार्षिक भंडारा वीरवार को स्कूल परिसर में आयोजित हुआ। इस दौरान गोंदपुर बनेहड़ा समेत आसपास के गावों के लोगों ने सबसे पहले स्कूल परिसर में स्थापित बाबा लालजी पूरी की प्रतिमा के समक्ष शीश नवाया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### बाबा लाल पूरी के नाम किया जाए स्कूल का नाम

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा हजारों बच्चों को शिक्षा देने के लिए कार्य कर रहा है। स्कूल के संस्थापक बाबा लालजी पूरी ने अपनी नोकरी को छोड़ कर बच्चों के भविष्य को उज्वल करने के लिए स्कूल की नींव रखी थी। ध्यान देने की बात है कि उस समय क्षेत्र में कोई व शिक्षा स्थल नहीं था बच्चों को शिक्षा के लिए घर से दूर जाना पड़ता था। समय के साथ स्कूल सरकार द्वारा अधिकृत कर लिया गया। इसी कड़ी में स्थानीय लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू से पाठशाला का नाम बाबा लाल जी पूरी के नाम पर रखने की मांग उठाई है।

### किन्नू में कार और बाइक की टक्कर

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** वीरवार को भरवाईं के पास किन्नू में ऊना निवासी व्यक्ति की कार व लुधियाना के श्रद्धालुओं की बाइक में टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार को मामूली चोटें आईं। एंबुलेंस की मदद से गवर्नमेंट हॉस्पिटल अम्ब में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर द्वारा उन्हें छुट्टी दे दी गई। दोनों पक्षों द्वारा पुलिस को कोई भी कार्रवाई न करने का बयान दिया गया और आपसी समझौता कर लिया गया। इस घटना में कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है और दोनों पक्षों ने मामले को शांतिपूर्ण तरीके से निपटा लिया है।

### नशे के खिलाफ संकल्प कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्थानीय श्रम कल्याण अधिकारी कार्यालय की ओर से सरकार के एंटी चिट्टा अभियान के समर्थन में एक संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व श्रम कल्याण अधिकारी अमन कुमार शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने कर्मचारियों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई और समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता लाने के लिए सहयोगी साथियों का आह्वान किया। इस अवसर पर दिनेश कुमार समेत अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर लिया भाग

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** स्थानीय पब्लिक स्कूल बंगाणा में एक प्रमुख पेंसिल्स कंपनी के सौजन्य से निबंध लेखन प्रतियोगिता का भव्य व सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक लेखन क्षमता को विकसित करना तथा उन्हें अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित करना रहा। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने सामाजिक, नैतिक एवं शैक्षिक विषयों पर सुंदर भाषा, सशक्त अभिव्यक्ति एवं मौलिक विचारों के साथ अपने निबंध प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों की लेखन शैली, विषय-वस्तु की गहराई और प्रस्तुति ने निर्णायक मंडल को विशेष रूप से प्रभावित किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दिव्यांश धीमन एवं दिव्यांश ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आरोही सोनी एवं शानवी शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि अदिति एवं सानवी ठाकुर ने तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वितरण का कार्य प्रतियोगिता प्रभारी अमित द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी निरंतर मेहनत और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रशासन ने इस प्रेरणादायी आयोजन के लिए नटराज पेंसिल्स प्राइवेट लिमिटेड का हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

# मनरेगा का नाम बदलकर जी राम जी करने से महात्मा गांधी का अपमान: विवेक शर्मा

अनंत ज्ञान, लठियानी



कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मनरेगा योजना का नाम बदलकर 'जी राम जी' किया जाना देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का खुला अपमान है। उन्होंने कहा कि जिस राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश को आजादी दिलाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया, उसी के नाम से जुड़ी योजना को बदलना केंद्र सरकार की गांधी विरोधी सोच को दर्शाता है।

विधायक ने कहा कि महात्मा गांधी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। उनका नाम देश की आत्मा से जुड़ा है। मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना को गांधी जी के नाम से जोड़ने का उद्देश्य केवल नामकरण नहीं था, बल्कि उनके ग्राम स्वराज, आत्मनिर्भर गांव और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की सोच को साकार करना था। केंद्र सरकार आज उस सोच को भूल चुकी है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की शुरुआत 2008 में यूपीए सरकार के कार्य काल में की गई थी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बुजुर्गों, गरीबों, मजदूरों व आम जनता को उनके घर-द्वार के पास रोजगार उपलब्ध कराना था, ताकि उन्हें रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन न करना पड़े। इस योजना ने देश के करोड़ों ग्रामीण परिवारों को आर्थिक संबल दिया। विवेक शर्मा ने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार देने की योजना नहीं रही, बल्कि यह ग्रामीण विकास का मजबूत आधार बनी। इसके तहत गांवों में सड़कें, तालाब, सिंचाई के साधन, जल संरक्षण और अन्य बुनियादी ढांचे का विकास हुआ। इससे न केवल गांवों की तस्वीर बदली, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली।

# बैंकों ने सितंबर तिमाही में बांटे 1858 .44 करोड़ के ऋण

अनंत ज्ञान, ऊना





एसडीएम ऊना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंक सलाहकार एवं समीक्षा बैठक आयोजित।

जिला स्तरीय बैंक सलाहकार एवं समीक्षा बैठक एसडीएम ऊना अभिषेक मित्तल की अध्यक्षता में बचत भवन ऊना में आयोजित हुई। इस दौरान एसडीएम ने बैंकों को वार्षिक ऋण योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों की आर्थिक जरूरतों को पूर्ण किया जा सके।

उन्होंने जरूरतमंद विद्यार्थियों को समय पर शिक्षा ऋण प्रदान करने और सरकारी योजनाओं के तहत ऋण आवेदनों को मंजूरी प्रदान करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही किसानों को लाभान्वित करने के लिए ज्यादा से ज्यादा किसानों को कृषि कार्ड वितरित, कृषि औजारों के लिए ऋण प्रदान करने तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये प्रोत्साहित करने को भी कहा। मित्तल ने बैंकों की वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत की गई उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन प्राथमिक क्षेत्र में ऋण वितरण की कम उपलब्धि पर चिंता जताई। उन्होंने सभी बैंकों को जमा-ऋण अनुपात बढ़ाने और प्राथमिक क्षेत्र में ऋण वितरण में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों और नीतियों का पालन करते हुए बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अधिक से अधिक लोगों को ऋण योजनाओं का लाभ मिले, जिससे आमजन और उद्यमियों को लाभ पहुंच सके। उन्होंने सभी बैंको को निर्देश दिए कि सरकार प्रायोजित योजनाओं के तहत ऋण आवेदनों को समय पर मंजूरी दें। इसके अलावा बैंकिंग प्रणाली में ग्राहकों के साथ आए दिन हो रही धोखाधड़ी के लिए उचित कदम उठाने तथा अधिक से अधिक ग्राहकों को जागरूक करने एव सतर्कता बरतने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर भी जोर दिया। एसडीएम ने दूसरी तिमाही में बैंकों द्वारा लक्ष्यों के बदले उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए बताया कि जिला के बैंकों ने मार्च 2026 तक 3167.11 करोड़ के ऋणों के वार्षिक लक्ष्य के बदले में सितंबर तिमाही तक 1858.44 करोड़ के ऋण वितरित किए। बैंकों की जमा राशि 16377.99 करोड़ हो गई है, इसमें 13.76 प्रतिशत वार्षिक दर से वृद्धि हुई है जबकि ऋण 12.85 प्रतिशत की दर से बढ़ कर 4961.55 करोड़ हो गया है। जिला का ऋण जमा अनुपात वर्ष में 30.29 प्रतिशत हो गया है।

# पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** राजकीय महाविद्यालय बीटन में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के द्वितीय दिवस पर पौधरोपण अभियान का आयोजन बड़े उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ किया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवियों ने शहीदी पार्क, गांव बीटन तथा महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए। पौधरोपण के साथ-साथ स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय भवन क्षेत्र में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इसमें परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जय देश, पुत्र शहीद रमेश लाल, ने शहीदी पार्क में उपस्थित स्वयंसेवियों को अपने वीर पिता के आतंकवादी गतिविधियों के दौरान दिए गए सर्वोच्च बलिदान की गाथा सुनाई। उनके प्रेरणादायी शब्दों ने स्वयंसेवियों में देशभक्ति, त्याग एवं राष्ट्र सेवा की भावना को और अधिक प्रबल किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ शहीदों की स्मृति को जीवंत रखना तथा युवाओं में सामाजिक एवं राष्ट्रीय चेतना का विकास करना रहा। एनएसएस स्वयंसेवियों ने पौधों की देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया।

**अपील** नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर भुट्टो ने दी बधाई

# सुक्खू सरकार की नाकामियों को घर-घर पहुंचाएं बूथ प्रभारी

अनंत ज्ञान, ऊना



कुटलैहड़ में डेरा बाबा रुद्रानंद मंडल के ग्राम केंद्र प्रवास के दौरान दविंदर कुमार भुट्टो व अन्य।

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत डेरा बाबा रूद्रानंद मंडल के बडसाला, नारी व चारोला ग्राम केंद्र प्रवास कार्यक्रम के दौरान कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, बूथ प्रभारी एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। अपने संबोधन में दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में हर कार्यकर्ता को पूरा मान-सम्मान मिलता है और यही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है।

उन्होंने बिहार से नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की जनता की ओर से हार्दिक बधाई दी। दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है और यह उपलब्धि कार्य कर्ताओं की मेहनत, संगठन की मजबूती और जनता के विश्वास के कारण संभव हुई है। भुट्टो ने कहा कि भाजपा वोट चोर नहीं है, बल्कि देश की जनता अब भाजपा के अलावा किसी अन्य राजनीतिक दल को पसंद नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों पर देश की जनता को पूरा विश्वास है और यही कारण है कि आज केंद्र सरकार की नीतियों को जन-जन का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास और विश्वास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। भुट्टो ने प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार के तीन वर्ष मित्रों को खुश करने और मौज-मस्ती में बीत गए। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के बजाय केवल सत्ता का सुख भोगा है। उन्होंने कहा कि हम भी पांच वर्ष मौज-मस्ती कर सकते थे, लेकिन पांच वर्षों बाद जब कुटलैहड़ की जनता के काम न होने पर चुनावों में हमारे पीछे दौड़ती, तो हमें जवाब देना मुश्किल होता। इसी कारण उन्होंने विधायक पद की कुर्सी को छोड़ना उचित समझा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हर बूथ पर प्रभारी केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और मुख्यमंत्री सुक्खू सरकार की नाकामियों को जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि आने वाला समय भाजपा का है और इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर मजबूत संगठन खड़ा करना होगा। हर बूथ पर भाजपा के कुनबे को बढ़ाना ही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। भुट्टो ने कहा कि विकास और विश्वास का दूसरा नाम भारतीय जनता पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल चुनाव जीतने की पार्टी नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की विचार धारा है।

उन्होंने बूथ प्रभारियों को रिचार्ज करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं और उनकी सक्रियता से ही संगठन मजबूत बनता है। पूर्व विधायक भुट्टो ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर आगामी चुनावों की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया और कहा कि जनता के बीच जाकर भाजपा की नीतियों और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करें। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। इस मौके पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू पूर्व जिलाध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा सुषमा ठाकुर भाजपा नेत्री संतोष सैनी के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता बीत प्रभारी एवं गणमान्य मौजूद रहे।

# भाजपा की नीतियों और संस्कारों से हर परिवार जुड़ रहा पार्टी से: राजेंद्र

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कुटलैहड़ सेवा संगठन के संयोजक, कुटलैहड़ भाजपा मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष एवं बीडीसी सदस्य राजेंद्र रिकू ने कहा कि आज देश में ऐसा कोई क्षेत्र या परिवार नहीं बचा है, जो भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता से प्रभावित न हुआ हो।

उन्होंने कहा कि इसके मूल में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी कूटनीतियां, राष्ट्रहित में लिए गए ऐतिहासिक निर्णय और भाजपा की संगठनात्मक संस्कृति व संस्कार हैं, जिन्होंने पार्टी को जन-जन की पार्टी बनाया है। राजेंद्र रिंकू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में पहचान बनाई है। चाहे विदेश नीति हो, रक्षा नीति, आर्थिक सुधार हों या सामाजिक उत्थान की योजनाएं हर क्षेत्र में मोदी सरकार की नीतियों ने आम नागरिक का विश्वास जीता है। इसी विश्वास के कारण आज लोग स्वेच्छा से भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं और पार्टी से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने भाजपा संगठन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है, जहां कार्यकर्ता को पूरा मान-सम्मान दिया जाता है। भाजपा में कार्यकर्ता केवल पोस्टर लगाने या नारे लगाने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसे नेतृत्व के लिए तैयार किया जाता है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और नेतृत्व स्तर तक पहुंचने के समान अवसर उसे दिए जाते हैं।

राजेंद्र रिंकू ने हाल ही में बिहार के नितिन नवीन को मात्र 45 वर्ष की आयु में भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने को युवाओं में बढ़ते विश्वास और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय दर्शाता है कि भाजपा युवाओं पर भरोसा करती है और उन्हें जिम्मेदारी देने से पीछे नहीं हटती। इससे देशभर के युवा कार्यकर्ताओं में नया जोश व ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा युवाओं के बीच एक क्रेज बन चुकी है। युवा वर्ग राष्ट्रवाद, विकास और पारदर्शिता की राजनीति से जुड़ना चाहता है, और भाजपा इन सभी मूल्यों का प्रतिनिधित्व करती है।

## न्यूज ब्रीफ

### 65 वर्षीय व्यक्ति से 234 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के पतलीकूहल क्षेत्र में बुधवार को पुलिस गश्त टीम ने 65 वर्षीय एक व्यक्ति के कब्जे से 234 ग्राम चरस बरामद की। जानकारी के अनुसार पतलीकूहल पुलिस टीम नग्गर पतलीकूहल सड़क पर गश्त पर थी। पुलिस ने पतलीकूहल नगर रोड स्थित माहिली में आटा फैक्टरी के पास आरोपी से 234 ग्राम चरस बरामद की। आरोपी की पहचान धनराज उम्र 65 पुत्र छोटे लाल निवासी भिऊली गांव पुरानी मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर थाना पतलीकूहल में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। मनाली डीएसपी केडी शर्मा ने मामले की पुष्टि की है और बताया कि मामले की जांच जारी है।

### आशनी गांव में बिछाई जाएगी एचटी लाइन

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** बिजली उपमंडल नग्गर के अंतर्गत आने वाले आशनी गांव में बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए विभाग ने कमर कस ली है। यहां पूर्व में प्रस्तावित 100 केवीए ट्रांसफार्मर को स्थापित करने की प्रक्रिया के तहत अब हाई टेंशन लाइन बिछाने का कार्य शुरू होने जा रहा है। बिजली विभाग के अनुसार, यह महत्वपूर्ण कार्य 19 दिसंबर से आरंभ किया जाएगा। बिजली उपमंडल के सहायक अभियंता बुद्धि प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि लाइन बिछाने के इस कार्य में लगभग एक सप्ताह या उससे कुछ अधिक समय लगने की संभावना है। कार्य की गुणवत्ता और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, विभाग ने कार्य दिवसों के दौरान बिजली कटौती का निर्णय लिया है। उक्त अवधि में प्रभावित क्षेत्रों अरछंडी, धामा शहणी, जियाणी, धामा, बरनोट, जाना वाटरफॉल में सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व खेलों में दिखाया जलवा

**अनंत ज्ञान, सैंज।** प्राथमिक शिक्षा खंड सैंज की राजकीय आदर्श केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला में 'अखंड शिक्षा ज्योति, मेरी पाठशाला से निकले मोती' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश उपस्थित रहे। उनके स्वागत में स्कूली बच्चों, स्टाफ और स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा फूल मालाओं से अभिनंदन किया गया और स्मृति चिन्ह व टोपी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें फिल्मी और पहाड़ी नाटी शामिल थीं। इस अवसर पर रमेशचन्द भारद्वाज, ओम प्रकाश ठाकुर, सुरेश भारद्वाज, महेश शर्मा, तारा चंद और अन्य को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। केंद्रीय मुख्य शिक्षक केशवराम ने पाठशाला की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्यातिथि ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल ने विभिन्न खेलों और शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। प्री-प्रायमरी वर्ग में 200 मीटर दौड़ में विशाल प्रथम रहे, छात्रा वर्ग 300 मीटर दौड़ में सुहानी ने बाज़ी मारी। 500 मीटर दौड़ में कृष्ण गोपाल और दीपा विजेता रहे। उंची कूद में कृष्ण गोपाल और रोशन ने स्थान प्राप्त किया। शैक्षणिक परिणाम में प्रथम से पांचवी कक्षा तक के छात्र-छात्राओं को क्रमशः पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवीराम और उनकी पूरी टीम, साथ ही स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

### पीसीपीएनडीटी एक्ट व महिला अधिकारों पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान पतलीकूहल।** बाल विकास परियोजना कटराईं के तत्वावधान में पतलीकूहल में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत एकदिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की पाठशालाओं के मुख्य अध्यापक, शिक्षक, आशा कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह, महिला मंडल और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यशाला की अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतलीकूहल की चिकित्सा अधिकारी राशि ने की। उन्होंने पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 और महिलाओं के अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए लिंग चयन और कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी धनीराम ने महिलाओं और बच्चों के उत्थान के लिए चल रही योजनाओं की जानकारी साझा की। कार्यशाला में 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान पर चर्चा की गई और उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई। इसके अतिरिक्त, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें निर्मला देवी, बबली और आशा कार्यकर्ताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं में जागरूकता और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में सफल रहा।

### मॉकड्रिल में सीखा आग से निपटने का सटीक तरीका



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में चल रही पर्यावरणीय साक्षरता वर्कशॉप का चौथा दिन ईको टूरिज्म और आपदा प्रबंधन पर केंद्रित रहा। प्रतिभागियों ने कुल्लू में सतत ईको टूरिज्म और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के तरीकों की जानकारी प्राप्त की। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक डॉ. रोहित शर्मा ने ईको-फ्रेंडली पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के तरीकों पर व्याख्यान दिया। इसके बाद जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रशांत ने आपदा प्रबंधन के चार चरण और स्थानीय योजनाओं के बारे में बताया। दोपहर में फायर ब्रिगेड ने मॉक ड्रिल कर आग से बचाव के व्यावहारिक उपाय दिखाए। छात्रों ने फायर एक्सटिंगुइशर का प्रयोग करना सीखा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने कहा कि यह वर्कशॉप युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाने और सतत विकास में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नंदीनी ठाकुर ने किया।

# क्रिसमस से पहले मनाली व लाहौल में बढ़ी पर्यटकों की तादाद, सड़कें हुईं जाम

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू/ केलांग।** क्रिसमस और नववर्ष से पहले पर्यटन नगरी मनाली के साथ लाहौल घाटी की वादियों में पर्यटकों का जमावड़ा लग गया है।

मनाली के सभी छोटे-बड़े होटलों में रौनक छा गई है। हालांकि, बर्फ की कमी खल रही है, लेकिन फिर भी भारी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। वहीं, बढ़ती पर्यटकों की संख्या के साथ ट्रैफिक जाम विकराल रूप धारण करने लगा है। लाहौल घाटी के ग्रांफू में पार्किंग के लिए पर्यटकों के वाहनों की कतारें लग रही हैं। मनाली के हिडिंबा मंदिर मार्ग पर जाम से बचने के लिए वाहन चालक लॉगहट्स मार्ग का रुख कर रहे हैं, लेकिन वहां भी गलत पार्किंग और अव्यवस्था के चलते वाहनों को घंटों फंसना पड़ रहा है। जाम के चलते पर्यटकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गलत तरीके से हो रही वाहनों की पार्किंग से पर्यटक घंटों तक जाम में फंस रहे हैं। दरअसल, हिडिंबा मंदिर मार्ग पर मेला मैदान से डीपीएस स्कूल तक अकसर जाम लग जाता है। सड़क के किनारे वाहन खड़े होने से यहां वाहनों को पास लेने की जगह तक नहीं बचती।



लाहौल घाटी के ग्रांफू में पार्किंग के लिए पर्यटकों के वाहनों की कतारें लग रही।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अकसर यह समस्या हो रही है। सीजन में तो इन दोनों ही सड़कों पर वाहन दिनभर रेंगते रहते हैं। उधर, इस बारे में डीएसपी केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस जवानों की कमी चल रही है। 20 दिसंबर तक अतिरिक्त जवान पहुंच जाएंगे। उसके बाद समस्या के समाधान के लिए जगह-जगह जवान तैनात किए जाएंगे। वहीं, दिल्ली में बीएस-6 मानकों वाले वाहनों के अलावा अन्य वाहनों पर लगी रोक के बावजूद मनाली के पर्यटन उद्योग पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ेगा।

पर्यटन कारोबारियों के अनुसार क्रिसमस और नववर्ष के दौरान पर्यटकों की आवाजाही सामान्य रहेगी और सप्लाई चेन भी बाधित नहीं होगी। हालांकि, अपने वाहनों में दिल्ली होकर मनाली आने वाले पर्यटकों को बदलना पड़ सकता है। पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि मनाली के पर्यटन कारोबार पर दिल्ली के इस आदेश का खास असर नहीं पड़ेगा। ऑल इंडिया परमिट वाले वाहनों पर किसी तरह का प्रतिबंध नहीं है। इससे सप्लाई चेन भी प्रभावित नहीं होगी।

फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर का कहना है कि मनाली में आने वाले पर्यटक दिल्ली रूट को छोड़कर अन्य रूट का सहारा ले सकते हैं। उनका मानना है कि इस आदेश का पर्यटन पर खास असर नहीं पड़ने वाला है।

# करपट गांव में बाढ़ नियंत्रण कार्यों के लिए 8 .47 रुपए करोड़ स्वीकृत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

**सुरक्षा कार्यों में गुणवत्ता पारदर्शिता व समयबद्धता से कोई समझौता नहीं होगा**

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मयाड़ घाटी के करपट गांव का संयुक्त दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से प्रत्यक्ष जनसंवाद कर बाढ़ से हुए नुकसान, पुनर्वास और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान का भरोसा दिलाया।

विधायक अनुराधा राणा ने बताया कि करपट गांव में बाढ़ नियंत्रण एवं सुरक्षा कार्यों के लिए सरकार से लगभग 8.47 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोकने, सुरक्षा दीवारों और अन्य संरचनाओं को मजबूत करने के साथ गांव की दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। विधायक ने प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर प्री-फैब स्ट्रक्चर में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया और प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मयाड़ घाटी के चांगुट क्षेत्र का दौरा भी किया, जहां सड़क, पेयजल, बिजली, संचार और अन्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को सुना। तिंगरेट में 900 मीटर पेवर वर्क और वन विभाग के इन्फॉर्मेशन सेंटर के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण करते हुए विधायक ने अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उडगौस गांव में भी उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं और मांगों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज करवाया और संबंधित विभागों को समाधान के लिए दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि सभी विकास एवं सुरक्षा कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने मयाड़ घाटी की जनता को आश्वस्त किया कि सरकार क्षेत्र के विकास, आपदा सुरक्षा और जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर एसडीएम उदयपुर अलीशा चौहान, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी पवन राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष ज्ञालछन ठाकुर, बीडीसी चेयरमैन विपिन, जिला परिषद सदस्य दोरजे लारजे, अन्य बीडीसी व टीएसी सदस्य और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# देशभर के 50 युवाओं ने सीखे रेस्क्यू के गुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं रिवर राफ्टिंग संस्थान पिरडी कुल्लू के सौजन्य से राष्ट्रीय सेवा योजना से आए 50 प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित एडवेंचर कोर्स का वीरवार को समापन हुआ।

10 दिवसीय इस कोर्स के समापन अवसर पर राफ्टिंग सेंटर प्रभारी गिमनर सिंह विशेषातिथि एवं अंकित सूद सह अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर विशेष अतिथियों ने बच्चों को कोर्स परमाण पत्र एवं कोर्स बैज देकर पुरस्कृत किया, प्रभारी गिमनर सिंह ने बताया कि दस दिवस कार्यक्रम में तमिल नाडू, आंद्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा के छात्र छात्राओं ने कई गतिविधियां सीखी। इसमें इन्हें राफ्टिंग कयाकिंग रैपलिंग ज्यूमरिंग आपदा प्रबंधन रेस्क्यू तकनीक फर्स्ट ऐड ट्रेकिंग एवं भौगोलिक सैर सपाटा , रोहतांग पास, कुल्लू में रघुनाथ मंदिर मनाली में हिडिंबा देवी के दर्शन करने का मौका मिला। बच्चों के साथ आए पांच विश्वविद्यालय के प्रोफेसरगण इस कोर्स से खुश हुए।



50 प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित एडवेंचर कोर्स के समापन पर मौजूद युवा।

उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना का धन्यवाद किया।निर्देशक पर्वतारोहण अविनाश नेगी ने सभी प्रतिभागी की सफलतपूर्वक सम्पन्न करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है, और बताया कि राफ्टिंग पिरडीकेंद्र निरंतर वर्ष भर से जल क्रीड़ा , रेस्क्यू कोरस, कयाकिंग कोरस , एडवेंचर कोरस एवं पैराग्लाइडिंग के कोरस चला रहा है । केंद्र में इस वर्ष 500 देश प्रदेश की युवा युवतियों को कोर्स करा चुका है, जिसका हिमाचल प्रदेश में लोगो को रोजगार एवं पर्यटन की दृष्टि से गहरा प्रभाव पड़ा है।

घरद्वार में युवा कोर्स के बाद रोजगार पा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया की साहसिक गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लें। वहीं, प्रभारी राफ्टिंग केंद्र गिमनर सिंह ने बताया कि अगला कोर्स शुक्रवार से 30 दिसंबर तक चलेगा जिसमे देश भर से अलग अलग राज्यों से प्रशिक्षु भाग लेंगे।

# शिविर में उमड़ा जनसहयोग 35 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला रेड क्रॉस सोसायटी कुल्लू द्वारा आईएसबीटी सेंट्रल मॉल, कुल्लू में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त कुल्लू अश्वनी कुमार ने किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त जयबंती ठाकुर, जिला रेड क्रॉस के सचिव विनोद मोदगिल सहित गणमान्य लोग और रक्तदाता उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में कुल 50 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण करवाया, जिनमें से 35 रक्तदाताओं ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया।

शिविर के दौरान उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि समाज में रक्तदान को लेकर जागरूकता निरंतर बढ़ रही है।अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार ने सभी रक्तदाताओं को मानवता की सेवा में इस पुनीत कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि रक्तदान महादान है, जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में निर्णायक भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्तदान से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं और स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान अवश्य करना चाहिए।उन्होंने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है और आपातकालीन परिस्थितियों, दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों तथा शल्य चिकित्सा के दौरान रक्त की निरंतर आवश्यकता रहती है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रयासों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों से आगे आकर रक्तदान करने का आह्वान किया, ताकि समय पर जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

# विशाल का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, सैंज।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शैंशर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवी विशाल का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन हुआ है।

विद्यालय के लिए गर्व और हर्ष का विषय है। यह उपलब्धि स्वयंसेवी विशाल की मेहनत, अनुशासन, सेवा-भावना और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने न केवल एनएसएस के आदर्शों को आत्मसात किया है, बल्कि अपने आचरण और कार्यों से विद्यालय का नाम भी रोशन किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष भारद्वाज ने विशाल को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि विशाल आगे भी इसी लगन के साथ प्रदेश एवं राष्ट्र स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय तथा इस क्षेत्र का गौरव बढ़ाएंगे।

# भूतनाथ मंदिर में ब्यास नदी की तरफ लगाई जाए सुरक्षा दीवार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

संगम महादेव भूतनाथ मंदिर कमेटी कुल्लू का एक प्रतिनिधिमंडल वीरवार को मंदिर कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एकादशी दास महंत की अध्यक्षता में डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश से मिला।



प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को अवगत करवाते हुए बताया कि वर्ष 2023 से वर्ष 2025 तक ब्यास नदी में आई बाढ़ के कारण मंदिर के नदी की तरफ के हिस्से को भारी क्षति पहुंची है। बाढ़ के कारण शौचालय क्षतिग्रस्त हुए हैं तथा नदी की तरफ सरकार द्वारा लगाई गई सुरक्षा दीवार को भी काफी नुकसान पहुंचा है। स्थिति यह बनी हुई है कि नदी में अगर फिर से बाढ़ आती है, तो भूतनाथ में शव दाह चिताओं को भी गिरने का खतरा बन सकता है। हाल ही में शव दाह के लिए लगाई गई गैस भट्ठी भी खतरे की जद में है। मंदिर कमेटी ने डीसी से कहा कि इन दिनों ब्यास नदी का जल स्तर काफी कम हो जाता है तथा ऐसे में सुरक्षा दीवार का कार्य करना संभव है। उन्होंने कहा कि अगर मंदिर के नदी की तरफ के हिस्से पर अगर निर्माण कार्य नहीं करवाया जाता है, तो भूतनाथ मंदिर के शव दाह के लिए बनाए गए स्थान के साथ मंदिर के अस्तित्व को खतरा बन सकता है। उपायुक्त कुल्लू द्वारा इस के जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया है। प्रतिनिधिमंडल में कमेटी के कोषाध्यक्ष प्रेम सूद, सचिव अनुज मिश्रा तथा जसपाल सिंह पाल उपस्थित रहे।

# अविक्लेमित खातों के निस्तारण को जिला स्तरीय बैठक आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति जिले में विभिन्न बैंकों के लंबित अविक्लेमित जमा खातों के निस्तारण के लिए जिला स्तरीय समीक्षा बैठक शुक्रवार को डीसी कार्यालय, केलांग में आयोजित की जाएगी। जिला लीड बैंक प्रबंधक सुनील कुमार ने बताया कि जिले में कुल 6,809 अविक्लेमित खाते हैं, जिनमें लगभग 4.90 करोड़ रुपए जमा हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में 3,313 खाते (3.18 करोड़ रुपए), कांगड़ा सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक में 2,497 खाते (1.32 करोड़ रुपए), यूको बैंक में 623 खाते (0.25 करोड़ रुपए), पंजाब नेशनल बैंक में 364 खाते (0.13 करोड़ रुपए) तथा हिमाचल ग्रामीण बैंक में 12 खाते (0.02 करोड़ रुपए) हैं। अन्य बैंकों में अविक्लेमित खाते शून्य हैं। उन्होंने कहा कि लंबित खातों की अद्यतन सूची जिला प्रशासन के साथ नियमित साझा की जाएगी। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि निष्क्रिय खाते होने पर तत्काल बैंक शाखा से संपर्क कर दस्तावेज जमा करें।

# स्व . ठाकुर वेद राम की कड़ी मेहनत व दूरदृष्टि से कई कीर्तिमान किए स्थापित : सत्य प्रकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भुट्टिको द्वारा अपना 81 वां स्थापना दिवस धूमधाम से सभा के सभागार में मनाया गया।



इस अवसर पर सभा के बुनकर सदस्यों द्वारा कुल्लवी गीत गाकर माहौल को संगीतमय कर दिया। सभा उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत से अब तक के सभा के प्रधान व अध्यक्ष बारे पूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष एवं पूर्व बागवानी मंत्री ने सत्य प्रकाश ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व बुनकर सदस्यों को अपने संबोधन में कहा कि सभा का पंजीकरण 18 दिसम्बर 1944 को लाहौर पंजीयक सहकारी सभांए में किया गया था जिसके कुल 12 सदस्य थे, सभा 1944 से 1956 तक सिर्फ कागजों में सिमटी हुई थी, जब इस सभा का नेतृत्व स्व. वेद राम ठाकुर ने किया तो सभा ने कभी पीछे मुडकर नहीं देखा स्व. ठाकुर वेद राम की कड़ी मेहनत, लग्न, ईमानदारी व दूरदृष्टि से सभा ने कई कीर्तिमान स्थापित किए। उन्होंने सभा परिसर में बुनकरों के लिए कॉलोनी बनाई व बुनाई के लिए शेडों को निर्माण किया। उन्होंने कहा कि सभा को कई प्रकार के वित्तीय नुकसान को झेलना पड़ा हैं। इसके बावजूद सभा ने निरंतर अपने नेतृत्व और प्रबंधन क्षमता के सराहनी प्रयासों से अपने व्यवसायिक सफर को प्रशस्त किया है। ग्राहकों के विश्वास को बनाए रखने के लिए सभा ने अपने उत्पादों की गुणवता को हमेशा उच्च रखा है जिससे ग्राहकों को खरीद उत्पादों की सही कीमत देनी पडें। इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय ने सभी को सभा स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनांए व बधाई दी व सभा को निरंतर आगे बढ़ने के लिए सभी को कड़ी मेहनत, लग्न, ईमानदारी से कार्य करने का संदेश दिया। इस दौरान सभा उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर, निदेशक, आत्मा राम, इंद्रा देवी, जोगघ्यान, हिमबुनकर के पूर्व उपाध्यक्ष ब्रहम स्वरूप ठाकुर, समिति सदस्य राजेश ठाकुर, प्रधान ख्याल चंद, पूर्व निदेशक कलावती, मनी राम, महेन्द्र सिंह, मुख्य महाप्रबंधक विजय ठाकुर, महाप्रबंधक सूरती देवी, दिनेश ठाकुर, कविता ठाकुर, नीना ठाकुर, वीना देवी, महिंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, मीर चंद, तीर्थ राम, शशी ठाकुर, शालिनी ठाकुर, रोशन नेगी, मनीष व अन्य कर्मचारी सहित सैकड़ों बुनकर उपस्थित रहे।

## आयोजन

### पेंशनभोगी संघ के बैनर तले झीड़ी में पेंशनर्स को सम्मानित कर मनाया अखिल भारतीय पेंशनर्स दिवस

# 17 दिसंबर, 1982 का दिन पेंशनर्स के लिए महत्वपूर्ण: बंसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के बैनर तले जिला मंडी के झीड़ी में अखिल भारतीय पेंशनर दिवस मनाया गया। इस मौके पर 85 वर्षीय वयोवृद्ध पेंशनर बंसी लाल ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने बताया कि इस उपलक्ष्य में विभिन्न पेंशनर्स को सम्मानित किया गया और दिवंगत पेंशनर्स को श्रद्धांजलि देकर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

उन्होंने बताया कि 17 दिसंबर, 1982 को भारतीय सर्वोच्च न्यायालय की पांच जजों की खंडपीठ ने पेंशनरों के पक्ष में दिए गए ऐतिहासिक निर्णय में कहा था कि पेंशन कोई खैरात नहीं, बल्कि पेंशनधारकों का मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद हम 'विकसित भारत' की जो तस्वीर देख रहे हैं उसके पीछे निश्चित रूप से कर्मचारियों का ही हाथ है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी सरकार की रीढ़ हैं और सरकार की विकासात्मक परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि एक कर्मचारी जब 30 से 40 वर्ष तक कड़ी मेहनत, लग्न, ईमानदारी से अपना खून पसीना बहाकर 58 से 60 वर्ष की आयु के पश्चात जब सेवानिवृत्त हो जाता है, तो सेवानिवृत्त के पश्चात उसे खुशहाल और सुविधाजनक जीवन यापन के लिए 'आर्थिक स्वावलंबन' की आवश्यकता होती है। यहां तक कि अनेक कर्मचारी सेवाकाल के दौरान ही स्वर्ग सिधार जाते हैं। कर्मचारी के निधन के बाद उसके परिवार के आश्रितों की आर्थिक सुरक्षा के लिए एक निश्चित पारिवारिक पेंशन मिलना अनिवार्य है, ताकि उन्हें अपने परिवार पर निर्भर न रहना पड़े। ऐसे में भारतीय सर्वोच्च न्यायालय 17 दिसंबर, 1982 को पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशनर्स के लिए 'देवदूत' बनकर आया और उसके पांच न्यायाधीशों की खंडपीठ ने पेंशनरों के पक्ष में यह 'ऐतिहासिक निर्णय' सुनाया था। कार्यक्रम के दौरान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष खुशहाल चंद नेगी, एस पी सागर, नरेंद्र कुमार, प्रदेश उपाध्यद (महिला विंग) चिंतपूर्णा,प्रदेश संगठन सचिव मनोरमा डोगरा, जिला कुल्लू पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर, महासचिव खेमसिंह हांडा, कुल्लू शहरी इकाई के अध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, भुंतर खण्ड के अध्यक्ष ओंकार दत्त शर्मा, मनाली के अध्यक्ष नील चंद, बंजार खण्ड के मुख्य सलाहकार अनूप मेहता, महासचिव शेर सिंह ठाकुर सहित अनेक पेंशनर मौजूद रहे।



प्रदेश पेंशनभोगी संघ के पदाधिकारी पेंशनर दिवस कार्यक्रम के दौरान।

## वित्तीय देनदारियों का जल्द करें एकमुश्त भुगतान

**पेंशनर** दिवस पर हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि 31 दिसंबर तक प्रदेश के पेंशनर्स की सभी वित्तीय देनदारियों का एकमुश्त भुगतान किया जाए, अन्यथा पेंशनर सड़कों पर उतरेंगे। उन्होंने कहा पिछले काफी लंबे समय से पेंशनर्स अपनी मांगों को लेकर सरकार से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन सरकार पेंशनर्स की वित्तीय देनदारियों का एकमुश्त भुगतान नहीं कर रही है। इस कारण पेंशनर्स को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## शारदा नंद शर्मा औट खंड के अध्यक्ष मनोनीत

**इस** अवसर पर पेंशनभोगी संघ खंड औट के त्रैवार्षिक चुनाव भी प्रदेशाध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक एलआर गुलशन की देखरेख में करवाए गए। इसमें शारदा नंद शर्मा को अध्यक्ष, मीना शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुरेश कुमार शर्मा को महासचिव,प्रवीण कहोल को उपाध्यक्ष (महिला विंग), प्रेमलाल को कोषाध्यक्ष, हीरा लाल को संयुक्त सचिव, नरेश कुमार को संगठन सचिव एवं रूपेंद्रा शर्मा को मुख्य सलाहकार चुना गया। प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष शारदा नंद शर्मा और महासचिव सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि जो दायित्व उन्हें सौंपा गया है उसे प्रदेशाध्यक्ष गुलशन के नेतृत्व में पूरा करने का भरसक प्रयास किया जाएगा।

# कोटला चकुरठा में तीन माह से एचआरटीसी की बस सेवा बंद

**अनंत ज्ञान, बंजार।** जिला कुल्लू के कोटला चकुरठा में पिछले तीन महीने से सरकारी बस सेवा पूरी तरह बंद पड़ी हुई है। इससे क्षेत्र की जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक असर स्कू जाने वाले छोटे बच्चों पर पड़ रहा है, जिन्हें रोजाना स्कूल पहुंचने के लिए या तो कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है या फिर मजबूरी में महंगे निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि सरकारी बस इस क्षेत्र की जीवनरेखा है। बस सेवा बंद होने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। वहीं, छोटे बच्चों को सड़क पर अकेले भेजना सुरक्षा की दृष्टि से भी जोखिम भरा साबित हो रहा है। कई अभिभावकों ने बताया कि खराब मौसम और ठंड के चलते बच्चे बीमार भी पड़ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में कई बार परिवहन विभाग और डिपो प्रबंधन को अवगत करवाया गया, लेकिन अभी तक कोई उचित कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही बस सेवा बहाल नहीं की गई, तो वे प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के समक्ष आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस समस्या का असर केवल छात्रों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि कामकाजी लोग, बुजुर्ग और मरीज भी प्रभावित हो रहे हैं। सरकारी बस न आने के कारण अस्पताल, बाजार और दफ्तर जाने में भी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और परिवहन विभाग से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से सरकारी बस सेवा बहाल की जाए।

# उदयपुर में स्थापित किया जाएगा एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति में बढ़ती आवारा कुत्तों की समस्या को नियंत्रित करने और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए डीसी किरण भड़ाना की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में लाहौल उपमंडल की सभी पंचायतों के सचिवों, पशुपालन, स्वास्थ्य और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

डीसी ने बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या जनसुरक्षा और स्वच्छता के लिए गंभीर चुनौती बन रही है। उन्होंने उदयपुर उपमंडल में एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर स्थापित करने के निर्देश दिए। इस केंद्र के माध्यम से कुत्तों की संख्या को वैज्ञानिक और मानवीय तरीके से नियंत्रित किया जाएगा। पशुपालन विभाग ने बताया कि भूमि चिन्हित कर उच्च अधिकारियों को प्रस्ताव भेज दिया गया है और स्वीकृति मिलते ही प्राथमिकता के आधार पर कार्य शुरू होगा। बैठक में डॉग बाइट की घटनाओं वाले क्षेत्रों की पहचान कर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर डॉग स्टरलाइजेशन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन ने बंद स्कूल भवनों को अस्थायी डॉग शैल्टर के रूप में उपयोग करने और शैल्टर में कुत्तों के भोजन की व्यवस्था पंचायतों द्वारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, सभी पाठशालाओं में विद्यार्थियों को कुत्तों से बचाव और सुरक्षा के उपायों के बारे में जानकारी देने, अभिभावकों को बच्चों को सुरक्षित कपड़े पहनाने, बस अडडों पर स्वच्छता बनाए रखने और आवारा कुत्तों के प्रवेश पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए। शिक्षा, स्वास्थ्य, युवा सेवाएँ एवं खेल विभाग और पथ परिवहन निगम के सभी परिसरों में चारदीवारी लगाने और नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। डीसी ने सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया ताकि जनसुरक्षा सुनिश्चित हो और आवारा कुत्तों से जुड़े स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जोखिमों को कम किया जा सके।

# बघाट बैंक के शेयर होल्डर्स व खाताधारकों का सांकेतिक प्रदर्शन

## प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर एसआईटी गठन की मांग, चेयरमैन और एमडी का दावा सभी का पैसा सुरक्षित

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** बघाट अर्बन को-आपरेटिव बैंक सोलन के शेयर होल्डर्स और खाताधारकों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत वीरवार को राजगढ़ रोड स्थित हेड ऑफिस के बाहर सांकेतिक प्रदर्शन किया।

इस दौरान बैंक मैनेजमेंट के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। काफी देर तक लोग बैंक के बाहर बैठकर अपना प्रदर्शन जताते रहे। हालांकि, प्रदर्शन में अनुमान मुताबिक कम ही संख्या में लोग पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती की हुई थी। बैंक मैनेजमेंट पर आरोप लगाते हुए शेयर होल्डर फोरम के एडवाइजर महेंद्र नाथ सोफत ने कहा कि अब समय आ चुका है कि एसआईटी गठन हो। और वह भी इस पूरे मामले की अपराधिक विवेचना करें। उन्होंने कहा कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त सख्त कार्रवाई भी होनी चाहिए। सरकार भी इस मामले में हस्तक्षेप और यहां एजीएम की मीटिंग बुलाई जाए। उन्होंने बैंक मैनेजमेंट पर आरोप लगाते हुए कहा कि रिकवरी में भी भाई भतीजा वाद चल रहा है। डिफॉल्टर्स की भी लिस्ट अभी तक जारी नहीं की गई है। बैंक के खाताधारक को पैसे की जरूरत आज है। किसी के घर में शादी है, तो किसी को बीमारी में पैसे की जरूरत है, लेकिन फिलहाल 80 हजार खाताधारक और 11 हजार शेयर होल्डर्स के अलावा बैंक के 100 कर्मी अधर में ही फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग चिंतित है। लगभग सोलन शहर के लोगों का 5 अरब रुपया बैंक में फंसा हुआ है। इसके बात शेरहोल्डर्स बैंक के अंदर पहुंच गए। यहां उन्होंने पहले तो सवालों से बैंक एमडी को घेर लिया। वही बैंक एमडी राजकुमार कश्यप ने भी साफ किया कि बैंक अगले कुछ दिनों में रिकवरी बेहतर करने जा रही है। इसको लेकर रोड मैप भी तैयार है। उन्होंने कहा कि सभी खाता धारकों और शेयर होल्डर्स का पैसा पूरी तरह सुरक्षित है। एमडी ने बताया कि उनकी कुछ फाइलें एआरसीएस ऑफिस में लगी हुई हैं, तो कुछ सरफेसी एक्ट में लिहाजा रिकवरी तेज चली हुई है। उन्होंने कहा कि बैंक रिवाइवल के लिए काम कर रही है। इसी दिशा में प्रदेश सरकार के नुमाइदों से भी मिला जा रहा है। जब कैंपिंग लगी तो उस समय 139 करोड रुपए एनपीए था जो कि अब घटकर 120 करोड़ तक पहुंच गया है। पिछले कुछ महीनो में 7 करोड़ रुपए तक की रिकवरी हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि 15 जनवरी तक वह 100 करोड़ रुपए से नीचे एनपीए कर देंगे।



बैंक के बाहर प्रदर्शन करते शेयर होल्डर।

### सात डिफॉल्टर्स ने ओटीएस के लिए किया आवेदन

**एमडी** ने शेयर होल्डर को बताते हुए यह भी साफ किया कि पिछले कुछ दिनों से बैंक ओटीएस की तरफ भी तेजी से आगे बढ़ रहा है, जहां एक तरफ बैंक ने कई प्रॉपर्टियों को बेचकर करोड़ो रुपए इकट्ठा किया है। वहीं, दूसरी तरफ ओटीएस के माध्यम से भी 7 लोगों के आवेदन उन तक पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर तक ओटीएस का समय रखा है। लिहाजा इस पीरियड में कई लोग ओर इसके लिए आवेदन करेंगे।

### खाता धारकों का पैसा सुरक्षित, निश्चिंत रहें : अरुण

**धरना**-प्रदर्शन के बाद बैंक के चेयरमैन अरुण शर्मा ने पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि सभी खाताधारक निश्चिंत रहे। उनका पैसा उन्हें दिलाना बैंक की प्राथमिकता है। सरकार और आरबीआई से वह लगातार बात कर रहे है। जल्द ही आरबीआई की तरफ से कोई न कोई जवाब मिलने की उम्मीद है। अरुण शर्मा ने बताया कि सरकार भी इस विषय को लेकर चिंतित है। मंत्री से भी लगातार बातचीत हो रही है। ऐसे में बैंक खाता धारकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने पत्रकार वार्ता कर जानकारी थी कि बैंक में अभी 433 करोड़ रुपए एफडी, करंट अकाउंट, गवर्नमेंट सिक्योरिटीज में पड़े हुए हैं। जबकि खाताधारकों को 256 करोड़ रुपए दिए जाने हैं और शेयर होल्डर के 22 करोड़ है। लिहाजा किसी को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

### चेयरमेन ने रखा अपना पक्ष

**एमडी** से सवाल-जवाब करने के बाद शेरहोल्डर्स ने बैंक चेयरमेन से भी मुलाकात की। हालांकि, पहले चेयरमैन अरुण शर्मा शेयर होल्डर से मिलने नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि वह तो पहले ही उनसे मिलना चाहते थे, लेकिन उन्हें पता चला कि शेयर होल्डर कह रहे हैं कि उन पर विश्वास नहीं है तो वह क्या बात करेंगे। हालांकि, इस पर कई शेयरहोल्डर्स ने कहा कि यदि वह विश्वास हो चुके हो तो फिर कुर्सी पर क्यों बैठे हैं। रिजाइन कर दो। वहीं, अरुण शर्मा ने भी साफ कह दिया कि यदि उनके रिजाइन करने से स्थिति ठीक होती है, तो उन्हें उससे भी गुरेज नहीं है। अरुण शर्मा ने कहा कि उन्हें सरकार ने बिठाया है, जब तक सरकार चाहेगी तब तक वह यहां रहेंगे। आरबीआई से लगातार उनकी बातचीत चल रही है। कैस टू केस आरबीआई को भेजे जा रहे हैं। उनकी कोशिश है कि सभी खातेदारों को पैसा मिले। वह सभी दरवाजे खटखटा रहे हैं। आने वाले दिनों में गृह मंत्री अमित शाह से भी बात करने की कोशिश है, जिसकी भी गलती लोन बांटने में होगी उस पर कार्रवाई तय है। उन्होंने कहा कि फैक्ट फाइंड कमिटी भी अपने स्तर पर काम कर रही है। इंश्योरेंस के तहत भी सभी को 5 लाख रुपए मिलना तय हैं।

# पांवटा-देवी नगर मुख्य सड़क मार्ग की दयनीय स्थिति से वाहन चालक परेशान

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**



देवी नगर की मुख्य सड़क मार्ग की स्थिति काफी समय से बहुत ही दयनीय बनी हुई है, जिस सड़क मार्ग के विभिन्न क्षेत्रों में गड्ढे ही गड्ढे नजर आते हैं तो वहीं दूसरी ओर इस सड़क मार्ग में रामपुर घाट से पांवटा की ओर प्रतिदिन रात को क्रेशर से बड़े बड़े ट्राले उत्तराखंड की ओर चलते हैं, जिससे सड़क की स्थिति और दयनीय बनती जा रही है।

क्षेत्र के लोगों ने उपमंडल अधिकारी से निवेदन किया कि इन वाहनों को अलग से वैकल्पिक मार्ग की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि देवी नगर सड़क मार्ग टूटने से बच सके। इस प्रकार लोक निर्माण विभाग से भी आग्रह किया कि देवी नगर सड़क मार्ग में पुन: तारकोल बिछाकर जनता के लिए बेहतर किया जाए, ताकि आम आदमी व वाहन चालकों को गड्ढों और धूल मिट्टी से कहीं न कहीं निजात मिल सके। स्थानीय क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी राजेंद्र तिवारी, राजेंद्र चौहान, आकाश चौधरी, रजनीश राणा, कर्म ठाकुर, इनाम खान, कुलदीप सिंह, मनीष चौहान, नीलम ठाकुर, श्वेता तिवारी, सरिता कुमारी, अजय नेगी, जय ठाकुर, बिरेंद्र सिंह आदि दर्जनों लोगों ने मांग दोहराई कि गुरु की नगरी पांवटा साहिब को जिस प्रकार एक औद्योगिक धार्मिक आस्था का केंद्र बिंदु माना जाता है, तो वहीं देशभर से हजारों व्यवसायी और रोजगार को लेकर पांवटा साहिब की ओर रुख करते हैं। साथ ही पांवटा साहिब के प्रसिद्ध गुरूद्वारे में प्रतिदिन सैकडों हजारों श्रद्धालु देश-भर से आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं, लेकिन अगर हम पांवटा साहिब में जनता की सुविधाओं की बात करें, तो निश्चित रूप से सुविधाओं का अभाव देखने को मिलता है।

## न्यूज ब्रीफ

### आबकारी अभियोग में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** पुलिस थाना परवाणू में गठित पीओ सेल की टीम द्वारा भगोड़े अपराधियों की तलाश के दौरान एक भगोड़े आरोपी राकेश कुमार उर्फ तिलकधारी पुत्र स्व. नंद लाल, निवासी गांव पुराना, सेक्टर-3, परवाणू, तहसील कसौली, जिला सोलन को कालका से गिरफ्तार किया गया। अभियोग की जांच के दौरान पाया गया कि उक्त भगोड़े आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना परवाणू में आबकारी अधिनियम के तहत 2 मामले (अभियोग संख्या 32/2017 व 57/2018) पंजीकृत थे, जिनमें उसके कब्जे से 34 बोतलें देसी शराब बरामद की गई थीं। उक्त दोनों मामलों में आरोपी जमानत मुचलका पर रिहा था तथा आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। उक्त दोनों मामलों में ट्रायल/विचारण के दौरान आरोपी राकेश कुमार उर्फ तिलकधारी को न्यायालय द्वारा न्यायालय में पेश होने के लिए बार-बार आदेश दिए गए, लेकिन इसके बावजूद आरोपी न्यायालय में पेश नहीं हुआ। इस पर न्यायालय द्वारा उक्त आरोपी को भगोड़ा अपराधी घोषित किया गया। उक्त भगोड़े आरोपी की तलाश पुलिस थाना धर्मपुर की टीम द्वारा लगातार की जा रही थी, लेकिन आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपने ठिकाने बदलता रहा। उक्त भगोड़े अपराधी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले में जांच जारी है।

### सुंदरनगर का युवक चिट्टे सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस चौकी डगशाई की एक टीम चौकी क्षेत्र में गश्त एवं अपराधों की रोकथाम के लिए रवाना थी। इसी दौरान उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि केतन राव नामक युवक पंचकूला से काफी मात्रा में चिट्टा/हेरोइन लेकर आया है, जिसे वह स्थानीय व स्थानीय यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्रों को बेचने की फिराक में है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त युवक को काबू किया गया। पूछताछ में उसका नाम व पता केतन राव पुत्र प्रकाश चांद, निवासी सुंदरनगर, जिला मंडी, उम्र 19 वर्ष पाया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 3.44 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद किया गया। इस संबंध में उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना धर्मपुर में पंजीकृत किया गया। अभियोग के अन्वेषण के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की गई। आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

### हाटी चैंपियनशिप क्रिकेट टूर्नामेंट 13 से 25 तक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नव प्रभात नवयुवक संघ डाहर केलवी 13 से 25 जनवरी तक हाटी चैंपियनशिप क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित कर रहा है। यह तीसरा संस्करण है, जिसे चूड़ेश्वर लीजेंड्स सिरमौर प्रायोजित कर रहा है। प्रतियोगिता के दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए हर डॉट बॉल पर एक पौधा प्रायोजित किया जाएगा और कुल 2000 पौधे वितरित किए जाएंगे। संघ के अध्यक्ष विलम ठाकुर और महासचिव कमल ठाकुर ने बताया कि विजेता टीम को दो लाख रुपए और कप, जबकि उपविजेता को एक लाख रुपए और कप प्रदान किया जाएगा। यह टूर्नामेंट युवाओं में खेल और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

### पौधरोपण के प्रति रुझान पैदा करेगी संस्था

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** सिरमौर जिले की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था चूड़ेश्वर लीजेंड्स सिरमौर ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नई पहल करने का निर्णय लिया है। संस्था द्वारा नव प्रभात नवयुवक संघ केलवी की ओर से आयोजित तीसरी क्रिकेट हाटी चैंपियनशिप के दौरान प्रत्येक डॉट बॉल पर एक पौधा स्पॉन्सर किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 13 जनवरी 2026 से शुरू होगी। संस्था के अध्यक्ष संदीप ठाकुर, महासचिव विक्रम सिंगटा और मुख्य सलाहकार जयप्रकाश ठाकुर ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना है। 'खेलो और पौधे लगाओ' अभियान के तहत 2000 से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्य में वन विभाग के प्रशिक्षित अधिकारियों का सहयोग भी लिया जाएगा।

### राजगढ़ कॉलेज व शूलिनी के बीच एमओयू

**अनंत ज्ञान, राजगढ़/सोलन।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़, जिला सिरमौर और शूलिनी विश्वविद्यालय सोलन के बीच एक महत्वपूर्ण अकादमिक सत्र के दौरान समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के लिए शैक्षणिक, शोध और नवाचार के नए अवसर उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में शूलिनी विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. पी. के. खोसला सहित दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। समझौते के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स पर जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे। छात्रों को शूलिनी विश्वविद्यालय में इंटर्नशिप, ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रमों और अत्याधुनिक पुस्तकालय सुविधाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही, संयुक्त शोध, सेमिनार, कार्यशालाएं और शैक्षणिक भ्रमण भी आयोजित किए जाएंगे। यह समझौता उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### क्षमता निर्माण पर विशेषज्ञों ने साझा की जानकारी

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** वन प्रशिक्षण संस्थान चायल में एकीकृत विकास परियोजना के तहत प्रदेश के वानिकी तंत्र की कार्यप्रणाली की समीक्षा पर दो दिवसीय कार्यशाला बुधवार को संपन्न हुई। यह परियोजना प्रदेश में विश्व बैंक के वित्त एवं तकनीकी सहयोग से संचालित की जा रही है। कार्यशाला के पहले दिन पंचायत प्रतिनिधियों व विभिन्न विभागों से जुड़े 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जबकि दूसरे दिन वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित 60 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यशाला में बताया गया कि प्रदेश के 10 जिलों की 428 पंचायतों में परियोजना के तहत कार्य चल रहा है, जिसका उद्देश्य जलागम विकास, जल स्रोतों और वनों का सतत संरक्षण है। वन प्रबंधन, वन आधारित अर्थव्यवस्था, प्रशासन, वित्तीय प्रबंधन और क्षमता निर्माण सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि कार्यशालाओं के निष्कर्ष शिमला में प्रस्तुत किए जाएंगे।

### 50 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 22 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मैसर्ज एसआईएस लिमिटेड आरटीए हमीरपुर में सिक्योरिटी गार्ड व सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 50 पदों पर भर्ती के लिए 22 दिसंबर को उपरोजगार कार्यालय अर्की में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास, आयु 19 से 40 वर्ष तथा न्यूनतम ऊंचाई 168 सेमी और भार 52 से 95 किलोग्राम निर्धारित है। इच्छुक अभ्यर्थियों का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है। उम्मीदवार ईईएमआईएस पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर आवेदन कर सकते हैं। योग्य अभ्यर्थी सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित 22 दिसंबर को प्रातः 10:30 बजे कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 78328-91722 व 98053-60764 पर संपर्क किया जा सकता है।

# हाई कोर्ट ने मंदिर के जिला ट्रस्टियों से मांगा जवाब

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हाई कोर्ट ने उत्तर भारत की विख्यात दिव्य शक्ति पीठ महामाया बाला सुंदरी मंदिर ट्रस्ट में वित्तीय नियमितताओ की एक जनहित याचिका पर राज्य सरकार समेत मंदिर ट्रस्ट के कमिश्नर डीसी सिरमौर, मंदिर ट्रस्ट के अस्सिटेंट कमिश्नर एसडीएम नाहन, एसपी सिरमौर व तहसीलदार नाहन ट्रस्टी को मामले में पार्टी बनाकर नोटिस जारी किए हैं। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस गुरमीत सिंह व जस्टिस जिया लाल की खंडपीठ ने संबंधित प्रतिवादी अधिकारियों को जवाब दाखिल करने के आदेश जारी किए हैं। जन हित याचिका में अगली सुनवाई 9 मार्च को होगी। याचिका में एक कर्मचारी व कुछ लोकल श्रद्धालुओं ने ट्रस्ट के कामकाज पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। त्रिलोकपुर मंदिर ट्रस्ट की कमिश्नर प्रियंका वर्मा ने कहा कि ट्रस्ट के काम काज को लेकर हाई कोर्ट से नोटिस जारी होने की सूचना मिली है। नोटिस का अध्ययन करके हाई कोर्ट में रिप्लाई फाइल करंगे।

# राजगढ़ में 25 आवारा कुत्तों को लगाई एंटी रेबीज वैक्सीन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



नगर पंचायत राजगढ़ में आवारा कुत्तों से उत्पन्न होने वाले संभावित खतरों को कम करने तथा आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाने की दिशा में एंटी रेबीज वैक्सीनेशन अभियान चलाया गया। डीसी सिरमौर के निर्देशों के तहत यह अभियान नगर पंचायत राजगढ़ और पशु चिकित्सा विभाग के संयुक्त सहयोग से नगर के विभिन्न वार्डों में सफलतापूर्वक संचालित किया गया।

उपमंडलीय पशु चिकित्सा अधिकारी राजगढ़ डॉ. एसएस सिख ने बताया कि अभियान के दौरान करीब 25 आवारा कुत्तों को एंटी रेबीज वैक्सीन दी गई। उन्होंने कहा कि यह अभियान रेबिस जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए अत्यंत आवश्यक है, जिससे किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण काटने की स्थिति में बच्चों और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। डॉ. सिख ने यह भी जानकारी दी कि भविष्य में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर प्रभावी नियंत्रण के लिए उनकी नसबंदी की जाएगी, जिससे समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सके। नगर पंचायत के सेनेटरी अधिकारी रामेश्वरम शर्मा ने बताया कि नगर क्षेत्र में आवारा कुत्तों की समस्या के स्थायी समाधान के लिए जल्द ही डॉग शेल्टर के निर्माण की योजना पर कार्य शुरू किया जाएगा। इससे आवारा कुत्तों की उचित देखभाल के साथ-साथ आम नागरिकों को भी राहत मिलेगी। इस अभियान में आशुतोष वर्मा, प्रदीप सहित नगर पंचायत व पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारी सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

# 56,531 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय कार्य बल की बैठक आयोजित हुई। उपायुक्त ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत 21 दिसंबर, 2025 को जिला सिरमौर में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 56,531 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

इस अभियान के सफल संचालन के लिए जिला भर में 534 पोलियो बूथ स्थापित किए जाएंगे, तथा 1776 बूथ टीमों के अतिरिक्त 4 मोबाईल टीम भी क्रियाशील रहेंगी। उन्होंने बताया कि जो बच्चे 21 दिसंबर को पोलियो की खुराक लेने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 22 और 23 दिसंबर को घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, ताकि शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित किया जा सके। उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने जिला वासियों से अपील की है कि वे इस सघन पल्स पोलियो अभियान को जन आंदोलन के रूप में लें और 0 से 5 वर्ष आयु के प्रत्येक बच्चे को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक पिलवाएं। उन्होंने कहा कि एक भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए, तभी शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि पल्स पोलियो अभियान बारे स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान जानकारी प्रदान की जाए ताकि बच्चों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके। उन्होंने उद्योग विभाग को जिला के उद्योगों में कार्य कर रहे मजदूरों के 5 साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने के लिए जागरूक करने के लिए कहा ताकि किसी भी प्रवासी व कामगार का शिशु भी पल्स पोलियो की खुराक से वंचित न रह सके।

### अभिभावक अपने बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर लाएं

**अनंत ज्ञान, अर्की।** खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुक्ता रस्तोगी के नेतृत्व में ब्लॉक अर्की में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाई जाएगी, जिससे उन्हें पोलियो जैसी गंभीर और अपंगता पैदा करने वाली बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। डॉ. मुक्ता रस्तोगी ने बताया कि पोलियो एक अत्यंत संक्रामक रोग है, जो छोटे बच्चों को प्रभावित करता है और समय पर रोकथाम न होने पर आजीवन अपंगता का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि 21 दिसंबर को सभी अभिभावक अपने बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर लाएं। सर्दी, खांसी या बुखार की स्थिति में भी बच्चों को पोलियो की खुराक देना सुरक्षित है। उन्होंने 'न कोई बच्चा छूटे, न कोई घर छूटे' के संकल्प के साथ अभियान में सहभागिता की अपील की।

# रोबोटिक सर्जन डॉ. विवेक डॉ. अंबेडकर नेशनल फैलोशिप अवॉर्ड से हुए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सोलन**



भारतीय दलित साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के सम्मान समारोह में चिकित्सा जगत के प्रख्यात विशेषज्ञ डॉ. विवेक बिंदल को रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय और नवाचार पूर्ण योगदान के लिए 'बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर नेशनल फेलोशिप अवार्ड-2025' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 17 दिसंबर 2025 को राजधानी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया।

भारतीय दलित साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय पुरस्कार चयन समिति द्वारा डॉ. विवेक बिंदल का चयन चिकित्सा विज्ञान में उनकी असाधारण उपलब्धियों, विशेषकर रोबोटिक सर्जरी को नई दिशा देने और आधुनिक तकनीक के माध्यम से मरीज़ों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए किया गया। समारोह में अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एसपी सुमनाक्षर सहित अनेक प्रतिष्ठित विद्वान, साहित्यकार, चिकित्सक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। वक्ताओं ने डॉ. विवेक बिंदल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से उन्होंने न केवल चिकित्सा क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छुई हैं, बल्कि देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी गौरवान्वित किया है। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. विवेक बिंदल ने भारतीय दलित साहित्य अकादमी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उन्हें चिकित्सा सेवा और शोध के क्षेत्र में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। यह सम्मान समारोह चिकित्सा, सामाजिक सरोकार और उत्कृष्टता के संगम का सशक्त उदाहरण रहा।

# पटवारी भर्ती में शुल्क छूट न देना सामाजिक न्याय के खिलाफ

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश में चल रही पटवारी भर्ती प्रक्रिया को लेकर भाजपा ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश डोगरा ने कहा कि पटवारी भर्ती में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क में किसी भी प्रकार की छूट न देना दुर्भाग्यपूर्ण है और यह सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में इन वर्गों को समान अवसर और विशेष संरक्षण का प्रावधान है तथा अब तक अधिकांश सरकारी भर्तियों में इन्हें शुल्क में छूट दी जाती रही है। सभी वर्गों के लिए समान शुल्क तय करना आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों के साथ अन्याय है। भाजपा ने मांग की है कि भर्ती अधिसूचना में संशोधन कर इन वर्गों को शुल्क में छूट दी जाए। ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

# संघोई, घुमारों व मांगू गांव के प्रभावितों को निर्धारित समयावधि में प्रतिबद्ध देनदारियां प्रदान करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, सोलन**


बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम।

उपमंडलाधिकारी अर्की निशांत तोमर ने कहा कि अंबुजा सीमेंट कंपनी दाड़लाघाट को निर्देश दिए गए हैं कि उपमंडल के संघोई, घुमारों व मांगू गांव के प्रभावितों को पुनर्वास एवं पुर्नस्थापन समझौते के तहत प्रतिबद्ध देनदारियां निर्धारित समयावधि में प्रदान की जाएं।

उपमंडलाधिकारी इन गांव के प्रभावितों के साथ आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अंबुजा सीमेंट कंपनी के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। निशांत तोमर ने कहा कि बैठक में कंपनी के प्रतिनिधियों ने आश्वस्त किया कि प्रतिबद्ध देनदारियां शीघ्र प्रदान की जाएंगी। उन्होंने इन गांवों के ऐसे प्रभावितों की सूची उपलब्ध करवाने का आग्रह किया जिन्हें अभी तक प्रतिबद्ध देनदारियां नहीं दी गई हैं। उपमंडलाधिकारी ने बैठक में नायब तहसीलदार दाड़लाघाट को निर्देश दिए कि ऐसे प्रभावितों की सूची तैयार की जाए जिनके घर व भूमि अधिग्रहित हुई है और जिन्हें अभी तक प्रतिबद्ध मुआवजा प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यह सूची कंपनी को दी जाएगी, ताकि इस पर शीघ्र कार्रवाई की जा सके।

बैठक में एक समिति गठित करने का निर्णय भी लिया गया। यह समिति अंबुजा सीमेंट दाड़लाघाट द्वारा की जा रही ब्लास्टिंग के कारण प्रभावितों को होने वाले नुकसान की समीक्षा करेगी। समिति में राजस्व, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों सहित संबंधित ग्राम पंचायतों के प्रधान एवं वार्ड सदस्य सम्मिलित होंगे। निशांत तोमर ने कहा कि बैठक में प्रभावित गांव के ग्रामीणों ने संपर्क मार्ग के कार्य को जल्द पूरा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अंबुजा सीमेंट कंपनी के प्रतिनिधियों ने इस संबंध में जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के प्रभावितों द्वारा अवगत करवाया गया कि संपर्क मार्ग की उचित देखरेख एवं मुरम्मत न होने के कारण बारिश के समय पानी खेत व घरों में नुकसान पहुंचा रहा है। इस संपर्क मार्ग की मरम्मत एवं देखरेख का उत्तरदायित्व कंपनी का है।

**जनसभा** शांडिल ने कोट पंचायत में 22 लाख से अधिक की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

# ग्रामीण आर्थिकी व सामाजिक सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण आर्थिकी को संबल प्रदान करने के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च अधिमान प्रदान कर रही है।

डॉ. शांडिल सोलन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोट में 22 लाख रुपए से अधिक की विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण करने के उपरांत एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने ग्राम पंचायत कोट में 15 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित पंचवटी पार्क, 3.50 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन कटोह तथा 3.50 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन लछोग का लोकार्पण किया। डॉ. शांडिल ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा के तहत गत 3 वर्षों में प्रदेश में 12,095 लाभार्थियों को 28 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत 6000 बेसहारा बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाकर उनका भविष्य सुरक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के तहत प्रदेश में 19,479 विधवा, निराश्रित तथा दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को प्रतिमाह 1000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत बनाने के लिए गाय के दूध पर 51 रुपए और भैंस के दूध पर 61 रुपए प्रति लीटर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश दूध पर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करने वाला देश का पहला राज्य बना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आर्थिकी की मज़बूती के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को सुना तथा आगामी वित्त वर्ष में नए बजट में सभी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का आश्वासन दिया।


कार्यक्रम में पहुंचे सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल व अन्य।

उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोट की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए विद्यार्थियों को 21 हजार रुपए की धनराशि अपनी ऐच्छिक निधि से देने की घोषणा भी की। ग्राम पंचायत कोट के पूर्व उप प्रधान बिशन दत्त शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया जबकि ग्राम पंचायत कोट की प्रधान चंपा देवी ने क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया। कर्नल संजय शांडिल, उपमंडलाधिकारी कंडाघाट गोपाल शर्मा, खंड विकास अधिकारी कंडाघाट राजेश ठाकुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोट के प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह सहित स्थानीय ग्रामीण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

# ग्रामीण आर्थिकी को मजबूती प्रदान करने के लिए बहुआयामी योजनाएं की जा रही कार्यान्वित : अवस्थी

**अनंत ज्ञान, अर्की**




अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर अधोसंरचना सृजन और किसानों एवं बागवानों की आर्थिकी को मजबूत बनाने के लिए बहुआयामी योजनाएं कार्यान्वित कर रही है।

संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र के कुनिहार स्थित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में लगभग 33 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित गुलमोहर विश्राम गृह का लोकार्पण करने के उपरांत उपस्थित पंचायत राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं अन्य को सम्बोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना उनकी प्राथमिकता है। अर्की विधानसभा क्षेत्र में सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र के लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई के लिए नागरिक अस्पताल अर्की में 7 विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति करवाई गई है। इनकी सुविधा लोगों की मिलनी आरंभ हो गई हैं। उन्होंने कहा कि कुनिहार में भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए अस्पताल अधोसंरचना को और मजबूत बनाया जाएगा।

विधायक ने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र के छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए क्षेत्र में तीन राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। संजय अवस्थी ने खंड विकास अधिकारी कुनिहार के कार्यालय के प्रारम्भिक निर्माण कार्य के लिए प्रथम चरण में 10 लाख रुपए तथा परिसर में शॉप और कैंटीन निर्माण के लिए 5 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। विधायक ने इस अवसर पर जन समस्याएं सुनीं और इनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### सीपीडीएल ने अवैध बिजली कनेक्शनों पर सख्ती के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (सीपीडीएल) ने बिजली कनेक्शन प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने के उद्देश्य से सेक्टर-25 वेस्ट, रीहैबिलिटेशन कॉलोनी में पहला ऑन-साइट न्यू इलेक्ट्रिसिटी कनेक्शन कैंप आयोजित किया। कैंप के दौरान रिहायशी और व्यावसायिक उपभोक्ताओं से नए कनेक्शन के लिए कुल 88 आवेदन प्राप्त हुए, जिसे उपभोक्ताओं का अच्छा प्रतिसाद मिला। कैंप में सीपीडीएल अधिकारियों ने दस्तावेज सत्यापन से लेकर आवेदन प्रक्रिया तक पूरा सहयोग दिया, जिससे उपभोक्ताओं को तेज, पारदर्शी और सहज सेवा अनुभव मिला। सीपीडीएल निदेशक अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि उपभोक्ता सुविधा और सेवा दक्षता कंपनी की प्राथमिकता है तथा ऐसे कैम्प पूरे शहर में आयोजित किए जाएंगे। सीपीडीएल ने इस पहल के माध्यम से अधिकृत कनेक्शन को बढ़ावा देने और अवैध कनेक्शनों पर सख्ती जारी रखने का भी संदेश दिया है।

### हरियाणा विधानसभा ने पीएम मोदी का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस पर प्रदेशभर में आयोजित कार्यक्रमों की सफलता को लेकर हरियाणा विधानसभा में सर्वसम्मति से धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। सदन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष आभार जताया, जिन्होंने कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में आयोजित समागम में भाग लेकर गुरुजी को नमन किया। विधानसभा की ओर से प्रधानमंत्री को धन्यवाद पत्र भेजने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कार्यक्रमों की जानकारी साझा करते हुए आयोजन समितियों, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों का आभार व्यक्त किया। चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आमंत्रण को लेकर हल्की नोकझोंक भी हुई, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने सभी से संयम बरतने का आग्रह किया। विधायकों ने सिख गुरुओं की शिक्षाओं पर चलने और धार्मिक आयोजनों में समावेशी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि वीर बाल दिवस के अवसर पर स्कूलों में निबंध प्रतियोगिताएं शुरू की गई हैं, जिससे बच्चों को साहिबजादों के जीवन से प्रेरणा मिलेगी।

### हरियणा के 25 लाख किसानों पर 60 हजार करोड़ का कर्ज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में इस समय 25 लाख से अधिक किसान कर्जदार है। यह जानकारी गुरुवार को हरियाणा विधानसभा सरकार द्वारा पेश की गई रिपोर्ट में दी गई है। इनेलो के रानिया से विधायक अर्जुन चौटाला ने विधानसभा में सरकार से कर्जदार किसानों के बारे में जानकारी मांगी। चौटाला ने सरकार की ओर से किसानों के संबंध में शुरू की गई बकाया माफी पर भी रिपोर्ट मांगी। इसके जवाब में मुख्यमंत्री नायब सैनी के हवाले से सदन में टेबल की गई रिपोर्ट में सरकार ने कहा कि 30 सितंबर तक हरियाणा में कुल 25 लाख 67 हजार 467 किसानों की तरफ 60 हजार 816 करोड़ रुपए कृषि ऋण के रूप में बकाया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार के नियमानुसार किसानों को कृषि ऋण पर ब्याज में छूट प्रदान की जाती है। वर्ष 2019 में एकमुश्त समाधान योजना के तहत 308302 किसानों को 1348.40 करोड़ तक का लाभ हुआ है। वर्ष 2022 में 17847 किसानों को 66.01 करोड़ की राशि का लाभ हुआ है। एकमुश्त समाधान योजना को अब तक 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है।

### सोशल मीडिया फ्रेंडशिप के नाम पर साइबर ठगी

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** सोशल मीडिया पर दोस्ती कर युवती से 58 हजार रुपए ठगने के मामले में साइबर अपराध थाना दक्षिण गुरुग्राम पुलिस ने नाईजीरिया मूल के आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी मूसा (40) ने खुद को लंदन निवासी बताकर युवती का भरोसा जीता और भारत आने के बहाने फ्लाइट टिकट की फोटो भेजी। नकदी रोकने का झांसा देकर उसने रकम ट्रांसफर करवाई। आरोपी 2019 में मेडिकल वीजा पर भारत आया था और कमीशन पर ठगी की रकम निकालने का काम करता था। पुलिस पूछताछ जारी है।

# एचएसजीएमसी में मचा घमासान : गोलक फंड के दुरुपयोग का लगाया आरोप

## कमेटी सदस्य ने प्रधान जगदीश सिंह झींडा से की इस्तीफे की मांग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एचएसजीएमसी) में कथित भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं और प्रशासनिक विफलताओं को लेकर खुला टकराव सामने आ गया है। कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झींडा पर गुरु की गोलक (दान पात्र) के फंडों के दुरुपयोग, गुरुद्वारों के प्रबंध को चौपट करने और धर्म प्रचार व शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों को लेकर कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने गुरुवार को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधान झींडा से तुरंत इस्तीफे की मांग की।

इस अवसर पर जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल (चेयरमैन, धर्म प्रचार समिति), गुरमीत सिंह रामसर (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट), गुरबीर सिंह तलाकौर (जूनियर वाइस प्रेसिडेंट), जगतार सिंह मान (अन्तरिम सदस्य), तजिंद्रपाल सिंह नारनौल (अंतरिम सदस्य), सीनियर सदस्य दीदार सिंह नलवी आदि उपस्थित थे।

सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने कहा कि प्रधान बनते समय जगदीश सिंह झींडा द्वारा की गई कोई भी घोषणा पूरी नहीं हुई। यूनिवर्सिटी स्कूल खोलने, सिरोपा न देने, गुरुद्वारा गाड़ियों के निजी उपयोग, कर्मचारियों से दुर्व्यवहार और वीआईपी संस्कृति खत्म करने जैसे वादे खोखले साबित हुए। आरोप है कि आज स्थिति उलट है, पतित लोगों को केसरिया सिरोपा बांटा जा रहा है, कमेटी की गाड़ियां व कर्मचारी निजी इस्तेमाल में हैं, काला दिवस और बाढ़ राहत के नाम पर गोलक व फंडों का दुरुपयोग हुआ और 350 साला समारोह में भारी वित्तीय अनियमितताएं की गईं।

पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि ईमानदारी से काम करने वाले, लेकिन पसंद न आने वाले कर्मचारियों को नौकरी से हटाया जा रहा है। निजी रंजिश के चलते तबादले किए जा रहे हैं और कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से फंडों का दुरुपयोग हो रहा है। शिक्षा क्षेत्र में नर्सिंग कॉलेज और तिलोकेवाला स्कूल में मनमाने तबादलों से पूरा तंत्र चरमरा गया है।

कमेटी सदस्यों ने आरोप लगाया कि जगदीश सिंह झींडा तानाशाही रवैया अपना रहे हैं। अब तक 2 जनरल हाउस और 3 एग्जीक्यूटिव मीटिंगें विफल रहीं और वह ऐसे पहले प्रधान हैं जिन्होंने अपना ही बजट फेल करवाया। पूर्व सहयोगी भूपिंदर सिंह लाडी द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों पर भी आज तक कोई जवाब नहीं दिया गया। सदस्यों ने कहा कि गुरुद्वारा चुनाव और ज्यूडिशियल कमीशन निष्प्रभावी साबित हो रहे हैं।

# जिला परिषद की सीट जीतने पर ठाकुर भूपिंदर सिंह को मंत्री कटारुचक ने किया सम्मानित



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** भोआ विधानसभा क्षेत्र के जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में जीतने वाले उम्मीदवारों को खास तौर पर सम्मानित करने के लिए पंजाब के कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारुचक ने अपने गांव कटारुचक्क में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया।

मंत्री कटारुचक ने कहा कि जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में आम आदमी पार्टी की जीत से खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में जीत हासिल करके सेमीफाइनल जीत हासिल कर ली है। उन्होंने कहा कि ज़िला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के 48 जोन भोआ विधानसभा क्षेत्र में आते हैं, जिनमें से आम आदमी पार्टी ने 32 जोन जीते हैं, कांग्रेस ने 11 सीटें और बीजेपी ने पांच सीटें जीती हैं। इसलिए, 75 प्रतिशत सीटें आम आदमी पार्टी ने जीतीं और बाकी 25 प्रतिशत सीटें दोनों पार्टियों ने जीतीं।

उन्होंने कहा कि भोआ विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी को 22 प्रतिशत वोट मिले, कांग्रेस को 16.50 प्रतिशत वोट और बीजेपी को 14 प्रतिशत वोट मिले। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों ने जिला परिषद में पांच सीटें जीती हैं और सभी उम्मीदवार आम घरों और परिवारों से आते हैं। जीतने वाले उम्मीदवार नितिन ठाकुर ने नरोट मेहरा से चुनाव जीता है। भूपिंदर सिंह मूना, जो अपना पहला चुनाव लड़ रहे थे, उन्होंने घरोटा से जीत हासिल की है। तारागढ़ की एक गृहिणी गुरप्रीत कौर जीत गई हैं, अश्विनी कुमार, जो पिछले 2-3 बार से अपने गांव के लोगों की सेवा कर रहे हैं, भोआ से जीत गए हैं, और तलूर से जीतने वाली किरण कुमारी भी जीत गई हैं।

## हस्तकला 2025 में ट्राइडेंट ग्रुप ने दिखाई 'वेस्ट टू वेल्थ' की मिसाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



ट्राइडेंट ग्रुप ने सतत विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए बुधनी प्लांट में 'हस्तकला 2025: वेस्ट टू वेल्थ' हेंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया। ट्राइडेंट ह्यूमैनिटी फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में बेकार सामग्री को उपयोगी व कलात्मक उत्पादों में बदलकर 'ट्रैश टू ट्रेजर' की अवधारणा को साकार किया गया।

इस आयोजन में 40 से अधिक महिला कारीगरों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। नर्मदापुरम सेंट्रल जेल, एनआरएलएम, आईटीआई शाहगंज, स्कूलों, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी रही। निर्णायक मंडल द्वारा कृतियों का मूल्यांकन किया गया, जिसमें किरणजीत कौर ने प्रथम पुरस्कार, आईटीआई शाहगंज ने द्वितीय और तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से नर्मदापुरम सेंट्रल जेल व रश्मि मौर्य को मिला। यह पहल संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप महिला सशक्तिकरण, नवाचार और हरित भविष्य की दिशा में एक प्रभावी मॉडल प्रस्तुत करती है।

## मैक्स अस्पताल में तंजानिया की महिला का लकवाग्रस्त हाथ किया सक्रिय

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मैक्स अस्पताल, मोहाली में ब्रैकियल प्लेक्सस की गंभीर चोट से जूझ रही तंजानिया की 26 वर्षीय महिला के बाएं हाथ की मूवमेंट और कार्यक्षमता को सफलतापूर्वक बहाल किया गया है।



सड़क दुर्घटना में हुए गंभीर नर्व डैमेज के कारण महिला का हाथ पूरी तरह लकवाग्रस्त हो गया था, जिससे उसकी दैनिक गतिविधियां और मानसिक स्थिति प्रभावित हो रही थीं। विशेष उपचार की तलाश में भारत पहुंची लवनेस अहमद की जांच के बाद एडवांस्ड नर्व ट्रांसफर सर्जरी की गई। प्लास्टिक सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. ऋषि धवन ने अत्याधुनिक माइक्रोसर्जिकल तकनीक से यह जटिल सर्जरी की, जिसमें स्वस्थ नसों को पुनर्निर्देशित कर मस्तिष्क और मांसपेशियों के बीच संचार दोबारा स्थापित किया गया। डॉ. धवन के अनुसार ब्रैकियल प्लेक्सस की चोटें अत्यंत चुनौतीपूर्ण होती हैं, लेकिन समय पर सर्जरी और निरंतर फिजियोथेरेपी से अच्छे परिणाम संभव हैं। सर्जरी के बाद कई महीनों के पुनर्वास के दौरान महिला ने धीरे-धीरे हाथ की गति, ताकत और नियंत्रण हासिल करना शुरू कर दिया, जिससे उसकी जीवन गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ।

## क्रिसमस पर्व: 23 दिसंबर को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

ट्राईसिटी चर्चिज एसोसिएशन द्वारा ईसाईयों के सबसे बड़े पर्व क्रिसमस के शुभागमन के अवसर पर कैरोल सिंगिंग का कार्यक्रम शुरू किया हुआ है। युवा, बच्चे और बुजुर्ग उत्साह के साथ टोलियां बनाकर मसीही परिवारों के घरों में पहुंचे और प्रभु यीशु मसीह के जन्म के गीत गाकर खुशियां मनाई। झूमो नाचो खुशी से आज येशु पैदा हुआ... और आया मसीह चरनी में... जैसे गीतों की गूंज गिटार व ढोल की धुनों पर देर रात तक सुनाई दी।

इस अवसर पर ट्राईसिटी चर्चिज एसोसिएशन के प्रेसिडेंट लॉरेन्स मलिक ने बताया कि प्रभु यीशु मसीह ने मानवता के उद्धार के लिए अपने प्राण त्यागे। कैरोल गायन इस उत्सव का अभिन्न हिस्सा है। कैरोल टीम में कई सदस्य शामिल थे।

उन्होंने आगे कहा कि ईसाई समुदाय ने क्रिसमस के आगमन की खुशी और यीशु मसीह के जन्म का सुसमाचार फैलाने के लिए घर-घर जाकर कैरोल सिंगिंग (भजन गायन) शुरू कर दिया है, यह एक पुरानी परंपरा है जो मध्य युग से चली आ रही है, जिसमें लोग घर-घर जाकर आनंद के गीत गाते हैं और यीशु के जन्म का संदेश देते हैं, जिससे पूरे इलाके में उल्लास का माहौल बन जाता है। उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर को ट्राईसिटी चर्चिज एसोसिएशन द्वारा भव्य शोभा यात्रा सेक्टर 18 चर्च से निकाली जाएगी।

कैरोल सिंगिंग कर रहे ईसाई सदस्यों ने बताया कि कैरोल का मतलब 'आनंद का गीत' होता है, और इन गीतों के माध्यम से यीशु के जन्म की शुभ सूचना और प्रेम, त्याग, मानवता का संदेश दिया जाता है।

## देश-विदेश

## सेंसेक्स 78 अंक गिरकर 84,482 पर बंद, ऑटो और फार्मा शेयर्स में गिरावट

**एजेंसी, मुंबई**

**शेयर** बाजार में वीरवार को फ्लैट कारोबार देखने को मिला। सेंसेक्स 78 अंक गिरकर 84,482 पर बंद हुआ। निफ्टी में 3 अंक की गिरावट रही, ये 25,816 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में गिरावट और 14 शेयरों में बढ़त रही।

ऑटो, फार्मा और एनर्जी शेयर्स में गिरावट रही। वहीं आईटी और मेटल सेक्टर के शेयर्स में बढ़त रही। एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 1.53% नीचे 3,994 पर और जापान का निक्केई इंडेक्स 1.03% नीचे 49,001 पर बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.12% ऊपर 25,498 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.16% ऊपर 3,876 पर बंद हुआ।



17 दिसंबर को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.47% नीचे 47,885 पर बंद हुआ। बुधवार को शेयर बाजार में गिरावट रही थी। सेंसेक्स 120 अंक गिरकर 84,560 पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 42 अंक की गिरावट रही, ये 25,819 के स्तर पर आ गया था। (अनंत ज्ञान)

## बाबरी मस्जिद निर्माण को चुनौती देने वाली जनहित याचिका खारिज

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा बाबरी मस्जिद बनाने के फैसले को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया गया है।

तृणमूल कांग्रेस से निलंबित और भरतपुर के विधायक हुमायूं कबीर ने जिला प्रशासन की अनुमति के बिना बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का काम शुरू कर दिया था। इसी आरोप के साथ हाल ही में उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई थी। वीरवार को उच्च न्यायालय ने उस मामले को खारिज कर दिया। (अनंत ज्ञान)

## इंडिगो सीईओ बोले- सबसे बुरा वक्त बीत गया, नेटवर्क की 2200 फ्लाइट्स बहाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**इंडिगो** के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि एयरलाइन का सबसे बुरा समय बीत गया है, क्योंकि ऑपरेशंस स्थिर हो गए हैं और कैरियर ने अपने नेटवर्क को 2,200 फ्लाइट्स तक बहाल कर दिया है। पीटर ने वीरवार को कर्मचारियों को दिए इंटरनल मैसेज में कहा कि एयरलाइन एक मुश्किल दौर के बाद और मजबूत होकर उभरी है। एल्बर्स ने हाल की दिक्कतों के दौरान एकजुट रहने के लिए सभी विभागों के कर्मचारियों की तारीफ की।

**10 दिन में 5 हजार फ्लाइट कैंसिल हुई थीं**

उन्होंने कहा कि पिछले दो हफ्ते हम सभी के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहे हैं। इस तूफान के बीच, हम फिर से अपने पंख फैला रहे हैं। हमने अपने नेटवर्क को 2200 फ्लाइट्स तक बहाल कर दिया है। उन्होंने लिखा कि हम उसी फोकस के साथ भारत की सेवा करना जारी रखेंगे, जिसने इस कंपनी को बनाया है। विश्वसनीयता, पहुंच, अनुशासन और कस्टमर फोकस। अब यहां से, आगे और ऊपर की ओर उड़ना है। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ) ने एविएशन नियमों में बदलाव किया। इसके चलते दिसंबर के पहले हफ्ते में इंडिगो में क्रू मेंबर्स की भारी कमी हो गई थी। यही वजह रही कि 1 से 10 दिसंबर के बीच इंडिगो की 5000 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हुई थीं। (अनंत ज्ञान)

## चांदी दूसरे दिन भी 2.01 लाख किलो के ऑल टाइम हाई पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**चांदी** लगातार दूसरे दिन वीरवार को भी ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 1 किलो चांदी 1,609 रुपए बढ़कर 2,01,250 रुपए किलो पर पहुंच गई है। इससे पहले 17 दिसंबर को ये 1,99,641 रुपए पर बंद हुई थी। वहीं, बुधवार को चांदी पहली बार 2 लाख रुपए किलो के ऊपर निकली थी। सुबह 2,00,750 रुपए पर ओपन हुई थी। इस साल अब तक चांदी की कीमत 1,15,233 रुपए बढ़ चुकी है। सोलर, इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिक व्हीकल सेक्टर में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल के चलते चांदी अब सिर्फ ज्वेलरी तक सीमित नहीं रही। वहीं, अमेरिकी कंपनियां संभावित टैरिफ पॉलिसी के डर से चांदी का भारी स्टॉक जमा कर रही हैं। इससे ग्लोबल सप्लाई पर दबाव बना है। प्रोडक्शन रुकने की आशंका के चलते मैन्युफैक्चरर्स पहले से खरीदारी कर रहे हैं, जिससे आने वाले महीनों में भी तेजी बनी रह सकती है। निवेशक सिल्वर श्व स्त्र के जरिए चांदी में निवेश बढ़ा रहे हैं, जिससे डिमांड और मजबूत हुई है। उधर, 24 कैरेट शुद्धता वाला सोना भी 137 रुपए बढ़कर 1,32,454 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। (अनंत ज्ञान)

## भगोड़े मेहुल चोकसी को बेल्जियम की कोर्ट से बड़ा झटका भारत में प्रत्यर्पण के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**हजारों** करोड़ के बैंकिंग घोटाले में भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम की कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। बेल्जियम की सर्वोच्च अदालत-कोर्ट ऑफ कैसेशन ने मेहुल चौकसी की भारत में प्रत्यर्पण के खिलाफ याचिका को खारिज कर दिया है।

दरअसल, बेल्जियम की कोर्ट ने मेहुल चौकसी की भारत में प्रत्यर्पण के खिलाफ याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि चोकसी के तर्कों में कोई दम नहीं है और वह प्रत्यर्पण रोकने के लिए कोई कानूनी या तथ्यात्मक आधार साबित नहीं कर पाए। कोर्ट ने कहा कि त्यर्पण की प्रक्रिया भारत के कानूनों और यूरोपीय मानवाधिकार मानकों के अनुरूप है। कोर्ट ने मेहुल चोकसी पर 104 यूरो का जुर्माना लगाते हुए एंटवर्प कोर्ट ऑफ अपील के अभियोग कक्ष के इस दृष्टिकोण को बरकरार रखा कि चोकसी द्वारा प्रदान किए गए दस्तावेज यह साबित करने के लिए अपर्याप्त थे कि उसे न्याय से खुलेआम वंचित किए जाने या यातना या अमानवीय और अपमानजनक व्यवहार का वास्तविक, वर्तमान और गंभीर खतरा है। चोकसी ने अभियोग कक्ष द्वारा एंटीगुआ से कथित अपहरण के प्रयास के दावों पर लिए गए दृष्टिकोण, इंटरपोल फाइलों के नियंत्रण आयोग (सीसीएफ) द्वारा कथित घटना पर लिए गए दृष्टिकोण, मीडिया कवरेज और अन्य तर्कों के साथ-साथ निर्दोषता की धारणा के उल्लंघन के आधार पर भारत में निष्पक्ष सुनवाई न मिलने की संभावना के खिलाफ अपने तर्क प्रस्तुत किए थे। (अनंत ज्ञान)

## पुंछ में एलओसी पार करने की कोशिश नाकाम, पाकिस्तानी महिला हिरासत में

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारतीय सेना ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम की है। इस दौरान पाकिस्तान की एक महिला को पकड़ा गया, जो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश कर रही थी। सूत्रों ने बताया कि महिला की पहचान शहनाज अख्तर के रूप में हुई है। उसे एक दिन पहले मेंढर उपमंडल में एलओसी के पास पकड़ा गया। जवानों ने सीमा पर संदिग्ध गतिविधि देखी थी। सेना के निगरानी उपकरणों के जरिए उसे एलओसी पार करते समय ट्रैक किया गया। शहनाज पीओके के कोटली जिले के गिम्मा गांव की रहने वाली बताई गई है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि घुसपैठ से पहले वह एक पाकिस्तानी सेना चौकी के पास रुकी थी। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना के जवानों ने उसे नाश्ता दिया और बाद में एलओसी की ओर भेजा। जांच में यह भी सामने आया है कि 'जेहन' नाम के एक व्यक्ति ने उसे सीमा पार करने से पहले 1,000 रुपए दिए। (अनंत ज्ञान)

## दिल्ली से मुंबई तक हार नहीं भूलेगा भारत : शहबाज

**कहा- मोदी सरकार को सबक सिखाया**
**6 लड़ाकू विमान गिराने का दावा किया**

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तानी** पीएम शहबाज शरीफ ने बुधवार को खैबर पख्तूनख्वा के एक यूनिवर्सिटी में भारत को सबक सीखाने की बात कही।

पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने बुधवार को कहा कि उनकी सेना ने भारत को कभी न भूलने वाला सबक दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से मुंबई तक भारत इस हार का दर्द कभी नहीं भूलेगा। शहबाज ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने देश की जनता की दुआओं से यह जीत हासिल की। उन्होंने ने यह बयान खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में हरिपुर यूनिवर्सिटी में दिया। शहबाज ने दावा किया कि 87 घंटे तक चले इस संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत के 6 लड़ाकू विमान गिराए, जिनमें तीन राफेल शामिल थे। साथ ही कई ड्रोन भी मार गिराए। पाकिस्तानी पीएम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमला होने के इसके बाद भारत ने पाकिस्तान पर आरोप लगाते हुए सैन्य कार्रवाई की। पहलगाम में 22 अप्रैल को टूरिस्टों पर आतंकवादी हमला हुआ, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। ये आतंकी पाकिस्तान से जुड़े थे। (अनंत ज्ञान)

### शहबाज ने यूएन में 7 विमान गिराने का दावा किया था

**शहबाज** इससे पहले भी ऐसी बयानबाजी कर चुके हैं। हालांकि, इससे पहले उन्होंने सितंबर में भारत के 7 विमान गिराने का दावा किया था। उन्होंने यूएन में दिए गए भाषण में भारत पर पाकिस्तान की जीत का दावा किया था। शहबाज ने कहा कि उन्होंने पहलगाम हमले की निष्पक्ष अंतरराष्ट्रीय जांच की अपील की थी, लेकिन भारत ने उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि भारत का कट्टरपंथी हिंदुत्व दुनिया के लिए एक गंभीर खतरा है। शरीफ ने कहा कि वे पिछले साल ही यूएन के मंच से चेतावनी दे चुके थे कि पाकिस्तान किसी बाहरी हमले को सहने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी चेतावनी सच साबित हुई। इस साल मई में बिना उकसावे के पाकिस्तान पर हमला हुआ। शहबाज का यह बयान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के फटकार के बाद आया है।


**कार्यक्रम** संयुक्त राष्ट्र में दिया संदेश, ध्यान को मन से अनावश्यक बोझ हटाने की सरल प्रक्रिया बताया

# आज वैश्विक जरूरत बन चुका है ध्यान: श्रीश्री रविशंकर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**विश्व** ध्यान दिवस के अवसर पर वैश्विक आध्यात्मिक गुरु गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर ने संयुक्त राष्ट्र के जिनेवा मुख्यालय से दुनिया को ध्यान अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि कभी वर्जित मानी जाने वाली ध्यान साधना आज मानसिक शांति और वैश्विक सद्भाव के लिए अनिवार्य बन चुकी है। भारत के स्थायी मिशन, जिनेवा और द आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में




श्रीश्री रवि शंकर ने कहा कि ध्यान केवल व्यक्तिगत कल्याण तक सीमित नहीं है, बल्कि तनाव, संघर्ष और अनिश्चितता से जूझते समाजों के लिए भी प्रभावी समाधान है। उन्होंने बताया कि बढ़ती चिंता, बर्नआउट और अकेलेपन के दौर में मन को स्थिर करना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

माइंडफुलनेस और ध्यान के अंतर को स्पष्ट करते हुए गुरुदेव ने कहा कि माइंडफुलनेस रास्ता है और ध्यान मंजिल। ध्यान भीतर की गहराई में ले जाकर वह शांति देता है, जिसकी आज सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने ध्यान को मन से अनावश्यक बोझ हटाने की सरल प्रक्रिया बताया।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि अरिंदम बागची ने कहा कि वैश्विक अविश्वास और संघर्ष के माहौल में ध्यान सहानुभूति और संवाद को मजबूत करने का माध्यम बन सकता है।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष 21 दिसंबर को 'द वर्ल्ड मेडिटेट्स विद गुरुदेव' पहल के तहत 85 लाख से अधिक लोगों ने एक साथ ध्यान किया था, जिससे छह गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बने।

गुरुदेव ने विश्व ध्यान दिवस के प्रस्ताव का समर्थन करने वाले 192 देशों का आभार भी जताया। श्रीश्रीरविशंकर 19 दिसंबर को न्यूयार्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय से संबोधन देंगे, जबकि 21 दिसंबर को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के ओक्यूलस से सामूहिक ध्यान का मार्गदर्शन करेंगे।

## म्यांमार में आया 4.4 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी, नाएप्यीडॉ (म्यांमार)।** म्यांमार में वीरवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.4 मापी गई। भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने इसकी पुष्टि की है। भूकंप के कारण किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। म्यांमार में 11 और 10 दिसंबर को भी भूकंप के झटके महसूस किए जा चुके हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र 26.07 उत्तर अक्षांश और 97.00 पूर्व देशांतर पर था। भूकंप 100 किलोमीटर की गहराई पर दर्ज किया गया। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय नौसेना के संसटिव इलाके में मिला चाइनीज जीपीएस से लैस समुद्री पक्षी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कर्नाटक** के उत्तर कन्नड़ के कारवार इलाके में एक समुद्री पक्षी मिला है, जिसके शरीर पर चाइनीज जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस लगा हुआ है। यह पक्षी उस इलाके में मिला है, जो भारतीय नौसेना के संवेदनशील क्षेत्र के करीब है। चाइनीज जीपीएस वाले पक्षी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों और वन विभाग तुरंत अलर्ट हो गया और मामले की गंभीरता से जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार, मंगलवार को तटीय समुद्री पुलिस सेल को कारवार के रवींद्रनाथ टैगोर बीच पर एक सीगल (समुद्री पक्षी) के शरीर



से चाइनीज जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस बरामद की गई। हालांकि, प्रारंभिक जांच में अब तक जासूसी गतिविधि से जोड़ने के कोई ठोस सबूत नहीं मिले हैं।

जांच के दौरान अधिकारियों ने पाया कि सीगल के शरीर पर एक जीपीएस ट्रैकर बंधा हुआ था। इस उपकरण में एक इलेक्ट्रॉनिक यूनिट और एक छोटा सौर पैनल लगा हुआ था। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### जम्मू-कश्मीर ने संतोष ट्रॉफी टीम की चयन प्रक्रिया के लिए बनाई समिति

एजेंसी, जम्मू। जम्मू और कश्मीर सरकार ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता संतोष ट्रॉफी 2025 के लिए जम्मू-कश्मीर की फुटबॉल टीम के चयन की प्रक्रिया की जांच के लिए समिति का गठन किया है। जम्मू-कश्मीर खेल परिषद ने संतोष ट्रॉफी के लिए राज्य की फुटबॉल टीम का चयन किया था, लेकिन जम्मू क्षेत्र में टीम के चयन पर भेदभाव करने के आरोप लगाए गए जिसके कारण प्रदर्शन भी हुए। खेल मंत्री सतीश शर्मा ने टीम चयन की समयबद्ध और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। भाजपा ने जम्मू क्षेत्र के साथ भेदभाव का आरोप लगाया और उनके इस्तीफे की मांग की थी। सरकार की तरफ से जारी एक आदेश में कहा गया था कि इस मामले में समयबद्ध तरीके से तथ्यों का पता लगाने के लिए दो सदस्यीय समिति के गठन को मंजूरी दे दी गई है। इस समिति की अध्यक्षता युवा कल्याण एवं खेल विभाग की महानिदेशक अनुराधा गुप्ता करेंगी। आदेश में कहा गया है कि समिति को चयन प्रक्रिया की विस्तृत जांच करने, निष्कर्षों के आधार पर सिफारिशें देने और सात दिन के अंदर रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है। आरोपों के अनुसार संतोष ट्रॉफी के लिए जम्मू कश्मीर की टीम में चुने गए 20 खिलाड़ियों में से केवल एक ही जम्मू क्षेत्र से है, जबकि बाकी सभी खिलाड़ी कश्मीर से हैं। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय निशानेबाजी लीग में नई फ्रेंचाइजी हुई शामिल

एजेंसी, नई दिल्ली। अगले साल 16 से 26 फरवरी तक होने वाली भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) में गुरुवार को यूपी प्रोमेथियंस के रूप में नई फ्रेंचाइजी को शामिल किया गया। यह टीम नोएडा स्थित प्रोमेथियस स्कूल की है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव ने कहा, ''उत्तर प्रदेश में खेल की अपार संभावनाएं हैं तथा एक मजबूत शैक्षणिक और विकास के मूल मंत्र से प्रेरित फ्रेंचाइजी के जुड़ने से लीग का महत्व बढ़ गया है।'' एसएलआई में पिस्टल, राइफल और शॉटगन की स्पर्धाओं में मिश्रित टीम प्रारूप में खेलने वाले शीर्ष भारतीय और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में कई श्रेणियों में टीम स्पर्धाएं होंगी। लीग चरण के लिए टीमों को दो वर्गों में बांटा जाएगा जिसके बाद नॉकआउट राउंड के मुकाबले होंगे। खिलाड़ियों का चयन चार श्रेणियों एलीट चैंपियंस, वर्ल्ड एलीट, राष्ट्रीय चैंपियन तथा जूनियर एवं युवा में किया जाएगा। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टार खिलाड़ियों, भारतीय निशानेबाजों और उभरती प्रतिभाओं के संयोजन वाली टीम तैयार की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### निशानेबाज राणा का स्वर्णिम प्रदर्शन आईएसएसएफ टॉप-5 में शामिल

एजेंसी, नई दिल्ली। काहिरा में पिछले महीने हुई विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय पिस्टल निशानेबाज सम्राट राणा के प्रदर्शन को अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने वर्ष के शीर्ष पांच सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में शामिल किया है। हरियाणा के करनाल के रहने वाले 20 वर्षीय सम्राट राणा ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। वह इस स्पर्धा में सीनियर वर्ग का व्यक्तिगत विश्व खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने। राणा ने इसी प्रतियोगिता में ईशा सिंह के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक भी अपने नाम किया। आईएसएसएफ के अनुसार, राणा ने फाइनल में चीन के हू काई को हराकर दबाव में असाधारण संयम का परिचय दिया। अंतिम चरण में पिछड़ने के बावजूद उन्होंने शानदार स्कोर के साथ वापसी की और स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे। आईएसएसएफ ने उनके इस प्रदर्शन को सत्र के सबसे यादगार प्रदर्शनों में से एक बताया। (अनंत ज्ञान)

### अप्सरा से कम नहीं है आलोंसो

पैराग्वे: लुआना आलोंसो पैराग्वे की स्विमर हैं, जो कि सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। लुआना सही मायने में किसी अप्सरा से कम नहीं लगती हैं। उन पर हर तरह का आउटफिट बेमिसाल लगता है।



## टी20 सीरीजः अहमदाबाद में होगा मुकाबला, सूर्यकुमार के प्रदर्शन पर होगी निगाह

# भारत-द. अफ्रीका के बीच निर्णायक जंग आज

एजेंसी, अहमदाबाद



चयन को लेकर उठे सवालों और कुछ कमजोरियों के उजागर होने के बीच भारत शुक्रवार को यहां होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत दर्ज कर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज का सकारात्मक अंत करने की कोशिश करेगा। टेस्ट सीरीज में 0-2 से हारने के बाद भारत ने वनडे सीरीज जीतकर शानदार वापसी की थी। इसके बाद टी20 सीरीज में उसने 2-1 की अजेय बढ़त बना ली है। बुधवार को लखनऊ में खराब मौसम के कारण चौथा मैच रद्द हो गया था। सीरीज में बढ़त से मुख्य कोच गौतम गंभीर को राहत जरूर मिली है, लेकिन टीम के लिए चिंता का विषय कप्तान सूर्यकुमार यादव और शुभमन गिल की खराब फॉर्म है। सूर्यकुमार यादव इस साल टी20 में 18 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बना सके हैं और उनका औसत 15 से भी कम रहा है। शुभमन गिल भी छोटे प्रारूप में संघर्ष कर रहे हैं और अभ्यास के दौरान चोटिल होने के कारण उनका अंतिम मैच में खेलना संदिग्ध है। ऐसे में भारतीय टीम कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगी और संजू सैमसन को सलामी बल्लेबाज के तौर पर मौका मिल सकता है। सैमसन ने अपने तीनों टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक शीर्ष क्रम पर खेलते हुए बनाए हैं।

टीम संयोजन की बात करें तो हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे जैसे ऑलराउंडर टीम को संतुलन दे रहे हैं। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा प्रभावी रहे हैं, जबकि जसप्रीत बुमराह निजी कारणों से तीसरा मैच नहीं खेल पाए थे लेकिन अब टीम से जुड़ चुके हैं।

अहमदाबाद की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल मानी जाती है, जिससे भारत के सबसे सफल गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के सामने चुनौती रहेगी।

दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज अब तक निरंतर प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। सीरीज बराबर करने के लिए उन्हें हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। टीम शीर्ष क्रम में रीजा हेंड्रिक्स की जगह एडेन मार्करम को वापस ला सकती है। युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दक्षिण अफ्रीका के लिए गेंदबाजी में लुंगी एनगिडी और ओटनील बार्टमैन प्रभावी रहे हैं, लेकिन मार्को यानसन की आक्रामक बल्लेबाजी की कमी टीम को खल रही है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, शाहबाज अहमद, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती।

**दक्षिण अफ्रीकाः** एडेन मार्करम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रीजा हेंड्रिक्स, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, कॉर्बिन बॉश, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, जॉर्ज लिंडे, ओटनील बार्टमैन, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, एनरिक नोर्किया, लूथो सिपाम्ला।

## बुमराह के एक्शन और तेज गति के कारण उनके लिए कार्यभार प्रबंधन जरूरीः उथप्पा

एजेंसी, लखनऊ



पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा का मानना है कि भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का एक्शन और तेज गति उनके शरीर पर अत्यधिक दबाव डालती है और उन्हें पूरी तरह से फिट रखने के लिए उनका कार्यभार का प्रबंधन करना बेहद जरूरी हो जाता है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में बुमराह को आराम दिया गया था और उन्होंने पांच मैचों की टी20 सीरीज में वापसी की। उथप्पा ने कहा, ''वह बेमिसाल मैच विजेता हैं और उनके कार्यभार का प्रबंध करना बेहद जरूरी है। तेज गेंदबाजी शायद इस खेल का सबसे मुश्किल कौशल है और बुमराह इसे बेहद तेज गति से और चुनौतीपूर्ण एक्शन के साथ करते हैं।''

उन्होंने कहा, ''आप उनको पूरी तरह से फिट बनाए रखना चाहते हैं लेकिन साथ ही आप यह भी चाहते हैं कि वह पर्याप्त क्रिकेट खेलें। हम सभी उनकी प्रतिभा से वाकिफ है और उम्मीद है कि वह विश्व कप से पहले होने वाले मैचों में निरंतरता बनाए रखने में सफल रहेंगे।'' दक्षिण अफ्रीका का प्रदर्शन अभी तक उतार चढ़ाव वाला रहा है लेकिन इसके पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा कि उनकी टीम ने भारत दौरे पर उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है।

स्टेन ने कहा, ''टेस्ट सीरीज जीतना शानदार रहा और उन्होंने वनडे में भी कड़ी चुनौती पेश की। पहले वनडे में टॉस जीतने के बावजूद वह हार गए थे। अगर वे वह मैच जीत जाते, तो वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम कर सकते थे।'' इस दिग्गज तेज गेंदबाज ने कहा कि अगर भारत टी20 सीरीज जीतता है तो वह इसका हकदार है।

उन्होंने कहा, ''अब तक खेले गए तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत बेहतर टीम रही है। एक मैच में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को सस्ते में आउट कर दिया, दूसरे में रन लुटाए, लेकिन धर्मशाला में फिर से दबदबा कायम किया। अगर भारत यह सीरीज जीतता है, तो मैं कहूंगा कि उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। वे इसके हकदार हैं। लेकिन मुझे उम्मीद है कि दक्षिण अफ्रीका वापसी करेगा। उनका यह दौरा शानदार रहा है।'' (अनंत ज्ञान)

## डब्ल्यूएफआई ने राष्ट्रीय शिविर में भागीदारी की अनिवार्य

एजेंसी, नई दिल्ली

**व्यक्तिगत अभ्यास कर रहे पहलवानों को छूट**

भारतीय कुश्ती महासंघ ने नयी चयन नीति लागू की है जिसके तहत राष्ट्रीय चयन के लिये राष्ट्रीय शिविरों में भागीदारी अनिवार्य है। हालांकि, व्यक्तिगत अभ्यास कर रहे पहलवानों को इससे छूट रहेगी। इसके साथ ही ओलंपिक खेलों में कोटा जीतने वाले पहलवानों को एक दौर के अंतिम चयन ट्रायल में भाग लेना होगा।

डब्ल्यूएफआई की आम परिषद की हाल ही में अहमदाबाद में हुई बैठक में इस नीति को मंजूरी दी गई। इसे फीडबैक और समीक्षा लिये भारतीय खेल प्राधिकरण को भी दिया गया है। नीति में कहा गया,''राष्ट्रीय कोचिंग शिविरों में भागीदारी सभी पहलवानों के लिए अनिवार्य होगी जिसमे एलीट और दिग्गज पहलवान शामिल हैं। शिविर में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीतना जरूरी है।'' इसमे कहा गया,''एक बार चुने जाने पर पहलवानों को राष्ट्रीय शिविर में अभ्यास करना होगा। किसी को दूसरे किसी स्थान पर व्यक्तिगत अभ्यास की अनुमति नहीं होगी।'' इसके मायने हैं कि हाल ही में संन्यास से वापसी का फैसला लेने वाली विनेश फोगाट को राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिये घरेलू स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा। नीति में स्पष्ट है कि शिविर में भाग नहीं लेने पर पहलवान चयन ट्रायल में भाग नहीं ले सकेंगे। नीति में रिजर्व पहलवान रखने का भी प्रावधान है, जो चयनित पहलवान के चोटिल होने पर खेल सकेंगे। इसमे यह भी स्पष्ट किया गया है कि चयन ट्रायल में पिछला प्रदर्शन ध्यान नहीं रखा जाएगा। नीति में यह भी कहा गया है कि ओलंपिक, एशियाई खेलों, उपमहाद्वीपीय चैंपियनशिप और विश्व चैंपियनशिप जैसी बड़ी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए ट्रायल अनिवार्य होंगे। (अनंत ज्ञान)

## लैथम और कॉनवे की रिकॉर्ड साझेदारी से न्यूजीलैंड मजबूत

एजेंसी, माउंट माउंगानुई (न्यूजीलैंड)



कप्तान टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे के बीच पहले विकेट के लिए रिकार्ड साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन गुरुवार को एक विकेट पर 334 रन बनाए। पहले दिन का खेल समाप्त होने से तीन ओवर पहले लैथम 137 रन बनाकर आउट हो गए। स्टंप उखड़ने के समय कॉनवे 178 रन पर खेल रहे थे जबकि नाइटवॉचमैन जैकब डफी ने नौ रन बनाए थे।

लैथम और कॉनवे ने पहले विकेट के लिए 323 रन जोड़े जो न्यूजीलैंड की तरफ से पहले विकेट के लिए दूसरी सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। यह 2025 में किसी भी टीम की तरफ से किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। लैथम ने दूसरी नई गेंद आने के तुरंत बाद स्लिप में कैच देने से पहले 245 गेंदों का सामना किया तथा 15 चौके और एक छक्का लगाया। कॉनवे ने अब तक 279 गेंदों का सामना किया है और उन्होंने 25 चौके लगाए हैं। उन्होंने दिन भर बल्लेबाजी की जिससे वह अपने सर्वोच्च टेस्ट स्कोर (2021 में इंग्लैंड के खिलाफ अपने पदार्पण मैच में बनाए गए 200 रन) के करीब पहुंच गए हैं।

लैथम का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला साहसिक था, क्योंकि बे ओवल की पिच हरी थी। वेस्टइंडीज के गेंदबाज हालांकि, इसका फायदा नहीं उठा पाए तथा लैथम और कॉनवे ने शानदार बल्लेबाजी का नजारा पेश करके फैसले को सही साबित करके कैरेबियाई टीम को बैकफुट पर भेज दिया। न्यूजीलैंड के लिए आखिरी बार दोनों सलामी बल्लेबाजों ने 2019 में टेस्ट मैच में शतक बनाए थे, जब हैमिल्टन में बांग्लादेश के खिलाफ लैथम ने 161 और जीत रावल ने 132 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड की तरफ से छठी बार पहले विकेट के लिए 200 या इससे अधिक रन की साझेदारी निभाई गई। लैथम इनमें से दो में शामिल रहे हैं।

न्यूजीलैंड की तरफ से पहले विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी का रिकॉर्ड ग्लेन टर्नर और टेरी जार्विस के नाम पर है जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ ही 1972 में जॉर्जटाउन में 387 रन की साझेदारी की थी। कॉनवे ने 147 गेंदों में शतक बनाया, जिसमें 17 चौके शामिल थे। यह उनके करियर का छठा शतक था। पिछली छह पारियों में दूसरा शतक था। लैथम ने टेस्ट क्रिकेट में अपना 15वां और वर्तमान सीरीज का दूसरा शतक 183 गेंदों में नौ चौकों और एक छक्के की मदद से पूरा किया। न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था जबकि न्यूजीलैंड ने दूसरा टेस्ट नौ विकेट से जीता। (अनंत ज्ञान)

## बेयरस्टो-राशिद की मदद से एमआई एमिरेट्स ने दुबई कैपिटल्स को हराया

एजेंसी, दुबई। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो की 67 रन की शानदार पारी और राशिद खान की उम्दा गेंदबाजी की मदद से एमआई एमिरेट्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के कम स्कोर वाले मैच में दुबई कैपिटल्स पर सात रन की रोमांचक जीत हासिल की।

बेयरस्टो (40 गेंदों में 67 रन) के अर्द्धशतक के बावजूद एमआई एमिरेट्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 137 रन ही बना पाई। कैपिटल्स की तरफ से मुस्तफिजुर रहमान ने 34 रन देकर तीन जबकि जवाडुल्लाह ने सात रन देकर दो विकेट लिए। दुबई कैपिटल्स की टीम छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गई और निर्धारित 20 ओवर में 130 रन बनाकर आउट हो गई। उसकी तरफ से जॉर्डन कॉक्स ने 46 और शयान जहांगीर ने 34 रन बनाए। राशिद खान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए एमआई एमिरेट्स की जीत में अहम भूमिका निभाई। अफगानिस्तान के इस लेग स्पिनर ने 14 रन देकर दो विकेट लिए। उनके अलावा रोमारियो शेफर्ड और नवीन उल हक ने भी दो-दो विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)

## पीएसजी ने फ्लेमेंगो को हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता

एजेंसी, दोहा



मात्वेई सफोनोव ने पेनल्टी शूटआउट में लगातार चार पेनल्टी बचाई जिससे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में फ्लेमेंगो को हराकर वर्ष 2025 में अपनी छठी ट्रॉफी जीती।

निर्धारित और अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबर था जिसके बाद पीएसजी ने पेनल्टी शूटआउट में 2-1 से जीत हासिल की। मैच खत्म होते ही रूसी गोलकीपर सफोनोव को उनके साथियों ने हवा में उछाल दिया। पीएसजी ने इस तरह से वर्ष 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने इससे पहले डेस चैंपियंस, फ्रेंच लीग, फ्रेंच कप, चैंपियंस लीग और यूईएफए सुपर कप जीता था।

ख्विचा क्वारात्सखेलिया ने 38वें मिनट में पीएसजी को बढ़त दिलाई, जिसके बाद 62वें मिनट में जोर्जिन्हो ने पेनल्टी को गोल में बदलकर ब्राजील के क्लब फ्लेमेंगो को बराबरी दिलाई। (अनंत ज्ञान)

## राज्यसभा में गूंजा भारतीय फुटबॉल का भविष्य

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल के गिरते स्तर और उसके भविष्य का मुद्दा गुरुवार को राज्यसभा में उठा। कांग्रेस सांसद जोस के मणि ने खेल मंत्री मनसुख मांडविया से फुटबॉल के लिए सरकार की दीर्घकालिक योजना को लेकर सवाल किया। उन्होंने कुराकाओ जैसे छोटे देश के फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का हवाला देते हुए भारत की स्थिति पर चिंता जताई। मणि ने पूछा कि देश में फुटबॉल प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए जमीनी स्तर पर क्या कदम उठाए गए हैं। जवाब में मांडविया ने कहा कि किसी खेल के विकास और विश्व कप के लिए तैयारी की जिम्मेदारी संबंधित राष्ट्रीय खेल महासंघ की होती है। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के पास पुरुष और महिला टीमों के लिए दीर्घकालिक योजना मौजूद है। मांडविया ने यह भी बताया कि अप्रैल 2024 तक खेलो इंडिया योजना के तहत 28,214 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## आईएसपीएलः सह मालिक और मेंटर के रूप में टाइगर्स ऑफ कोलकाता से जुड़े सौरव गांगुली

एजेंसी, कोलकाता। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) के तीसरे सत्र से पूर्व सह मालिक और मेंटर के रूप में टाइगर्स ऑफ कोलकाता के साथ जुड़ गए। लीग का अगला सत्र सूरत में नौ जनवरी से छह फरवरी तक खेला जाएगा। आईएसपीएल का टी10 टेनिस गेंद प्रारूप गली क्रिकेट से जुड़ा है। इसका लक्ष्य गली स्तर के प्रतिभावान खिलाड़ियों की काबिलियत को एक टिकाऊ और लंबे समय तक चलने वाले क्रिकेटिंग सफर में बदलना है। गांगुली ने कहा, ''मैं इस नई यात्रा को शुरू करने के लिए उत्साहित हूं। टेनिस गेंद क्रिकेट हमेशा से खेल की जड़ों के करीब रहा है। यह बुनियाद पूरे कोलकाता और विशेष रूप से पूर्व में बहुत मजबूत है।''

उन्होंने कहा, ''मेरा ध्यान इन खिलाड़ियों की स्वाभाविक क्षमता को मैच जीतने वाली आदतों में बदलने में मदद करना होगा। साथ ही प्रगति के लिए एक साफ रास्ता बनाना होगा। विकास के लिए स्पष्टता, भरोसे और धैर्य की जरूरत होती है और मुझे खुशी है कि मैं ऐसे ढांचे का हिस्सा हूं जो इन तीनों को अहमियत देता है।'' (अनंत ज्ञान)

## फुटबॉल विश्व कप विजेता को मिलेगी पांच करोड़ डॉलर की पुरस्कार राशि

एजेंसी, मेनचेस्टर



विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने घोषणा की कि 2026 में होने वाले विश्व कप के विजेता को 655 मिलियन डॉलर की कुल पुरस्कार राशि में से 50 मिलियन डॉलर (पांच करोड डॉलर) मिलेंगे। अर्जेंटीना को 2022 में चैंपियन बनने पर 42 मिलियन डॉलर और फ्रांस को 2018 में विश्व कप जीतने पर 38 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि मिली थी, जिसमें इस बार बढ़ोतरी तो हुई है, लेकिन यह राशि इस साल अपेक्षाकृत कम चर्चित क्लब विश्व कप जीतने के लिए चेल्सी को मिली पुरस्कार राशि से आधे से भी कम है।

क्लब विश्व कप की कुल पुरस्कार राशि एक अरब डॉलर थी। चेल्सी को चैंपियन बनने पर 125 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि मिली थी। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में 11 जून से 19 जुलाई तक होने वाले विश्व कप के लिए कुल पुरस्कार राशि कतर में 2022 में आयोजित किए गए टूर्नामेंट के लिए निर्धारित 440 मिलियन डॉलर की तुलना में 48.9 प्रतिशत अधिक है।

विश्व कप 2026 की कुल पुरस्कार राशि ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2023 में खेले गए महिला विश्व कप की 110 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि से लगभग छह गुना अधिक होगी। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने अगले विश्व कप में पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए समान पुरस्कार राशि का लक्ष्य निर्धारित किया है। अगला महिला विश्व कप 2027 में ब्राजील में होगा। (अनंत ज्ञान)

## एशेज टेस्ट — तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड 213/8, ऑस्ट्रेलिया को 158 रन की बढ़त

# लियोन-कमिंस की धार से ऑस्ट्रेलिया मजबूत

एजेंसी, एडिलेड



नाथन लियोन के रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन और वापसी करने वाले कप्तान पैट कमिंस की सटीक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एशेज टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को मुकाबले पर मजबूत पकड़ बना ली। दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में आठ विकेट पर 213 रन बना लिए थे और वह ऑस्ट्रेलिया से 158 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 371 रन बनाए थे।

इंग्लैंड की उम्मीदें कप्तान बेन स्टोक्स पर टिकी हैं, जो 151 गेंदों पर 45 रन बनाकर नाबाद हैं। उनके साथ जोफ्रा आर्चर 30 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। एक समय इंग्लैंड का स्कोर आठ विकेट पर 168 रन था और लग रहा था कि उसकी पारी दूसरे दिन ही सिमट जाएगी, लेकिन स्टोक्स और आर्चर ने अंतिम 14 ओवर में कोई विकेट नहीं गिरने दिया। दोनों ने नौवें विकेट के लिए अब तक 45 रन जोड़े हैं।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने सुबह आठ विकेट पर 326 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। जोफ्रा आर्चर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 53 रन देकर पांच विकेट लिए और मिचेल स्टार्क (54) व नाथन लियोन (9) को आउट कर पारी में अपना पांचवां विकेट पूरा किया। स्कॉट बोलैंड 14 रन बनाकर नाबाद रहे।

लियोन ने अपनी गेंदबाजी से इतिहास रचते हुए पहले ही ओवर में दो विकेट लेकर ग्लेन मैकग्रा को पीछे छोड़ दिया और ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में दूसरे सबसे सफल गेंदबाज बन गए। उन्होंने अब तक 51 रन देकर दो विकेट लिए हैं। कमिंस ने 54 रन देकर तीन और बोलैंड ने 31 रन देकर दो विकेट हासिल किए। सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले मिचेल स्टार्क को इस पारी में कोई सफलता नहीं मिली।

**लियोन ने मैकग्रा को छोड़ा पीछे**

इंग्लैंड ने पारी की शुरुआत अच्छी की थी और बिना नुकसान के 37 रन बना लिए थे, लेकिन कमिंस ने जैक क्रॉली (9) को आउट कर सीरीज का अपना पहला विकेट लिया। इसके बाद इंग्लैंड ने 15 गेंदों पर पांच रन के भीतर तीन विकेट गंवा दिए।

ऑफ स्पिनर लियोन ने 10वें ओवर में ओली पोप (3) और बेन डकेट (29) को लगातार चार गेंदों के भीतर आउट कर इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया। पोप को जोश इंग्लिस ने मिडविकेट पर शानदार कैच पकड़ा। इसी ओवर में डकेट को बोल्ड कर लियोन ने मैकग्रा के 563 टेस्ट विकेटों का रिकॉर्ड पार कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में अब लियोन से आगे केवल महान शेन वार्न हैं, जिन्होंने 145 टेस्ट में 708 विकेट लिए थे। ब्रिस्बेन टेस्ट से बाहर रहने के बाद लियोन ने शानदार वापसी की है। कमिंस ने जो रूट (19) को आउट किया, जबकि कैमरन ग्रीन ने अपनी तीसरी गेंद पर हैरी ब्रूक (45) को एलेक्स कैरी के हाथों कैच करा दिया। पांच टेस्ट मैचों की एशेज सीरीज में इंग्लैंड पहले ही 0-2 से पीछे है। अगर उसे ट्रॉफी जीतने की उम्मीदें जिंदा रखनी हैं तो इस टेस्ट में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। (अनंत ज्ञान)